वर्ष 72 ▸ अंक 333 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 31 अगस्त, 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 08, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
Sunday
www.dainikjagranmpcg.com

## ऑफ बीट

### रिकॉर्ड: उगाया दुनिया का सबसे बड़ा बैंगन



*बैंगन केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में खाया जाता है। यह कई व्यंजनों की मुख्य सामग्री रहती है। अमेरिका के एक व्यक्ति ने एक विशाल बैंगन उगाया है, जिसका वजन एक बिल्ली के बराबर है। यह कमाल एरिक गनस्ट्रोम नाम के व्यक्ति ने किया है, जो अमेरिका के पेंसिल्वेनिया के निवासी हैं। इसका कुल वजन 3.969 किलोग्राम है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा बैंगन बन गया है। इस बैंगन के जरिए गनस्ट्रोम का नाम गिनीज बुक में शामिल हो गया है। 19 अगस्त को उन्होंने 'सबसे भारी बैंगन' उगाने का खिताब अपने नाम किया था।*

## संक्षिप्त खबरें

### यूएस वीजा: थर्ड-पार्टी पासपोर्ट कलेक्शन बंद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका ने भारत में वीजा आवेदकों के लिए तीसरे पक्ष (थर्ड-पार्टी) के जरिए पासपोर्ट संग्रह की सुविधा समाप्त कर दी है। अब आवेदक को केवल दो विकल्प दिए गए हैं। पहला वे स्वयं पासपोर्ट/वीजा लेकर जाएं। दूसरा, घर/ऑफिस पर डिलीवरी का विकल्प चुनें, जिसकी फीस 1200 रुपए प्रति आवेदक होगी। 18 वर्ष से कम उम्र के आवेदक अपना पासपोर्ट खुद नहीं ले सकेंगे। इसके लिए माता-पिता या अभिभावक को ही पासपोर्ट लेना होगा। साथ ही, दोनों अभिभावकों द्वारा हस्ताक्षरित मूल सहमति पत्र और आवश्यक पहचान पत्र अनिवार्य होंगे। स्कैन या ईमेल की कॉपी स्वीकार नहीं होगी।

### संसद में लगेंगे पुरी की रथ यात्रा के तीन पहिए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद परिसर जल्द ही एक और सांस्कृतिक धरोहर का गवाह बनने जा रहा है। पुरी जगन्नाथ रथ यात्रा के तीन रथों के पहिए संसद भवन में स्थापित किए जाएंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के हाल ही में पुरी दौरे के दौरान यह प्रस्ताव रखा था, जिसे स्वीकार कर लिया। ये तीनों पहिए भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भगवान बलभद्र के रथों से लिए जाएंगे। प्रत्येक रथ से एक-एक पहिया दिल्ली भेजा जाएगा और इन्हें संसद परिसर में ओडिशा की सांस्कृतिक विरासत के स्थायी प्रतीक के रूप में स्थापित किया जाएगा। संसद में यह संस्कृति से जुड़ा दूसरा बड़ा प्रतीक होगा। इससे पहले मई 2023 में लोकसभा स्पीकर की कुर्सी के पास ऐतिहासिक सेंगोल को स्थापित किया गया था।

### 50 से कम हथियारों से झुकाया पाक को: तिवारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को युद्धविराम की मेज तक लाने के लिए भारत ने 50 से भी कम हथियारों का इस्तेमाल किया।

एक कार्यक्रम में तिवारी ने बताया कि ऑपरेशन शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में संभावित लक्ष्य थे, लेकिन अंततः 9 चुनिंदा ठिकानों पर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, 'युद्ध शुरू करना आसान है, लेकिन उसे खत्म करना कठिन होता है। हमारी रणनीति यही थी कि कम से कम हथियारों से अधिकतम प्रभाव डाला जाए और सीजफायर हासिल किया जाए।'

## 7 साल बाद चीन पहुंचे पीएम: एससीओ समिट के दौरान जिनपिंग-पुतिन से वार्ता तय

# रूस-चीन और भारत आज बनाएंगे अमेरिकी टैरिफ पर साझा रणनीति

**बीजिंग, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात साल बाद चीन पहुंचे हैं। वे यहां 31 अगस्त से 1 सितंबर तक होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में हिस्सा लेने आए हैं। मोदी इससे पहले 2019 में चीन गए थे। इस बार उनका दौरा इसलिए भी खास माना जा रहा है क्योंकि वे न सिर्फ समिट में भाग लेंगे, बल्कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय मुलाकात भी करेंगे। यह यात्रा उस समय हो रही है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों से जूझ रही है। ट्रंप ने हाल ही में भारत पर 50 फीसदी और चीन पर 30 फीसदी तक आयात शुल्क लगा दिया है। माना जा रहा है कि रविवार को रूस-चीन, भारत के साथ मिलकर अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ अपनी रणनीति का ऐलान कर सकते हैं।

कुछ हफ्ते पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था। उन्होंने शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात कर सीमा पर तनाव, जल संसाधन डेटा, व्यापार प्रतिबंध और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की थी। माना जा रहा है कि इस दौरे ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तय किया।

आखिरी बार दोनों नेताओं की मुलाकात अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान हुई थी। तब मोदी ने कहा था कि सीमा पर शांति और स्थिरता दोनों देशों की प्राथमिकता होनी चाहिए। शी जिनपिंग आखिरी बार 2019 में भारत आए थे, जब उन्होंने महाबलीपुरम में मोदी से मुलाकात की थी। दोनों ने आपसी विश्वास और सहयोग की बात की थी। इसलिए मौजूदा एससीओ बैठक मोदी-जिनपिंग रिश्तों को नया मोड़ दे सकती है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की स्थापना 2001 में चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने की थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में सदस्य बने और 2023 में ईरान भी शामिल हुआ।

इस संगठन का मकसद सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और राजनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है। आतंकवाद, उग्रवाद, ड्रग तस्करी और साइबर अपराध जैसे मुद्दों पर यह साझा रणनीति बनाता है। मोदी और पुतिन की मुलाकात भी महत्वपूर्ण होगी। इस दौरान दिसंबर में पुतिन की भारत यात्रा पर चर्चा हो सकती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत और रूस ऊर्जा और रक्षा सहयोग को और मजबूत करना चाहते हैं। यह समिट ऐसे समय हो रही है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीतियों से वैश्विक व्यापार पर गहरा संकट है।



बीजिंग एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का लाल कालीन बिछाकर स्वागत किया गया। पारंपरिक चीनी कलाकारों ने लोकनृत्य प्रस्तुत किया। एक चीनी बच्ची ने गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान भारतीय और चीनी अधिकारी मौजूद थे।

### इसलिए अहम है पीएम मोदी की यह यात्रा

**तनाव घटाने का अवसर:** ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि मोदी की यह यात्रा भारत-चीन के बीच पिछले कुछ वर्षों से बने तनाव को कम करने और द्विपक्षीय बातचीत को बढ़ावा देने का मौका हो सकती है।

**अमेरिकी दबाव का जवाब:** चीन इस समिट को अमेरिका के नेतृत्व वाले ग्लोबल ऑर्डर का विकल्प पेश करने का मंच बनाना चाहता है। रूस, ईरान और भारत जैसे देशों की मौजूदगी से यह संदेश जाएगा कि अमेरिकी दबाव नाकाम है।

**भारत का एजेंडा आतंकवाद:** जून 2025 में हुई SCO रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर नहीं किए थे क्योंकि उसमें पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र नहीं था। अब मोदी आतंकवाद के खिलाफ समर्थन जुटाने की कोशिश करेंगे।

### इस बार की समिट क्यों खास है?

- **गलवान के बाद पहली चीन यात्रा:** 2020 में गलवान संघर्ष के बाद यह मोदी की पहली चीन यात्रा है। पूरी दुनिया की नजर इस पर हैं।
- **ट्रंप की टैरिफ नीति:** अमेरिका ने कई एससीओ देशों पर भारी टैरिफ लगाया है। इससे समिट अमेरिकी दबाव के खिलाफ साझा रुख तय करने का मंच बन गई है।
- **अमेरिका की लीडरशिप को चुनौती:** जिनपिंग एससीओ को अमेरिकी विकल्प के रूप में देखना चाहते हैं।
- **भारत का फोकस-आतंकवाद:** भारत पाक की मौजूदगी के बावजूद आतंकवाद का मुद्दा उठाएगा।
- **20 से ज्यादा देशों की भागीदारी:** इस बार एससीओ में 20 से अधिक देश शामिल होंगे।
- **भारत-चीन रिश्तों में सुधार :** गलवान के बाद दोनों देशों ने सीमित स्तर पर विश्वास बहाली की कोशिश की है।

## ग्वालियर टूरिज्म कान्क्लेव: सीएम ने दिए एलओए

# 35 सौ करोड़ के एमओयू पर्यटन को लगेंगे पंख



**जागरण, ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर में रीजनल टूरिज्म कान्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा है कि पर्यटन किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाता है। इससे राष्ट्रीय आय तो बढ़ती ही है, बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं। पर्यटन और तीर्थाटन, ये हमारे देश और विशेषकर मध्यप्रदेश की समृद्धि के प्रमुख प्रवेश द्वार हैं। मध्यप्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों को जोड़कर पर्यटन क्षेत्र के विस्तार और संवर्धन के लिए लगातार प्रयासरत है। इस ग्वालियर पर्यटन कॉन्क्लेव में करीब 3500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें से 6 निवेशकों को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने काँक्लेव में ही लैटर ऑफ अलॉटमेंट प्रदान किए। इनसे प्रदेश में 60 करोड़ से अधिक का निवेश और बड़ी संख्या में रोजगार प्राप्त होंगे। ग्वालियर के राजमाता सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के दिल मध्यप्रदेश को वैश्विक पहचान की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के उद्देश्य से पर्यटन विकास को विशेष महत्व दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरें विश्व स्तर पर आकर्षण का केंद्र हैं। इनके संरक्षण और प्रचार-प्रसार से प्रदेश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेगा।

### 100 करोड़ से संवरेगा राजा मानसिंह का किला

सीएम डॉ. यादव ने इस अवसर पर ग्वालियर-चंबल की ऐतिहासिक धरोहर का महत्व बताते हुए कहाकि यहां राजा मानसिंह तोमर के काल में बना ऐतिहासिक किला दुनिया में पहचान रखता है। इसकी स्थापत्य कला अद्भुत है। बड़े-बड़े सत्ताधीशों को बुरे समय में इसी किले में बंदी बनाकर रखा गया। ग्वालियर के राजा मानसिंह किले में विभिन्न विकास कार्यों के लिए इंडिगो कंपनी द्वारा अपने कॉर्पोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी फंड (सीएसआर कोष) से 100 करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं। ग्वालियर संगीत सम्राट तानसेन और बैजू बावरा की विरासत है।

### 11 अक्टूबर से होने वाली ट्रैवल मार्ट का हिस्सा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में मेक इन इंडिया, मेड इन इंडिया और स्वदेशी पर भी जोर दिया। उन्होंने कहाकि यह कॉन्क्लेव 11 से 13 अक्टूबर तक भोपाल में होने वाली मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट की तैयारियों का हिस्सा है। यह ट्रैवल मार्ट टूरिज्म सैक्टर के लिए महत्वपूर्ण होगा। सीएम ने कहाकि प्रधानमंत्री मोदी अपने अभियानों के जरिए लोगों को स्वदेशी से स्वाबलंबन की ओर प्रवृत्त कर रहे हैं।

# पशु तस्करों ने पुलिस पर चलाई गोली शार्ट एनकाउंटर में दो बदमाश घायल

**जागरण, सतना।** भैंस चुरा रहे पशु तस्करों और पुलिस के बीच मध्य रात्रि में तीन बजे काली घाटी के पास मुठभेड़ हो गई। पशु तस्करों ने बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी शॉर्ट एनकाउंटर कर दो बदमाशों को घायल कर दिया। दोनों को पैर में गोली लगी है। पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। वहीं एसओजी जवान ज्ञानेश मिश्रा को भी चोट आई है।

**चित्रकूट का मामला, 5 बदमाश गिरफ्तार**

रात तीन बजे मुखबिर की सूचना पर मानिकपुर थाना पुलिस भैंस चोरी रोकने काली घाटी पर पहुंची थी। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में नूर आलम और जाफर अली के पैर में गोली लगी। नूर आलम कौशांबी के अलीगंज का रहने वाला है, जबकि जाफर अली सतना के खूंटी में रहता है। अन्य आरोपियों में सतना के नजीराबाद निवासी मोहम्मद अयान, नयागांव सभापुर के अंकुल यादव और मुख्तियार गंज के विजय सिंह चौहान शामिल हैं। चार आरोपी सतना जिले के ही रहने वाले हैं।

### बिना हेलमेट पेट्रोल न देने पर बदमाशों ने की फायरिंग

**जागरण, भिंड।** ग्वालियर-इटावा नेशनल हाइवे 719 पर स्थित पेट्रोल पंप संचालक को बिना हेलमेट के बाइक सवार को पेट्रोल नहीं देना महंगा पड़ गया। शनिवार सुबह करीब पांच बजे नाराज बाइक सवार युवकों ने पंप पर बंदूक और कट्टे से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसी दौरान एक गोली पंप संचालक के दाएं हाथ में लग गई। घायल संचालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो आरोपियों की पहचान कर ली है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

### सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी को एमपीसीए की कमान तय



**इंदौर, जेएनएन।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) की कमान सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी के हाथ में होगी। महाआर्यमन सिंधिया का एमपीसीए अध्यक्ष बनना तय हो गया है। एमपीसीए चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन की अंतिम तिथि थी, लेकिन महाआर्यमन के अलावा पद के लिए अन्य किसी ने भी नामांकन नहीं भरा है। इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मप्र क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं। महाआर्यमन एमपीसीए के सबसे युवा अध्यक्ष होंगे। नई कार्यकारिणी का चुनाव 2 सितंबर को होना है। 30 अगस्त तक नामांकन की अंतिम तिथि थी। नई कार्यकारिणी मंगलवार को एमपीसीए की एजीएम में तीन साल के लिए चुन ली जाएगी।

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

### सरकारी जगह उपयोग नहीं की, तो टैक्स नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा है कि यदि कोई मोटर वाहन सार्वजनिक स्थान पर उपयोग नहीं हो रहा है या उपयोग के लिए रखा नहीं गया है, तो उसके मालिक पर मोटर व्हीकल टैक्स का बोझ नहीं डाला जा सकता। अदालत ने साफ किया कि टैक्स का सीधा संबंध सार्वजनिक ढांचे (जैसे सड़क और राजमार्ग) के उपयोग से है। यह अपील आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश से जुड़ी थी। अपीलकर्ता कंपनी के वाहन डिस्पैच यार्ड में भारी सामान उठाने और लॉजिस्टिक सपोर्ट के लिए प्रयोग किए जाते थे। सुप्रीम कोर्ट ने इन्हें छूट दी है।

**टैरिफ** — टैरिफ नीति को अदालत ने बताया गैरकानूनी, 14 अक्टूबर तक का वक्त

# सुप्रीम कोर्ट में पहुंचेगी ट्रंप टैरिफ की जंग

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका की अपीलीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापक टैरिफ नीति को करारा झटका दिया है। अदालत ने कहा कि ट्रंप ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) के तहत अपने अधिकारों से आगे जाकर टैरिफ लगाए थे। हालांकि अदालत ने इन्हें तुरंत खत्म करने के बजाय 14 अक्टूबर तक अस्थायी रूप से जारी रखने की अनुमति दी है, ताकि व्हाइट हाउस सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सके। ट्रंप प्रशासन ने संकेत दिया है कि वह इस फैसले को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगा। फैसले के बाद ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा— 'अंततः अमेरिका ही जीतेगा।' इससे पहले न्यूयॉर्क की कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने भी मई में यही फैसला सुनाया था। ट्रंप ने 2 अप्रैल 2025 को 'लिबरेशन डे' के मौके पर सभी व्यापारिक साझेदारों पर 10 फीसदी बेसलाइन टैरिफ लगा दिया था।

अदालत का मौजूदा फैसला उन्हीं टैरिफ पर लागू होगा, जो आईईईपीए के तहत लगाए गए। ट्रंप के स्टील, एल्युमीनियम, ऑटो या चीन-विशेष टैरिफ प्रभावित नहीं होंगे क्योंकि वे अलग-अलग व्यापारिक कानूनों के अंतर्गत आते हैं। अदालत ने मूल रूप से 'राष्ट्रीय आपातकाल' पर फैसला दिया है। अदालत ने कहा कि व्यापार घाटे या मादक पदार्थों की तस्करी जैसी परिस्थितियों को राष्ट्रीय आपातकाल मानकर समूचे विश्व पर टैरिफ थोपना कानूनी रूप से उचित नहीं है।

### आईईईपीए में राष्ट्रपति को असीमित अधिकार नहीं: अदालत



यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द फेडरल सर्किट ने 7-4 के बहुमत से यह निर्णय दिया। अदालत ने माना कि आईईईपीए राष्ट्रपति को आपातकालीन परिस्थितियों में व्यापार पर नियंत्रण का अधिकार देता है, लेकिन इसमें कहीं भी टैरिफ लगाने का अधिकार स्पष्ट रूप से नहीं दिया गया है। जजों ने लिखा– 'यह कानून राष्ट्रपति को व्यावसायिक लेन-देन और संपत्ति के उपयोग पर व्यापक अधिकार देता है, लेकिन इसमें टैरिफ या कर लगाने का उल्लेख नहीं है। कांग्रेस ने राष्ट्रपति को असीमित अधिकार देने का इरादा नहीं किया था।'



# ग्रामोदय की प्रार्थना सभा में दिए गए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के टिप्स




जागरण, सतना

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आयोजित मासिक प्रार्थना सभा में अनिकेत शांडिल्यए आईएएसए सहायक कलेक्टर सतना ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के प्रभावी टिप्स देते हुए कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति हेतु परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ता के साथ साथ अपने को मानसिक रूप से भी तैयार करें। श्री शांडिल्य ने आज कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न सम्पन्न मासिक प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए आईएएस परीक्षा में अपनी सफलता के अनुभव साझा करते हुए उक्त आशय के विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रति बढ़ती महत्वाकांक्षा के कारण इस प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वालों को कैपेसिटी बिल्डिंग में ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज एजुकेशन प्रतियोगी परीक्षाओं के उपयुक्त समय है। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के ग्राम प्रवास और प्रार्थना सभा आदि कार्यक्रम को सराहा। श्री शांडिल्य ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की सलाह दी। इस मौके पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने ग्रामोदय संकल्पना और कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रोदय के गौरवपूर्ण लक्ष्य को लेकर ग्रामोदय विश्वविद्यालय अपनी गतिविधियों को संचालित कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों का आव्हान किया है कि अपनी दिनचर्या में पानी बचाने प्लास्टिक घटाने पेड़ लगाने स्वच्छता बढ़ाने और स्वदेशी अपनाने का संकल्प ले। प्रार्थना सभा का प्रारंभ कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा और मुख्य अतिथि अनिकेत शांडिल्य आईएएस द्वारा विद्यादायिनी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ।

## मोना चोपड़ा पंजाबी महिला मंडल की अध्यक्ष बनी



सतना। पंजाबी महिला मंडल की विशेष बैठक गत दिवस आयोजित की गई बैठक में कई विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया एवं सर्व सम्मति से नई कमेटी कागठन किया गया जिसमें वरिष्ठ समाजसेविका मोना चोपड़ा को महिला मंडल का अध्यक्ष चुना गया। पंजाबी महिला विकास समिति की वरिष्ठ मार्गदर्शक डॉ हरकिरण बाबा ने कहा हमारे मंडल ने अपने पंजाबी महिला विकास समिति की बागडोर बहुत ही अनुभवी हाथी में सौंपी है जो अन्य कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में अध्यक्ष की भूमिका निभा चुकी है।सभी वरिष्ठ सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए समाज के प्रति कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में प्रेम मोगिया नीना ओबेरॉय डॉ हरकिरण बाबा नीता खन्ना निशा अरोड़ा रुचिका खेड़ा रीमा कैला अनीता शर्मा रीना मोगिया सपना अरोड़ा उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व जहां कई महत्वपूर्ण पदो में रह चुकी है वहीं पंजाबी महिलामण्डल की सचिव भी रही है। जागरण से चर्चा करते हुये उन्होने कहा कि जो दायित्व उन्हे दिया गया है। उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन किया जायेगा।

# वेद और उपनिषदों के विद्वान गफ्फार मास्टर साहब नहीं रहे

### देश-विदेश के विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती हैं उनकी पुस्तकें



जागरण, रीवा। विंध्य के विख्यात विद्वान गफ्फार मास्टर साहब का लम्बी बीमारी उपरांत 95 वर्ष की अवस्था में सतना में निधन हो गया, जिससे समूचे विंध्य में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को उन्हें सतना कब्रिस्तान में सुपुर्दे-खाक किया गया। गफ्फार मास्टर साहब का निधन शिक्षा जगत व शोधकर्ताओं के लिए बड़ी क्षति है, जो पूरी नहीं की जा सकती। उन्होंने लगभग 145 शोधार्थियों को पी.एच.डी.कराई। गफ्फार मास्टर साहब उर्दू, अरबी, हिन्दी, संस्कृत, फारसी, अंग्रेजी, फ्रेंन्च, इटालियन सहित पस्तो भाषा के ज्ञानी थे। उनका कच्चा-अधबने घर लगभग पूरा पुस्तकालय ही था। उनके पुस्तकालय में दुनियाबी किताबों के साथ-साथ वेद-उपनिषद्, गीता, धार्मिक टीकायें, बाइबल, कुरान आदि धर्मों का संग्रह मौजूद था। वे जब वेद और उपनिषदों की व्याख्या करते थे तो बड़े-बड़े विद्वान चकित रह जाते। कोई उन्हें महात्मा कहता, कोई मुनि कहता तो कोई संत। गफ्फार मास्टर साहब ने ओम आश्रम की स्थापना की जहां वे लोगों को ज्ञान दिया करते थे। उनके पास उपाधियों की एक लम्बी फेहरिस्त के साथ आचार्य, वेदाचार्य, व्यकारणचार्य, आलिम, फाजिल, कामिल, वैद्य विशारद आदि कई डिग्रियाँ थीं। धनी परिवार के होते हुए भी सादा जीवन जीने का निश्चय किया क्योकि वे सूफी विचार धारा से बहुत प्रभावित थे। गफ्फार मास्टर साहब संम्पूर्ण जीवन काल दीन-हीन, दुखियारों की मदद करते रहे। उनके वेतन का तीन हिस्सा गरीबों की मदद मे खर्च होता था। उन्होंने विभिन्न भाषाओं में कई किताबें लिखीं, जो देश-विदेशों के विश्वविद्यालय में आज भी पढ़ाई जाती हैं।

## महर्षि कश्यप ऋषि पूजा-अर्चना सम्पन्न

सतना। कसौधन वैश्य समाज टिकुरिया टोला इकाई.2 द्वारा कश्यप जयंती के पावन अवसर पर महर्षि कश्यप ऋषि जी की पूजा.अर्चना विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाध्यक्ष द्वारा महर्षि कश्यप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र अर्पित कर पूजा.अर्चना से की गई। इसके पश्चात पधारे हुए अतिथियों एवं इकाई.2 के पदाधिकारियों द्वारा आरती संपन्न कराई गई। इस अवसर पर इकाई 2 के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अतिथियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। साथ ही टिकुरिया टोला इकाई द्वारा शोभायात्रा मै शामिल सामजिक बंधु युवा साथियो एवं मातृशक्तियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# महापौर ने कीटनाशक दवा छिडकाव के लिए स्प्रे मशीन सहित दी सुरक्षा सामग्री



जागरण, सतना। महापौर योगेश ताम्रकार निगम क्षेत्र में मच्छरों द्वारा फैलाई जा रही गंभीर बीमारियों से निजात पाने के लिए 30 अगस्त को निगम के स्वास्थ्यकर्मी अनूप कोल, भारत, रवि, हरभजन सिंह, महेंद्र सिंह, इंद्रपाल, राजेश,भरत, सूरजदीन, जितेंद्र सिंहए प्रह्लाद सहित कुल 11 कर्मियों को कीटनाशक छिड़काव हेतु स्प्रे मशीन के साथ 1.1 लीटर सुल्थीयान दवा प्रदान किया। साथ ही कर्मियों को आवश्यक सुरक्षा हेतु हेलमेट,मास्क,दस्ताने,गमबूट,वर्दी भी प्रदान करते हुए निर्देशित किया कि निगम का कोई भी क्षेत्र ऐसा न रह जाए जहां मच्छरों की वजह से आम नागरिक को कष्ट हो। निगम की सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने हेतु टाउन हॉल, बस स्टैंड,सब्जी मंडी सिंधी कैम्प, पद्मधर पार्क कृपालपुर रात्रिकालीन सफाई बाजार छेत्र सब्जी मंडी ईदगाह हेतु नवीन हाथ ठेला भी प्रदाय किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता अधिकारी अरविंद प्रताप सिंह सहायक स्वच्छता अधिकारी राजू साकेत एवं मोहम्मद लतीफ स्वच्छता निरीक्षक अरुण बढोलिया शिवदर्शन राजेश रावत अर्जुन सतनामी के साथ बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना आवश्यक : गणेश सिंह



जागरण, सतना। एकेएसविश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ़ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा की परंपराओंए अनुसंधान की संभावनाओं तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संस्कृति से परिचित कराना रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतना सांसद गणेश सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कृषि केवल रोजगार का माध्यम ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि कृषि केवल एक परंपरा नहींए बल्कि आने वाले समय की सबसे बड़ी करियर संभावनाओं में से एक है। अंत में आभार प्रदर्शन प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एग्रीकल्चर संकाय के समस्त फैकल्टी सदस्य एवं एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के छात्र.छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। परिचय सत्र ने पूरे आयोजन को और अधिक आकर्षक बना दिया। दीक्षारंभ 2025 के इस आयोजन ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जाए आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा भर दी। कार्यक्रम के अंत में सतना सांसद गणेश सिंह का शाल श्रीफल और मोमेंटो से सम्मान किया गया।

## 31 अगस्त को शिक्षकों का बड़ा आंदोलन



जागरण, सतना। राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष व प्रांतीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि एकजुटता से आप सबके संघर्ष के परिणाम को याद दिलाने की आवश्यकता नहीं है। आज एक बार फिर शिक्षा विभाग के आला अधिकारी सरकार की मंशा के विपरीत शिक्षकों पर गैर कानूनी ढंग से दबाव बनाकर शासकीय शिक्षा को एक निजी ऐप के माध्यम से निजीकरण की ओर ले जाना चाहते हैं। ऐसी भावना से युक्त अधिकारियों के मंसूबों में पानी फेरने के लिए आज 31 अगस्त को जिले के हजारों हजार शिक्षकों के संघर्ष का मंच स्थानीय सिविल लाइन सतना स्थित चौपाटी में दोपहर 12 बजे से धरना प्रदर्शन के लिए तैयार किया गया है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि इस प्रदर्शन में अव्यावहारिक ऐप को तत्काल बन्द करने के साथ साथ अन्य संवेदनशील मामलों की आवाज़ बुलन्द कर माननीय मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन माननीय कलेक्टर सतना को सौंपा जाएगा। श्री त्रिपाठी ने सभी शिक्षक भाइयों और बहनों से अपने अधिकारों की लड़ाई में सम्मिलित होने की अपील की है।'

# लिटिल सीईओ में सरस्वती विद्यालय के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



जागरण, सतना। सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान सतना इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा आयोजित लिटिल सीईओ 2.0 प्रतियोगिता में सम्मिलित हुआ। उद्यमिता एवं स्टार्ट अप के प्रति जागरूकता एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें सतना के विभिन्न विद्यालय सम्मिलित हुए। सरस्वती विद्यालय रामपुर बाघेलान की ओर से 3 अलग अलग स्टार्टअप आइडिया को लेकर टीम सम्मिलित हुई। जिसमें प्रतिभागी अंकुश तिवारी दिव्यांशी सिंह राज सिंह प्रतिमा शुक्ला अंकुश तिवारी काव्यांजलि सिंह आदि सम्मिलित हुए जिन्होंने पहले राउंड की प्रतियोगिता में टॉप 10 में स्थान बनाया। जिसमें से प्रतिमा शुक्ला दिव्यांशी सिंह बघेल अंशिका पाण्डेय के स्टार्टअप आइडिया होम शेफ ने टॉप 6 में स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता हेतु विद्यालय के पूर्व छात्र परिषद से प्रसन्न शुक्ला ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया एवं उत्साह वरदान हेतु विद्यालय व्यवस्थापक पंकज सोनी व कॉमर्स के व्याख्याता उमेश शुक्ला उपस्थित रहे। विद्यालय अपने लक्ष्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण को ध्यान में रहते हुए विद्यालयीन शिक्षा के साथ उनके प्रतिभाओं को निखारने के लिए भी सतत प्रयासरत है। यह कार्यक्रम राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी सतना महापौर योगेश ताम्रकार एवं एकेएस विश्वविद्यालय के प्रो वॉइसचांसलर डॉ हर्षवर्धन श्रीवास्तव जी के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

## स्वच्छता की पाठशाला में विद्यार्थियों को दिया गया संदेश



जागरण, सतना। नगर पालिक निगम सतना की आईईसी टीम द्वारा स्वच्छता की पाठशाला के अंतर्गत छात्रों.छात्राओं को स्वच्छता के महत्व पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर उन्हें बताया गया कि स्वच्छ वातावरण न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है बल्कि यह समाज को भी स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहायक है। कार्यक्रम के दौरान आगामी गणेश चतुर्थी उत्सव को देखते हुए विशेष अपील की गई। टीम द्वारा स्पष्ट संदेश दिया गया कि पंडालों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न किया जाए। साथ ही पूजा.पाठ में उपयोग होने वाले फूल और सामग्री को इधर.उधर फेंकने के बजाय नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही डालने का अनुरोध किया गया। छात्रों को यह भी समझाया गया कि स्वच्छता बनाए रखना केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि हम सभी मिलकर छोटे.छोटे प्रयास करेंए तो शहर को और भी साफसुथरा व सुंदर बनाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में उपस्थित छात्र.छात्राओं ने स्वच्छता के संदेश को आत्मसात करने और अपने परिवार व समाज तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

# जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने को लेकर कलेक्टर मैहर को सौंप ज्ञापन




जागरण, सतना। गोरेलाल प्रजापति संघ जिला अध्यक्ष ने कलेक्टर मैहर को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया कि जबसे सतना जिला से अलग होकर न्यू मैहर जिला बना तबसे प्रजापति कुम्हार जो अनुसूचित जाति में हैं उनका मैहर जिला में अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र लोकसेवा केंद्रों के माध्यम से रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहे हैं जिससे न्यू मैहर जिला के छात्र.छात्राएं उनके अभिभावक गुरुजन जाति प्रमाण पत्र के लिए दर.दर भटक रहे हैं छात्र.छात्राएं विद्यालय से एवं अन्य शासकीय कार्यों से वंचित हो रहे हैं घर परिवार बहुत परेशान हैं विषय को बार.बार आवेदन पत्र के माध्यम अवगत कराया जा चुका है मगर अभी भी समस्या का निराकरण नहीं किया गया यदि अब और शासन.प्रशासन प्रजापति कुम्हार अनुसूचित जाति को जाति प्रमाण पत्र के लिए भटकाया गया तो भीम आर्मी भारत एकता मिशन एवं आजाद समाज पार्टी कांशीराम सहित प्रजापति कुम्हार संघ सतना मैहर सड़कों में उतरकर बड़ा जन आंदोलन करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन.प्रशासन की होगी ज्ञापन सौंपने में उपस्थित जिला अध्यक्ष गोरेलाल प्रजापति पूर्व जनपद पंचायत सदस्य रामपुर बघेलान आजाद दीपक प्रजापति भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष बी डी भगवानदीन प्रजापति जिला उपाध्यक्ष राजकुमार प्रजापति संघ जिला अध्यक्ष मैहर संतोष प्रजापति जिला उपाध्यक्ष झूरुलाल प्रजापति जिला संगठन मंत्री उत्तम प्रजापति जिला युवा संघ अध्यक्ष भीमसेन प्रजापति सचिव मैहर प्रहलाद प्रजापति सेवानिवृत्त शिक्षक मनीलाल प्रजापति अधिकारी.कर्मचारी संघ विधानसभा अध्यक्ष संतोष प्रजापति गिब्बा प्रजापति कोर कमेटी सदस्य रमेश प्रजापति पूर्व पर्षद तीरथ प्रजापति अरुण प्रजापति भल्लू प्रजापति शिवरतन ज्ञानी कुचची लाल रामलखन दीपक ब्रजलाल रंजीत प्रजापति मनीश शोभनाथ दुलीचंद भगवानदीन कोडूलाल नरेश विवेक राजेश धनीलाल लेखनी अमृतलाल संतोष प्रजापति गिब्बा कपिल प्रवीण मनी लाल राजीव राम सजीवन राकेश प्रमोद सहित अन्य पदाधिकारीगण सदस्यगण वरिष्ठ गणमान्य जन उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया मैहर जिला सतना मध्यप्रदेश।

# होंडा ग्राहकों की उम्मीदों पर उतरती है खरी



जागरण, सतना। होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया ने सतना मध्य प्रदेश में पूरी तरह नए 125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स का परिचय कराया। पूरी तरह नए होंडा 125 हॉर्नेट की कीमत 1,12,000 विशेष प्रारंभिक प्रस्ताव रखी गई है जबकि शाइन 100 डीएक्स की कीमत 74,100 रखी गई है सभी कीमतें सतनाए मध्य प्रदेश के एक्स.शोरूम अनुसार हैं। कंपनी ने इन दोनों मोटरसाइकिलों का वितरण भी शुरू कर दिया है। नई पीढ़ी के सवारों को ध्यान में रखते हुए सीबी125 हॉर्नेट को तैयार किया गया हैए जो अपने स्पोर्टी अंदाज़ और रोमांचक परफ़ॉर्मेंस के साथ ष्राइड योर रिज़्ष् की भावना को दर्शाती है। वहीं शाइन 100 डीएक्स अपने उन्नत फीचर्स और प्रीमियम स्टाइलिंग के साथ अपनी परंपरा को आगे बढ़ाती है जो ग्राहकों की उम्मीदों पर खरी उतरती है सॉलिड है। ग्राहक इन मोटरसाइकिलों की बुकिंग अपने नज़दीकी होंडा अधिकृत डीलरशिप पर जाकर कर सकते हैं।

# शांति वन में 51 फलदार पौधे लगाकर मनाई कश्यप जयंती



सतना। जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सरपंच मुकेश सिंह जी के सघन प्रयास से सज्जनपुर के शांति वन भूमि में शेड निर्माण बैठक व्यवस्था हेतु स्थाई कुर्सियां लगवाए जाने की घोषणा की गई। जिला संयोजक ऋषिकेश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज सतना जिले के सभी मंडलों में जयंती मनाई जा रही है जिला कमेटी के निरंतर प्रयास से यह कार्य संभव हो रहा है। हमारी सामूहिक शक्ति बिखरी हुई है इसे जब तक संजोया नहीं जायेगा तब तक समाज अपनी निर्बलता से निजात नहीं पा सकता। सज्जनपुर मंडल अध्यक्ष द्वारिका गुप्ता एवं मंडल के सभी पदाधिकारियों द्वारा देवराज गुप्ता जी के निज निवास में महर्षि कश्यप ऋषि जी की पूजा अर्चना कर जयंती मनाई गई। सज्जनपुर मंडल के कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिला महामंत्री डॉ संतोष गुप्ता अमिलिया विशिष्ट अतिथि जिला संयोजक ऋषिकेश गुप्ता एवं संगठन मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए वृक्षारोपण में सहभागिता निभाई।'

## रक्षित निरीक्षक ने टूल्स का किया भौतिक सत्यापन

सतना। डायल 112 की गाड़ियों के टूल्स का भौतिक सत्यापन आज रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल द्वारा किया गया, इस दौरान डीएस विवेक पाण्डेय, रेडियो शाखा से अरुण मिश्रा, आर रेडियो जीतू कुमार, आर ज्ञानप्रकाश गौतम उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने बांका में किया पौधरोपण



जागरण, सतना। सरभंग मुनि आश्रम के समीप स्थित ग्राम बांका में 29 अगस्त को आदिवासी ग्राम में एक पेड़ माँ के नाम का पौधा रोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मझगवां अनुविभागीय अधिकारी आई ए एस महिपाल सिंह गुर्जर व बिशिष्ट अतिथि राहुल पांडे मुख्य कार्य पालन अधिकारी मझगवां एवं मझगवां सांसद प्रतिनिधि निरंजन जैसवाल के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम मे मंचासीन अतिथि सोना सिंह सदस्य जनपद पंचायत मझगवां चूडामणि सिंह रिटायर शिक्षक एवं माधवंम इप्सा फाऊंडेशन के निदेशक समाजसेवी आशीष सेन बिरसिंहपुर एवं दैनिक जागरण बिरसिंहपुर संवाददाता बद्री पाठक भी कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे कार्य क्रम का संचालन राजेश दीक्षित रिटायर शिक्षक नौगवा के द्वारा किया गया कार्य क्रम मे सभी अतिथियों के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम का पौधारोपण किया गया कार्यक्रम मे चौदह ग्रामो के ग्रामीण महिला पुरुष भारी संख्या मे उपस्थित रहे।

## विकल्प को प्रान्तीय उपाध्यक्ष बनाया गया

सतना। म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी सन्घ की प्रान्तीय कार्यकारिणी का विस्तार कर सतना जिला इकाई अध्यक्ष विकल्प गौतम को प्रान्तीय उपाध्यक्ष बना कर उनकी वरिष्ठता व लम्बे कार्य अनुभव का लाभ प्रदेश को देने के प्रयास के लिए प्रान्तीय अध्यक्ष विजय मिश्रा का धन्यवाद किया गया है इस आशय की जानकारी आर डी द्विवेदी प्रान्तीय महामंत्री द्वारा दी गयी हैं। प्रान्तीय उपाध्यक्ष बनाए जाने के निर्णय का स्वागत करने वालो मे आर डी द्विवेदी सन्जय पाण्डेय के के शुक्ल मन्जू सिंह गोविन्द सिंह तिवारी रमाकान्त चतुर्वेदी अन्जू सिंह बघेल सुषमा श्रीवास्तव अनीता तिवारी सन्ध्या गुप्ता सहित अन्य सहयोगी सन्गठनो के साथी सम्मिलित है।

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नीलू तिवारी पति श्री शैलेन्द्र कुमार तिवारी निवासी ग्राम बरा पोस्ट डोमहाई तहसील बिरसिंहपुर जिला सतना मध्य प्रदेश मेरे द्वारा एलआईसी की पॉलिसी संख्या 357652625 ली गई थी जिसमें मेरा नाम भूलवश सबिता तिवारी पिता श्री केदारनाथ तिवारी दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम नीलू तिवारी पति श्री शैलेन्द्र कुमार तिवारी लिखा है नीलू तिवारी उर्फ सबिता तिवारी उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं अतः आज दिनांक से मेरी पॉलिसी में मेरा सही नाम नीलू तिवारी दर्ज किया जाए।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 31 अगस्त 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.22 अस्त : आज
05.43 उदय : कल

शहर का तापमान
33.0 ⁰ अधिकत
25.0 ⁰ न्यूनतम



# भ्रष्टाचारी सहायक यंत्री पर क्यों नहीं हो रही कार्यवाही?

जागरण भ्रष्टाचार

## निर्माण कार्य की जांच पर 4 बार दोषी पाए जाने के बाद भी क्यों नहीं हुई कार्यवाही

## सहायक यंत्री के सामने नतमस्तक हैं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग



जागरण, सीधी

मध्य प्रदेश शासन द्वारा आम जनता की आवागवन की सुविधा के लिए सड़कों का निर्माण कार्य कराया जाता है। किंतु सड़क निर्माण के लिए मिलने वाले बजट को ठेकेदार और सहायक यंत्री, उपयंत्री मिलकर हजम कर जाते हैं और घटिया सड़क का निर्माण करा देते हैं। ऐसी सड़कें बनने के बाद उखड़ने लगती हैं। हालांकि नियम में पांच वर्ष तक संविदाकार को सड़कों का मरम्मत करने का प्रावधान तय किया गया है। किंतु यहां जब सड़क की गुणवत्ता पर निर्माण कार्य के दौरान ध्यान नहीं दिया जाता तो मरम्मतीकरण का कार्य नाममात्र का संविदाकार द्वारा किया जाता है। सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग उप संभाग मझौली की देख-रेख में मझौली उप संभाग में जितनी भी सड़कों का निर्माण हुआ है उन सबकी हालत काफी दयनीय है। गांव की आम जनता सड़क के निर्माण के लिए सांसद-विधायक से निवेदन करती है तब जाकर कहीं सांसद और विधायक की अनुसंशा पर सड़कों का निर्माण किया जाता है। सड़क निर्माण होने के बाद आम जनता राहत की सांस लेती है। किंतु एक वर्ष के अंदर वही आम जनता शासन-प्रशासन को बददुआएं देने लगती है। स्थानीय विधायकों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगते हैं। संविदाकार, सहायक यंत्री के भ्रष्टाचार का खामियाजा स्थानयी विधायकों व जन प्रतिनिधियों को भोगना पड़ता है। सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग उप संभाग मझौली की करीब 3-4 सड़कों की गुणवत्ता की जांच वरिष्ट अधिकारियों द्वारा की गई जिसमें सहायक यंत्री पूर्णरूप से दोषी पाई गईं। विभागीय अधिकारियों ने उनके विरुद्ध कार्यवाही भी प्रस्तावित किए। इसके बाद भी अभी तक सहायक यंत्री के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। आखिर भ्रष्टाचारी सहायक यंत्री का जिले का कौन सा जन प्रतिनिधि संरक्षण दे रहा है इसका खुलासा भी शीघ्र होगा। जिस तरीके से विगत वर्षों में धौहनी विधानसभा क्षेत्र की सड़कों में भ्रष्टाचार का निर्माण हुआ है उससे मझौली क्षेत्र की आम जनता को बेहतर सड़क नहीं मिल पाई है। इस बात की शिकायत स्वयं धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम शासन स्तर पर कर चुके हैं।

### माननीयों के यहां सेवा दे रहे हैं पीडब्ल्यूडी के श्रमिक

लोक निर्माण विभाग के उप संभाग सीधी व मझौली में सैकड़ों कुशल व अर्ध कुशल श्रमिक कार्यरत हैं। लेकिन सहायक यंत्री उन श्रमिकों से विभागीय कार्य न कराकर उनको माननीयों के बंगलों में सेवा करने के लिए तैनात कर दिया गया है। जिससे माननीय सहायक यंत्री पर प्रशन्न रहें और उनके भ्रष्टाचार पर माननीय मौन स्वीकृति प्रदान करते रहें। उपखंड मझौली के अंतर्गत एक अर्धकुशल श्रमिक एसडीएम मझौली के यहां सेवा दे रहा था। सहायक यंत्री ने उसका डेढ़ माह का वेतन रोंक दिया और उस गरीब को यह कह दिया कि तुम जिस एसडीएम के यहां काम कर रहे थे वही तुमको वेतन देंगे। राजनैतिक संरक्षण प्राप्त सहायक यंत्री के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वह कार्यपालन यंत्री को अधिकारी नहीं मानती और उनको भी भला-बुरा सुनाती रहती हैं। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सीधी अपने अधीनस्त सहायक यंत्री के सामने नतमस्तक हैं और उन्हीं के सुर में सुर मिलाते नजर आ रहे हैं। सहायक यंत्री के आए दिन नए-नए कारनामे सामने आ रहे हैं। जिनका खुलासा बारी-बारी से हो रहा है।



लोक निर्माण विभाग उप संभाग मझौली के द्वारा बनाई जा रही धौहनी विधानसभा की सड़कों में व्यापक अनियमितता देखने को मिल रही है। जांच के दौरान भी काफी अनियमितता पाई गई है। भ्रष्टाचारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

**प्रवींण तिवारी, अध्यक्ष भाजपा मंडल मझौली**



शासन के पैसे को जो भी अधिकारी कर्मचारी खाने का प्रयास करेगा व आम जनता के विकास कार्य में जो भ्रष्टाचार करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही कराने के लिए हम पीछे नहीं हटेंगे चाहे उसे जिसका संरक्षण प्राप्त हो। शासन की राशि का दुरुपयोग न हो यह सुनिश्चित किया जाएगा।

**डॉ. राजेश मिश्रा, सांसद सीधी**

# मझौली में आरक्षक एवं महिला के साथ भिडंत का वीडियो वायरल

## सोशल मीडिया में तेजी से हो रही वीडियो वायरल



जागरण, सीधी

जिले के मझौली थाना अंतर्गत महिला के साथ एक आरक्षक द्वारा अभद्र व्यौहार किया गया। इसके बाद महिला भी उत्तेजित होकर गाली-गलौच करने सहित आरक्षक को मारने के लिए दौड़ाने को मजबूर हो गई। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले में दोनो दोषी माने जा सकते हैं। पहली बात तो यह है कि आरक्षक को इस तरह का व्यौहार नहीं करना चाहिए कि मोबाइल छीनने के लिए जबरजस्ती करें। वहीं महिला को अपने कानून से हटकर पुलिस के साथ गाली-गलौच करना भी गलत बात मानी जा सकती है। पूरे मामले में देखा जाए तो सोशल मीडिया में यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। लोग पुलिस को ज्यादा दोष दे रहे हैं लेकिन दोषी दोनो ही माने जा सकते हैं। आरक्षक की गलती तो थी ही जहां कि महिला के साथ अभद्र व्यौहार किया गया। उससे ज्यादा गलती महिला की भी है जिसने गाली-गलौच कर खदेड़ने का काम किया। जानकारी के अनुसार आरक्षक आशुतोष मिश्रा थाना मझौली एवं उनके साथ प्रधान आरक्षक रामनरेश कोल नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 6 में एक सम्मन देने के लिए सुनीता त्रिपाठी पति राजीव लोचन एवं विनय त्रिपाठी पिता राजीव लोचन गए थे। इस दौरान आपसी बहस इस तरह बढ़ गया कि गाली-गलौच सहित हाथापाई की नौबत आ गई। आरक्षक आशुतोष मिश्रा ने पहले वीडियो वायरल करने वाले से मोबाइल छीनने का प्रयास किया। इसी दौरान महिला आग बबूला हो गई वहीं भद्दी गालियां देते हुए चप्पल मारने के लिए उतारू हो गई। हालांकि पुलिस उस दौरान भागने के लिए मजबूर हो गई। इस मामले में महिला पुलिस को भी ले जाने की जरूरत होती है जिस वजह से पुलिस की यह कमी मानी जा सकती है। हालांकि मामला अब तूल पकड़ लिया है। पूरे मामले में क्या सच्चाई है यह तो देखते ही बनेगा। हालांकि यह मामला अब सोशल मीडिया में तूल पकड़ने लगा है जिस पर काफी टिप्पणियां देखने को मिल रही है। कौन दोषी हैं कौन नहीं यह तो जांच के बाद ही सच्चाई का पर्दाफाश होगा।

### महिला के खिलाफ दर्ज होगा आपराधिक प्रकरणः विशाल

इस संबंध में मझौली थाना प्रभारी विशाल शर्मा ने कहा कि दोनो का आपसी विवाद था। लेकिन जिस तरह महिला ने पुलिस के साथ गाली-गलौच करने सहित चप्पल उतारकर भगाने को मजबूर किया इस पर महिला के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाएगा। पुलिस की कोई गलती नहीं है। ऐसे में महिला ने अपनी हदें पार कर दी है। उस पर निश्चित रूप से कार्यवाही की जाएगी।

## सीधी में अटल अलंकार से अलंकृत हुए जनसंघी

**जागरण, सीधी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित धीरज पटेरिया प्रदेश भर में चल रही अपनी अटल अलंकार यात्रा के तहत कल सीधी पहुंच जनसंघ के समय से जुड़े अटल जी के समकालीन स्थानीय नेताए कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। सम्मान प्राप्त करने वालों में बलवंत सिंह मड़वा, गंगा सिंह बंजारी, गोविंद मिश्रा पूर्व सांसद, मंगलेश्वर सिंह जमोड़ी, श्रीमती चंद्रकृपा अवधिया, पृथ्वीराज सिंह बघेल खड्डी, यदुनाथ सिंह करौंदिया सहित अन्य का शाल, श्रीफल एवं रजत पत्र से सम्मान करते हुए श्री पटेरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि ये बुजुर्ग ही वो माली हैं जिन्होंने आज इस भाजपा रूपी विशाल वृक्ष को अपने पसीने से सींच कर तैयार किया है। आज भाजपा की ना केवल देश, प्रदेश में सरकार है बल्कि वह विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है जो इन बुजुर्ग कार्यकर्ताओं की बदौलत है। आज इनके घर जाकर, मिलकर, इनका आशीष पाकर हमने ना केवल ऊर्जा का संचार हो रहा है बल्कि हम गौरवान्वित है और स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं।

# पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण के दिए निर्देश



**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी में मासिक क्राइम मीटिंग आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के अपराधों की त्रिवर्षीय तुलनात्मक समीक्षा की जाकर, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, नशा एवं अवैध शराब की रोकथाम, साइबर अपराध, लंबित प्रकरणों के निराकरण तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित थाना प्रभारियों को प्रमुख निर्देश दिये गए। गुमशुदा/अपहृत बालक-बालिकाओं की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित की जाए। गंभीर अपराधों का समय पर विवेचना पूर्ण कर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। महिला संबंधी गंभीर अपराधों की विवेचना मानक के आधार पर किया जाना सुनिश्चित करें। आईसीजेएस पोर्टल का नियमित उपयोग कर सभी विभागों से बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए तथा इसका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। ई-साक्ष्य एवं ई-रक्षक एप्लीकेशन का सभी विवेचकों द्वारा अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाए। विवेचना के दौरान साक्ष्य केवल ई-साक्ष्य एप के माध्यम से ही संकलित किए जाएँ, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। साइबर अपराधों पर तत्काल संज्ञान लिया जाकर त्वरित निराकरण करें। लंबित चालान को माननीय न्यायालय पेश करवाते हुए लंबित की संख्या शून्य पर लाना सुनिश्चित करें। रात्रि गश्त को प्रभावी बनाकर गस्त दौरान मिलने वाले असामाजिक तत्वों पर वैधानिक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा, एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी, परिविक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक सुजीत कड़वे, रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे सहित जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## वन स्टॉप सेंटर में जागरुकता, साक्षरता शिविर आयोजित

**जागरण, सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्लीए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी श्री कपिल देव काछी, मृदुल लटौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा आज दिनांक 30 अगस्त 2025 को वन स्टॉप सेंटर में जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।



# महापौर ने कटाएघाट में रिवर फ्रंट के विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण



## रिवर फ्रंट योजना से शहरवासियों को मिलेगा सौंदर्य और सुविधाओं का लाभ : महापौर

**जागरण, कटनी।** नागरिकों की सुविधा एवं शहर की सुंदरता में वृद्धि के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा रिवर फ्रंट योजना के तहत कटाएघाट, मोहन घाट और मसुरहा घाट में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत नदी तट का समुचित विकास एवं सौंदर्यीकरण कर नागरिकों को मनोरंजन, स्वास्थ्य लाभ और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा शुक्रवार शाम कटाएघाट पहुंचकर नदी के किनारे रिवर फ्रंट योजना के तहत 6 करोड़ रुपए की लागत से कराए जा रहे पिचिंग, वॉल निर्माण, पाथवे, ग्रीनरी, लाइटिंग, ड्रेन एवं विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्यों का औचक निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के ठेकेदारों को तय समय सीमा में मानक गुणवत्ता के साथ सभी कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ.रमेश सोनी, श्रीमती बीना बैनर्जी, सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री अश्वनी पांडेय सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदारों की मौजूदगी रही।

**चट्टान पर भगवान शिव की प्रतिमा करें स्थापित :** महापौर श्रीमती सूरी द्वारा कटाएघाट नदी किनारे संपूर्ण निर्माण स्थलों का पैदल चलकर बारीकी से निर्माण कार्यों का जायजा लेकर नागरिकों की सुविधा हेतु घाट निर्माण का शेष कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान कटाएघाट नदी के बीचों बीच स्थित पुरानी चट्टान पर भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही मार्ग के बाएं तरफ मंदिर पहुंच मार्ग की ओर पूर्व निर्मित पुराने लंबे चबूतरे पर सौंदर्यीकरण की दृष्टि से रैंप, प्रकाश व्यवस्था एवं पुरानी चट्टानों पर प्राकृतिक झरने का निर्माण कार्य कराकर उक्त स्थल को भी विकसित करने के निर्देश दिए। श्री राम जानकी मंदिर के सामने स्थित चबूतरे के चारों ओर रेलिंग लगाकर स्थल को विकसित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

**ग्रीनरी एरिया का निरीक्षण कर जाहिर की प्रसन्नता :** महापौर श्रीमति सूरी ने सुलभ के बाजू वाले रिक्त स्थल पर विकसित कराए गए ग्रीनरी एरिया का जायजा लेकर संतोष व्यक्त किया तथा यहां आने वाले नागरिकों की बैठक व्यवस्था हेतु आधुनिक बेंच स्थापित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्थल पर कराए जा रहे सेल्फी पॉइंट निर्माण, पेवरब्लॉक फ्लोरिंग कार्य, पिचिंग कार्य, वाल निर्माण, मार्ग के किनारे निर्मित क्यारी आदि कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएंए ताकि नागरिक जल्द से जल्द इस योजना का लाभ उठा सकें। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि इस योजना के पूर्ण होने पर शहर के नागरिकों को जहां स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिलेगा वहीं नदी तट पर पर्यटन गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

**सुरम्य पार्क का किया निरीक्षण :** महापौर श्रीमती सूरी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सुरम्य पार्क पहुंचकर वहां की विभिन्न व्यवस्थाओं का भी औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्विमिंग पूल पहुंचकर वहा तैराकी सीख रहे बरगवां निवासी बालक अथर्व, मन्नत के अभिभावकों से बच्चों को तैराकी सिखाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। वहीं बोटिंग स्थल के निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी द्वारा गणेश चौक निवासी कुमारी शिवानी तिवारी एवं उनके परिवार जनो से आत्मीय संवाद कर पार्क की व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली जाकर व्यवस्थाओं में ओर अधिक सुधार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी लिए गए।

## राम सुशील चतुर्वेदी के निधन पर शोक



**ब्यौहारी।** ग्राम पंचायत तिखवा के पूर्व सरपंच राम सुशील चतुर्वेदी 55 वर्ष के अचानक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है वह ब्यौहारी के वार्ड क्रमांक 11ब्यौहारी में रहते थे लोगों ने निधन पर शोक व्यक्त किया है उनके एक पुत्र एवं एक पुत्री है उल्लेखनीय है कि राम सुशील चतुर्वेदी पांच भाई दिन में से उनके दो भाई मुंबई में रहते हैं उनके भाई रामचंद्र चतुर्वेदी मुंबई के बंबा देवी के मुख्य पुजारी हैं राम सुमिरन चतुर्वेदी पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसरोवर चतुर्वेदी पूर्व सरपंच गृह राम भमरहा प्रथम में रहते हैं उनके निधन पर क्षेत्र के विधायक शरद कोल एवं नगर जनों ने शोक व्यक्त किया है शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से डॉ अशोक तिवारी अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ, विकास यादव ,सूर्यभान यादव, पुष्पेंद्र पाठक,मों चांद खान ,बाबूलाल पाठक, विनोद पाठक डॉ हरिशरण चतुर्वेदी,संगम पाठक, रामकृष्ण चतुर्वेदी उपसरपंच ,संदीप पटेल सहित सैकड़ो लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## महापौर ने सिमरार घाट पर गणेश प्रतिमा विसर्जन व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने वार्ड क्रमांक 45 अमीरगंज पडरवारा स्थित सिमरार नदी घाट पहुंचकर गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान नगर निगम द्वारा की जाने वाली आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाट पर की गई जाने वाली साफ सफाई, घाट के कटाव के गड्ढों की फिलिंग कराने, घाट पहुंच मार्ग की दोनों ओर की झाड़ियों की कटाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विसर्जन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देने तथा राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के दिशा निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक इंतजाम समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।


### जन्मतिथि सुधार सूचना

मै भूतपूर्व सैनिक सिपाही जय नारायण उपाध्याय आर्मी नं 15342939H ग्राम सांती तीर पो. भुनगांव थाना जवा जिला रीवा (म.प्र.) पिन 486223 का निवासी हूं। कथन करता हूं कि हमारे सैनिक दस्तावेज में मेरे पिता जी का नाम बृज मोहन उपाध्याय BRIJ MOHAN UPADHYAY व जन्मतिथि 25/09/1957 लिख गया है, जो कि मेरी भूलवस गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पिता जी का सही नाम बृज मोहन उपाध्याय BRIJ MOHAN UPADHYAY व जन्मतिथि 01/01/1965 है। अत: मेरे उक्त सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता जी का सही नाम बृज मोहन उपाध्याय BRIJ MOHAN UPADHYAY व सही जन्मतिथि 01/01/1965 सुधार किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN-84514 जय नारायण उपाध्याय

### नाम व जन्मतिथि सुधार सूचना

मै भूतपूर्व सैनिक सिपाही जय नारायण उपाध्याय आर्मी नं 15342939H ग्राम सांती तीर पो. भुनगांव थाना जवा जिला रीवा (म.प्र.) पिन 486223 का निवासी हूं। कथन करता हूं कि हमारे सैनिक दस्तावेज में मेरी माता जी का नाम मालती देवी Malti Devi व जन्मतिथि 05/07/1960 लिखा गया है, जो कि मेरी भूल वस गलत दर्ज हो गया है, जबकि मेरी माता जी का सही नाम मालती उपाध्याय Malati Upadhyay व जन्म तिथि 01/01/1973 है। अत: उक्त सर्विस रिकार्ड में मेरी माता जी का सही नाम मालती उपाध्याय Malati Upadhyay व सही जन्म तिथि 01/01/1973 सुधार किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN-84512 जय नारायण उपाध्याय

### उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0: JHS-N-W-40-25 दिनांक: 28.08.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| ई-निविदा सूचना संख्या | कार्य लागत लगभग | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| JHS-N-W-40-25 | Rs. 34615169.57/- | Rs. 323100/- |

**कार्य का नाम:** प्रोविजन ऑफ S&T वर्क इन कनेक्शन विथ TSR(P)-61.6 Tkm इन बीना-विरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी सेक्शन ऑफ झाँसी डिवीजन।

**निविदा प्रपत्र का मूल्य:** Nil **निविदा खुलने की तिथि:** 23.09.2025, Time 15:00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 12 माह

• निविदा दिनाँक 23.09.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 1565/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

### उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्या एवं दिनांकः DY-CE-C-I-JHS-2025-05, दिनांकः 09.08.2025

**निविदा सूचना**

**उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-I/झाँसी,** भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा, निविदा बंद होने की दिनांक **24.09.2025** को **15.00** बजे तक आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम** JHS-MKP और KID-BZM दोहरीकरण परियोजना के तहत महोबा (छोड़कर) से खैरार (छोड़कर) खंड और महोबा कॉर्ड लाइन और खैरार कॉर्ड लाइन के बीच ट्रैक लिंकिंग कार्य, पी.वे. सामग्री का परिवहन, गिट्टी की लीडिंग, एटी वेल्डिंग, एलसी गेट बूम शिफ्टिंग कार्य और अन्य सहायक विविध कार्य।

**अनुमानित लागतः** ₹ 23,10,05,897.88, **धरोहर राशिः** ₹ 13,05,000.00, **कार्य पूर्ण होने की अवधिः** 15 माह हार्वेस्ट एवं मानसून सहित, **वैधता की अवधिः** 90 दिन, **निविदा बंद होने का दिनांक व समयः** 24.09.2025 को 15.00 बजे।

पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। 1564/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

दूरभाष/फैक्स- 07662-252563 E-mail-jscjrwa@mp.gov.in

### कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)

// विज्ञप्ति //

क्रमांक/स्थापना 2025 रीवा, दिनांक -08-2025

श्री निलेश कुमार वर्मा प्रहरी सब जेल मऊगंज निवासी कमरा नम्बर ए/6 नवीन नगर अमलई कॉलोनी जिला-अनूपपुर (म.प्र.) आप दिनांक 01-09-2022 से अनाधिकृत अनुपस्थित है । विज्ञप्ति के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि अनुपस्थिति के कारणों सहित विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अन्दर पदस्थापना स्थल सब जेल मऊगंज में उपस्थित होवें । नियत तिथि तक उपस्थित न होने की स्थिति में सेवा से पृथक की कार्यवाही की जावेगी। जिसकी जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी ।

जेल अधीक्षक
जी-17948/25 केन्द्रीय जेल रीवा (म.प्र.)

### कार्यालय नगर परिषद मनगवॉं जिला- रीवा (म.प्र.)

No, NIT/Mangawan./2025/407 Date 30 08.2025

प्रथम निविदा
सेक्सन–1
ई निविदा आमंत्रण सूचना

नगर परिषद मनगवॉं द्वारा स्टैण्ड पार्किंग वसूली ठेका नीलामी हेतु ऑनलाईन निविदा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्तियों द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर Urban Administration Development Department से एवं कार्यालय नगर परिषद मनगवां से प्राप्त की जा सकती हैं। यह कार्य निविदा वित्तीय वर्ष 2025–26 के शेष अवधि तक के लिये मान्य रहेगा। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। विवरण निम्नानुसार है।

| टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाख में) | धरोहर राशि (रू.में) | निविदा फार्म का शुल्क | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_448256_1 | स्टैण्ड पार्किंग विवरण | 5.84 | 50000.00 | 1000.00 | दिनॉक 30.08.2025 को सुबह 17:30 से 15.09.2025 को सायं 05:30 तक |

उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र उपरोक्तानुसार दिये गये दिनॉक 30.08.2025 से दिनॉक 15.09.2025 तक वेबसाईट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑन लाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकेगें।

अध्यक्ष, नगर परिषद मनगवां, जिला–रीवा (म.प्र.)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद मनगवां, जिला–रीवा (म.प्र.)


## खाद की कालाबाजारी करते पाए जाने पर टिहकी समिति प्रबंधक निलंबित

**ब्यौहारी।** जिले में भले ही खाद काहो कट हो लेकिन समिति प्रबंधकों द्वारा खाद की कालाबाजारी की जा रही है टिकी समिति का शिकायत के बाद निरीक्षण जयसिंहनगर एसडीएम काजोलसिह द्वारा किया जिसमें 251 बोरी उड़िया मशीन में नहीं दर्ज करा दी गया गोदाम का भौतिक सत्यापन करने पर गोदाम में यूरिया नहीं थी महंगे दामों पर बिना मशीन में चढ़ाई ही लोगों को बांट दिया गया इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए समिति प्रबंधक राजेश अवस्थी को कलेक्टर द्वारा निलंबित कर दिया गया।

**क्या है निलंबन की स्टोरी** - एक स्थानिय भाजपा नेता के कहने पर समिति प्रबंधक द्वारा दो दो बोरी खाद सभी को बांट दी गई भाजपा नेताओ का कहना था की सभी को दो दो बोरी खाद मिल जाएं बाकी मैं सब संभाल लूंगा।

**प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करेगा :** भाजपा नेता की बात मानकर द्वारा प्रबंधक द्वारा मनमानी यूरिया का वितरण कर दिया इसकी भनक कलेक्टर को लग गई और उन्होंने जांच के लिए एसडीएम को भेज दिया और एसडीएम को खाद नहीं मिली क्योंकि खाद का वितरण पहले ही मनमानी तौर पर द्वारा कर दिया गया था अब लोगों में यह चर्चा है कि जिनके कहने पर खाद बटां वह भी निलंबित होने से नहीं बचा सके ऐसी चर्चा समिति प्रबंधकों बीच है इसलिए अब हम नियम के अनुसार ही काम करेंगे।

## खाद संकट को लेकर भारत आदिवासी पार्टी सौंपेगी ज्ञापन

**ब्यौहारी।** शहडोल जिले में यूरिया की कीमत को देखते हुए भारत आदिवासी पार्टी 1 सितंबर को सांकेतिक धरना देकर ज्ञापन सौंपेगी पार्टी के नेता लालबहादुर नेटी ने ने जानकारी देते हुए बताया की हमारी मांग हैं कि छोटे किसानों को पर्याप्त यूरिया दिया जाये खाद की कालाबाजारी पर रोंक लगाई जाए।

# पारधियों के डेरे व संदिग्ध घरों की तलाशी, अवैध लाहन नष्ट किया

## आधा दर्जन थाना क्षेत्र में पुलिस ने की सयुंक्त कार्यवाही



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के दिशा–निर्देश पर जिलेभर में पारधियों की गतिविधियों की जांच, फरार आरोपियों की तलाश एवं अवैध शराब निर्माण पर प्रभावी रोकथाम हेतु पुलिस की कई टीमें अलग–अलग क्षेत्रों में सक्रिय रहीं। नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के नेतृत्व में थाना प्रभारी कुठला राजेन्द्र मिश्रा, थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश समन एवं पुलिस बल ने ग्राम कुडो, हरदुआ, हरदुआ, मदार टेकरी व पठारा का भ्रमण किया। कार्रवाई के दौरान कई संदिग्ध घरों एवं झोपड़ियों की तलाशी ली गई। जिन स्थानों पर अवैध शराब, लाहन एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री पाई गई उन्हें मौके पर नष्ट किया गया। पुलिस ने कुछ संदिग्धों से पूछताछ कर सख्त चेतावनी दी तथा अवैध गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए। एसडीओपी विजयराघवगढ़ धीरेन्द्र धार्वे के नेतृत्व में थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र यादव व थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ रीतेश शर्मा की टीम ने हीरापुर, ददरी एवं फूटहा टोला का भ्रमण किया। हीरापुर में लगभग 400 किलो महुआ लाहन नष्ट किया गया। ददरी में भी पारधियों के घर से महुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया गया। डीएसपी हेडक्वार्टर उमराव सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी रीठी शाहिद खान एवं थाना प्रभारी बहोरीबंद अखिलेश दाहिया ने ग्राम बिरूली व संगमा में फरार आरोपी की तलाश की एवं बड़ी मात्रा में महुआ लाहन नष्ट किया। थाना बड़वारा प्रभारी के.के.पटेल एवं थाना एनकेजे पुलिस बल ने ग्राम बसाडी, धौरा पहाड़ी व निगेरा पहाड़ी में परधियों के डेरे व संदिग्ध गतिविधियों की जांच की। चौकी बिलहरी पुलिस द्वारा ग्राम घुघरा, कैमोरी एवं करहिया में पारधी एवं नागड़िया समाज के लोगों के डेरे व झोपड़ियों की गहन तलाशी ली गई। चैकिंग के दौरान अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त महुआ लाहन एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री पाई गई जिन्हें मौके पर नष्ट किया गया। 3 व्यक्तियों के विरुद्ध अवैध कच्ची महुआ शराब रखने पर प्रकरण दर्ज कर शराब जब्त की गई। थाना विजयरघवगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम फुटहा टोला खरिबा में दबिश दी गई जहां अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त महुआ लाहन नष्ट किया गया। पुलिस की कार्रवाई के मुख्य उद्देश्य फरार आरोपियों की तलाश, परधियों के डेरे, संदिग्ध गतिविधियों की जांच, अवैध शराब निर्माण महुआ लाहन का नाश, ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करना कटनी पुलिस की यह सख्त एवं संगठित कार्रवाई भविष्य में भी इसी तरह लगातार जारी रहेगी।

## कटनी पुलिस ने साइबर फ्रॉड में संलिप्त 132 मोबाइल डिवाइसेज किए ब्लॉक

**कटनी।** सायबर अपराधों पर रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया के मार्गदर्शन में जिला सायबर सेल टीम द्वारा अब तक सायबर फ्रॉड से जुड़े 132 मोबाइल डिवाइसेज को चिन्हित कर ब्लॉक करवाया गया है। पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा जिला सायबर हेल्पलाइन नंबर 7049140613 तथा नेशनल सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर एनसीआरपी पोर्टल के जरिए कंप्लेन रजिस्टर कर फ्रॉड अमाउंट को फ्रीज करवाने की कार्रवाई भी की जा रही है।

## अभिमान का त्यागकर स्वाभिमानी बने-मुनिश्री

**कटनी।** दिगम्बर जैन समाज पंचायत महासभा के तत्वाधान में जैन बोर्डिंग हाउस परिसर में पर्यूषण के तीसरे दिन धर्म उत्तम आर्जव धर्म पर चर्चा करते हुये प.पू.पदम सागर जी महाराज ने कहा मन मे होय सो वचन करिये वचन होये सो तन से करिय याने मन वचन और काय की एक रूपता जिसके जीवन में होती है उसका जीवन शांत एवं सुखमय होता है। मुनिश्री ने आगे कहा की अभिमान का त्यागकर स्वाभिमानी बने। उन्होने आगे बतलाया कि मायाचारी, छलकपट करने वाले को तिर्यंच गति की प्राप्ति होती है और वह दुर्गती को प्राप्त होता है। अतः दुर्गती से बचने के लिये मायाचारी, छलकपट का त्याग करे उत्तम शब्द सम्यक दर्शन को बताता हैं अर्थात सच्चे देव शास्त्र गुरूओं की श्रद्धा एवं सात तत्वों की श्रद्धा सहित मन वचन काय में सरलता को उत्तम अर्दव धर्म कहते है। शांतिधारा करने का सौभाग्य श्री 1008 चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन बंगला मंदिर के श्रद्धालुओं के साथ महेन्द्र कुमार अमित कुमार जैन कोयला वालों को प्राप्त हुआ तथा आहर चर्या रूपेश जैन गांधीगंज वाले को सम्पन्न हुई। तत्वार्थसूत्र का वाचन बंगला मंदिर पाठशाला के बच्चों के द्वारा किया गया रात्रि में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैन द्वारा भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मेंन कटनी द्वारा भजन संध्या गायन प्रतियोगिता का आयोजन जैन बोर्डिंग हाउस में किया गया जिसमें सभी 12 प्रतियोगिताओं को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया एवं प्रथम पुरस्कार शरद जैन, द्वितीय पुरस्कार श्रीमती नेहा अखिलेश जैन, तृतीय पुरस्कार श्रीमती खुशबू जैन को प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल में श्रीमती ऋतु जैन एवं गायत्री जैन तथा सांगानेर से पधारे विद्वान पंडित द्वारा निर्णय दिया गया। कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण अध्यक्ष संजय मीनू सिंघई, सचिव अनिल स्वाति जैन, कोषाध्यक्ष बृजेश सीमा जैन द्वारा प्रदान किए गए।


### सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

### लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

### आवश्यकता है

डिजाइनर
(कोरल ड्रॉ/फोटोशॉप)
की आवश्यकता है।
संपर्क –

### आवश्यकता है

दीपाली टाइल्स में रिशेप्निष्ट की जरूरत है। ग्रेजुएट टैली जरूरी वेतन–7000 प्रतिमाह डियूटी टाइम 10 एम से 7.30 तक।
संपर्क–8770797938, 9406752516

### कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कलेक्ट्रेट भवन, जिला रीवा (म.प्र.)

ई-मेलः wcdrew@mp.nic.in

क्रमांक -/म.बा.वि./ICPS/2025 रीवा, दिनाँक ...../......../2025

// जैविक माता-पिता की खोज हेतु विज्ञप्ति //

| क्र. | बालक / बालिका का नाम | बालक / बालिका का विवरण | रंगीन फोटो |
|---|---|---|---|
| 1. | नाम-<br>आयु-<br>लिंग-<br>शारीरिक स्थिति- | भूमिजा<br>25 दिन लगभग<br>स्त्री<br>लम्बाई 43 से.मी., रंग-गेहुआ, आँखों का रंग, काला, सिर का घेरा-37 से.मी वजन -2.5 कि.ग्रा., प्राप्ति स्थान-सेमरिया रीवा |  |

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं नियम 2016 के अतर्गत उक्त बालक/बालिकाओं को दत्तकग्रहण हेतु विधिक रूप से मुक्त घोषित किया जाना है। इस संबंध में बालक / बालिकाओं के कोई वैधानिक अभिवावक जो उसे प्राप्त करना चाहते है, तो विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से तीस दिवस के भीतर कार्यालयीन दिवस एवं समय में पर्याप्त पुष्टिकारक प्रमाण के साथ, संस्था शिशुगृह सतना के भारसाधक अधिकारी श्री प्रदीप सक्सेना मो.नं. 9425330646 एवं मेल आईडी satnasev-abharti@gmail.com एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय जिला रीवा समयावधि समाप्ति के उपरांत उक्त बालिका को दत्तकग्रहण हेतु विधिक रूप से मुक्त घोषित करने की कार्यवाही की जाएगी तथा इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

जी-17947/25
जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला रीवा (म.प्र.)

### आम सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि " M/s Wind Group" Shop No 2, 1st Floor Martand Complex, Pili Kothi, Rewa में पंजीकृत है। जिसमें भागीदारी तौसीफ अहमद सभीहा बानो अशोक कुमार सिंह थे। उक्त फॉर्म में से अशोक कुमार सिंह आज दिनांक 29/8/2025 से पृथक हो गए हैं। उक्त दिनांक से फॉर्म में नए भागीदार के रूप में तौसीफ अहमद 60 प्रतिशत सबीहा बनो 40 प्रतिशत के भागीदार नियत हुए हैं। समस्त प्रकार के कार्यो के लिए सम्मिलित भागीदार और दिनांक से उत्तदाई होंगे। सर्व साधारण सूचित हो ।

भवदीय
तौसीफ अहमद
पता– मार्तण्ड कंपलेक्स पीली कोठी
RN- 84513 जिला –रीवा (म.प्र.)

### आम सूचना

यह कि सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया मुख्य शाखा सिरमौर चौराहा के पास, समदड़िया काम्प्लेक्स के सामने रीवा, बैंक के संभावित ऋणी ग्राहक श्रीमती नीलिमा तिवारी पत्नी श्री अजय कुमार तिवारी निवासी रवीन्द्र नगर रीवा (म.प्र.) द्वारा अपने स्वत्वअधिपत्य कि भूमि आराजी खसरा क्र. 62/1/1, रकबा 0.341 हेक्टेयर स्थिति ग्राम शाह पटवारी हल्का खुटहा, तहसील रामपुर बघेलान जिला सतना (म.प्र.) को बंधक रख कर संभावित ऋणी श्रीमती नीलिमा तिवारी पत्नी श्री अजय कुमार तिवारी द्वारा ऋण लिया जाना एवं बैंक द्वारा उक्त परिसम्मपति बंधक कर ऋण स्वीकृति किया जाना प्रस्तावित है, उक्त भूमि संभावित बंधककर्ता द्वारा विक्रय विलेख विक्रय पत्र क्र. MP348652018A1187861 दिनांक 22.03.2018 द्वारा विक्रेता स्वामी श्री केशव प्रसाद तनय श्री कालू राम ब्रा. से क्रय की गयी थी। यदि किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक अथवा विक्रेता या किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह की आपत्ति अथवा विरोध हो तो नीचे दिये गये मो.न. में सात दिवस के अन्दर अभिलेखो सहित सम्पर्क स्थापित कर सकते है। किसी भी तरह की आपत्ति न मिलने पर यह माना जायेगा कि उक्त परिसम्पत्ति पूर्ण रूप से निर्विवादित एवं पाक एवं साफ है, किसी भी तरह का बंधक एवं विवाद आदि नही है तथा न्यायालयीन प्रकरण किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नही है। इस प्रकार से सात दिवस पश्चात किसी भी तरह का किया गया आक्षेप/आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगा।

भवदीय
प्रबंधक
सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया मुख्य शाखा सिरमौर चौराहा के पास रीवा (म.प्र.)
मो.नं.: 7000085241
द्वारा अधिवक्ता
नरेश कुमार सोनी एडवोकेट
चे. नं. 06 नवीन अधिवक्ता भवन जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा जिला रीवा म.प्र.
अधिवक्ता
RN-84517 मो. नं. 9425363457,

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी (म.प्र.)

सम्राट चौराहा के पास, ई–मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822–292508

निविदा सू.क. 11/ नि.प्र./ व.ले.लि./ का.य. /लो.स्वा.यां.वि. /25–26 सीधी दिनांक 26.08.2025

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.09.2025 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 12.09.2025 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- Providing a complete utility vehicle for handpump maintanance (per thousand number of handpump) विकासखण्ड कुसमी, मझौली सीधी एवं सिहावल के ग्रामों में स्थापित निम्नानुसार स्थापित हैण्डपम्पों का संधारण कार्य की निविदा ।

| S. N. | Tender ID | Block | Mo of Hand Pump | PAC(Rs. in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_447143_1 | विकासखण्ड कुसमी | 2150 | 23.00 | 46000 | 5000 | I Call |
| 2 | EE_PHED_447144_1 | विकासखण्ड मझौली | 1300 | 13.91 | 27820 | 2000 | IV Call |
| 4 | EE_PHED_447145_1 | सिहावल सोननदी के उत्तरी भाग | 2800 | 29.95 | 50000 | 5000 | I Call |
| 5 | EE_PHED_447146_1 | सिहावल सोननदी के दक्षिणी भाग एवं सीधी पूर्वी भाग–1 | 2583 | 27.63 | 50000 | 5000 | I Call |

G-17972/25
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी (म.प्र.)

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक–1 रीवा

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 14/ब.ले.लि./निविदा/2025–2026 रीवा, दिनांक 25/08/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र–अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | 1– अमानत राशि 2– निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1– निविदा आमंत्रण क्र. 2– कार्यावधि सहित/छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 446954 | उपसंभाग क्रमांक–1 रीवा के अन्तर्गत वर्षा से क्षतिग्रस्त मार्गो में पैच मरम्मत, व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम एवं अन्य रखरखाव का कार्य | 50.00 | 1- 50000.00<br>2- 5000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– दस माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 446955 | उपसंभाग क्रमांक–3 रीवा के अन्तर्गत वर्षा से क्षतिग्रस्त मार्गो में पैच मरम्मत, व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम एवं अन्य रखरखाव का कार्य | 50.00 | 1- 50000.00<br>2- 5000.00 | 1– प्रथम आमत्रण<br>2– दस माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | PWDRB 446957 | उपसंभाग मनगवां के अन्तर्गत वर्षा से क्षतिग्रस्त मार्गो में पैच मरम्मत, व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम एवं अन्य रखरखाव का कार्य | 50.00 | 1- 50000.00<br>2- 5000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– दस माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | PWDRB 446959 | उपसंभाग मऊगंज के अन्तर्गत वर्षा से क्षतिग्रस्त मार्गो में पैच मरम्मत, व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम एवं अन्य रखरखाव का कार्य | 50.00 | 1- 50000.00<br>2- 5000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– दस माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | PWDRB 446962 | उपसंभाग त्योंथर के अन्तर्गत वर्षा से क्षतिग्रस्त मार्गो में पैच मरम्मत, व्ही.व्ही.आई.पी. प्रोग्राम एवं अन्य रखरखाव का कार्य | 50.00 | 1- 50000.00<br>2- 5000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– दस माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | PWDRB 446963 | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत शासकीय आवास नं. जी–1 कंटरजेसी क्वार्टर (श्री रघुवर कोल) सी.एम.ओ. आफिस के पास बिछिया रीवा का कार्य | 3.39 | 1- 6780.00<br>2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– दो माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | PWDRB 446964 | उपसंभाग मनगवां के अन्तर्गत उपखण्ड गंगेव के मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य | 16.92 | 1- 33840.00<br>2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | PWDRB 446965 | उपसंभाग मनगवां के अन्तर्गत उपखण्ड रायपुर कर्चुलियांन के मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य | 16.92 | 1- 33840.00<br>2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 9 | PWDRB 446966 | उपसंभाग मनगवां के अन्तर्गत उपखण्ड नईगढी के मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य | 16.92 | 1- 33840.00<br>2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 10 | PWDRB 446968 | उपसंभाग मनगवां के अन्तर्गत उपखण्ड मनगवां के मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य | 16.92 | 1- 33840.00<br>2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 11 | PWDRB 446969 | उपसंभाग मनगवां के अन्तर्गत उपखण्ड देवतालाव के मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य | 16.92 | 1- 33840.00<br>2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 12 | PWDRB 446970 | उपसंभाग मनगवां के अन्तर्गत उपखण्ड लालगांव के मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य | 16.92 | 1- 33840.00<br>2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 13 | PWDRB 446971 | उपसंभाग मऊगंज के अन्तर्गत उपखण्ड मऊगंज के मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य | 16.92 | 1- 33840.00<br>2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 14 | PWDRB 446972 | उपसंभाग मऊगंज के अन्तर्गत उपखण्ड मऊगंज प्रथम के मार्गो में पैच मरम्मत का कार्य | 16.92 | 1- 33840.00<br>2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 15 | PWDRB 446973 | शा0 स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय रीवा के बाहरी दीवालों के चारो तरफ एवं महाविद्यालय के अंदर गैलरी मे पुताई एवं पुटटी का कार्य | 19.98 | 1- 39960.00<br>2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– तीन माह वर्षाकाल सहित |
| 16 | PWDRB 446974 | शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में वाटर प्रूफिंग का कार्य | 12.75 | 1- 25500.00<br>2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण<br>2– तीन माह वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 421.48 | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 15/09/2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है।** विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी–17987/25
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग क्रमांक–1 रीवा

## वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन करने की प्रक्रिया पर कार्यशाला का आयोजन



**जागरण, मंडला।** वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन करने की प्रक्रिया को लेकर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के आडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया। वन, राजस्व एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से संयुक्त रूप से शनिवार को यह कार्यशाला आयोजित हुई। इस कार्यशाला में वन ग्रामों में निवास करने वाले परिवारों के लिए वन अधिकार पत्र जारी करने, ग्रामों की सीमाओं का निर्धारण करने, वन भूमि के पट्टों का आवश्यकता अनुसार पट्टा नवीनीकरण करने तथा सर्वे जैसे विषयों पर विस्तार से विमर्श किया गया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर सहायक संचालक केटीआर बफर जोन आशीष पाण्डेय ने संपरिवर्तन करने की प्रक्रिया की एसओपी को सभी के साथ साझा किया। इस कार्यशाला में एसओपी के सातों चरणों को विस्तार से समझाते हुए इसकी तय टाइम लाइन भी बताई गई। इस दौरान उपस्थित वन विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों, वन समिति सदस्यों तथा किसानों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। कार्यशाला में वन विभाग, राजस्व विभाग, जनजातीय कार्य विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी - कर्मचारी, वन समिति सदस्य तथा वन ग्रामों के कृषक शामिल हुए।

# पात्र किसानों को शीघ्र मिलेगा वनाधिकार पत्र, कलेक्टर ने लगाई विशेष चौपालें

जागरण, डिंडोरी



पात्र किसानों को वनाधिकार पत्र शीघ्र उपलब्ध कराने और लंबित आवेदनों का निस्तारण करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा विशेष चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने विकासखंड करंजिया के वनग्राम बावली, बिजौरी, जोगीगुवारा, भलवाही टोला, ग्रामपंचायत वनग्राम चौरादादर, सोनतीरथ, ग्राम पंचायत वनग्राम खारीडीह, नीमटोला, नीचेटोला प्रागंण में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर निराकरण किया शेष समस्याओं को विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**ग्राम पंचायत बावली चौपाल में 15 आवेदन प्राप्त :** वनग्राम बावली की चौपाल में वनाधिकार पत्र के वितरण व संसोधन हेतु ग्राम बावली में बरगद के पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, वनाधिकार पत्र से संबंधित विस्तृत चर्चा की। और ग्राम पंचायत सचिव ने बताया की वर्तमान में 15 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 15 आवेदन पात्र पाए गए जिन्हें वनमित्र पोर्टल पर अपलोड कर दिया है। शेष दो आवेदन चौपाल के दौरान बीटगार्ड ने थानसिंह पिता मोहन सिंह, जीवन सिंह पिता मोहन सिंह, कोषक ग्राम बिजौरी के प्रकरण को ग्राम समिति में कार्यवाही कर दो दिवस के अंदर वनमित्र पोर्टल में ऑनलाइन प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान गांव के लोगों ने नवीन माध्यमिक शाला, पानी, विद्युत की मांग रखी जिस पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त को भारत सरकार की धरती आवा योजना के तहत आरईएसई को निमार्ण संबंधी कार्यवाही करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने पटवारी, बीट गार्ड एवं सचिव को दो दिवस के भीतर पात्र आवेदनों को सरपंच के साथ बैठकर गांव के लोगों से विचार-विमर्श कर शेष आवेदनों पर निर्णय कर शीघ्र वनमित्र पोंटल पर ऑनलाइन प्रविष्टि करें ताकि समयसीमा के अंदर वनाधिकार पत्र वितरण सुनिश्चित किया जा सके।

### चौरादादर चौपाल में 24 आवेदन प्राप्त

ग्रामपंचायत वनग्राम चौरादादर के पंचायत भवन प्रागंण में वन अधिकार के निराकरण के लिए आयोजित चौपाल में कुल 24 आवेदन पर चर्चा हुई, जिसमें बीटगार्ड ने बताया की हमारे समिति के द्वारा 24 आवेदन वन मित्र पोंटल पर अपलोड करने की कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान में सभी आवेदनो का निराकरण कर दिया गया है। सरपंच श्रीमती मकरती पेन्द्रो चौरादादर व कलेक्टर ने चौपाल में बैठे ग्रामीणों से अन्य समास्यां की जानकारी ली जिस पर गांव के लोगों ने टावर, विद्युत पानी की मांग रखी जिस पर पीएचई विभाग को गांव में सर्वे कराकर हेंडपंप या नल-जल योजना संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अंत में चौपाल को संबोधित करते हुए कहा की सभी 2005 से काबिज पात्र किसानों को प्रति किसान को चार हेक्टेयर भूमि देने का प्रावधान है, उससे अधिक पर परिवार के अन्य सदस्य को दी जा सकती है एवं पिछड़ा वर्ग समुदाय के 46 परिवार निवासरत है जिन्हें शासन के निर्देशानुसार 13-12-2005 से पूर्व तीन पीढी या 75 वर्ष से काबिज भूमि के अभिलेख प्रस्तुत करने पर भूमि का वन अधिकार पत्र दिया जायेगा। जिस हेतु पटवारी, बीटगार्ड, सरपंच, सचिव को समन्वय के साथ आवाश्यक दस्तावेज के साथ फाइल तैयार करे। ग्राम पंचायत खारीडीह वनग्राम चौपाल में 23 आवेदन प्राप्त,ग्राम पंचायत खारीडीह वनग्राम के वन विभाग रेस्ट हाउस चौपाल आयोजित की गई जिसमें खारीडीह एवं आस-पास के कोषक ग्राम के लोग चौपाल में एकत्र हुए, जिसमें वन अधिकार पत्र के प्राप्त ओवदन व संशोधन, पत्र वितरण पर चर्चा की गई। सचिव ने बताया की अभी तक ग्रम में 23 आवेदन प्राप्त हुए है, जिन्हें वन अधिकार वनमित्र पोटर्ल पर अपलोड करना बाकि और शेष आवेदन गांव के द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे है। जिस पर कलेक्टर ने बीटगार्ड, सचिव, सरपंच, पटवारी को तीन दिवस के अंदर एसडीएम बजाग से समन्वय कर वनमित्र पोर्टल पर समस्त आवेदन अपलोड करने के निर्देश दिए। लापरवाही करने पर संबंधित कर्मचारी पर कार्यवाही की जायेगी। गांव के लोगों ने नेटवर्क हेतु टॉवर, पेयजल, विद्युत संचालन की मांग रखी जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चौपाल के दौरान गांव के लोगों को अवगत कराया की देश के प्रधानमंत्री ने आपके आवश्यकताओं को गंभीरता से लेते हुए गांव-गांव में आदि कर्मयोगी केन्द्र खोलें जायेंगे जो गांव में निवासरत लोगों की आवश्यकता के अनुसार योजनाओं का लाभ आपको पहुचांया जायेगा इस योजना का जिला मुख्यालय, विकासखंड स्तर पर मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है आगामी समय तक आपके गांव में भी जानकारी दी जायेगी। उक्त चौपालों में एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री राजेंद्र कुमार जाटव, रेंजर श्री मिथुन सोंधिया, एसडीओ आरइएस, बीओ श्री आरके पांडे, बीआरसी श्री अजय राय, तहसीलदार शैलेष गौर, सरपंच श्रीमती हेमलता मरावी, सचिव, बीटगार्ड, पटवारी, आरआई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## दबंगों ने की घर पर जाकर वृद्ध से मारपीट और गाली-गलौज

### अवैध कट्टा लेकर परिजनों को दे रहे जान से मारने की धमकी



**जागरण, टीकमगढ़।** जिले में अपराधियों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है, अब जब कोई किसी व्यक्ति से की गलतियों को उजागर करता है तो उसे डराने-धमकाने और मारने की नोबत आ जाती है, ऐसा ही एक मामला मोहनगढ़ थाना के बंधा चौकी अंतर्गत आने बाले ग्राम बरेठी का सामने आया है, जंहा के पीड़ित एडवोकेट ओमप्रकाश दीक्षित ने एसपी को शिकायत करते हुए बताया कि उनके द्वारा पूर्व में ग्राम पंचायत बरेठी में किये गए भ्रस्टाचार की शिकायत और तालाबो पर मछुआरों को धमकाने और दबंगई करने की शिकायत जिले के अधिकारियों से लेकर भोपाल तक दर्ज कराई है, इसी बात को लेकर गांव का दबंग सगुन दांगी निवासी बरेठी ने फोन लगाकर पहले ओमप्रकाश दीक्षित को जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद पीड़ित ने बंधा चौकी पहुंचकर मामले कि शिकायत दर्ज कराई, जब पीड़ित गांव से टीकमगढ़ लौटकर आया तो गांव में रहने बाले पीड़ित ओमप्रकाश दीक्षित के बड़े भाई उमाशंकर दीक्षित जो वृद्ध है उनके घर जाकर सगुन दांगी निवासी बरेठी, चाली दांगी निवासी नदनवारा, रूपसिंह दांगी निवासी बंधा और प्रमोद दांगी निवासी कांटी जो दबंग प्रवत्ति के व्यक्ति है और इन पर पहले से कई मामले दर्ज है, इन्होंने पीड़ित के बड़े भाई के घर जाकर उनसे गाली-गलौज कर मारपीट कर दी, और देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई, जिसकी पीड़ित ओमप्रकाश दीक्षित ने पुलिस अधीक्षक को इस मामले की शिकायत दर्ज कराई और कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित ओमप्रकाश दीक्षित ने आरोप लगाते हुए बताया की सगुन दांगी की दादी पूर्व में ग्राम पंचायत की सरपंच रही, जिनके द्वारा ग्राम पंचायत में जमकर भ्रस्टाचार किया गया, साथ ही यह लोग क्षेत्र के गरीब मछुआरों को तालाबो पर जाकर धमकाते है और उनके तालाबो के अध्यक्षों से सांठगांठ कर तालाबो में ज़बरदस्ती मछलियां पकड़ते है। जिससे क्षेत्र के मछुआरों में दहशत का माहौल रहता है। यह आपराधिक प्रवत्ति के लोग है और देशी कट्टा लेकर आये दिन मेरे परिवार बालो को जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ित ओमप्रकाश दीक्षित ने एसपी को दिए आवेदन में दबंगो पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

## दिनदहाड़े मंडला में साढ़े चार लाख की चोरी, पुलिस की चौकसी पर सवाल




**जागरण, मंडला।** शहर के बीचों-बीच बड़ चौराहा क्षेत्र शुक्रवार दोपहर सनसनीखेज वारदात का गवाह बना। यहां एक युवक से साढ़े चार लाख रुपये से भरा बैग पलभर में गायब हो गया। घटना इतनी फिल्मी अंदाज़ में हुई कि चोर चंद मिनटों में रकम लेकर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, युवक महाराष्ट्र बैंक से करीब साढ़े चार लाख रुपये निकालकर बड़ चौराहा स्थित चौरसिया मेडिकल पर दवा खरीदने गया था। उसने रुपयों से भरा बैग अपनी बइक पर टांग दिया और दुकान के भीतर चला गया। इस दौरान उसकी बड़ी मम्मी बाइक के पास खड़ी थीं। लेकिन जब युवक दवा लेकर बाहर आया, तब तक बैग गायब हो चुका था। बताया जा रहा है कि चोरी हुआ पैसा युवक का निजी नहीं था, बल्कि उस मेडिकल दुकान का था जहां वह काम करता है। घटना के बाद युवक का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। वहीं, शहर के सबसे व्यस्त इलाके में दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि जहां हर वक्त गहमागहमी रहती है, वहां इस तरह लाखों रुपये की चोरी होना पुलिस की चौकसी पर सवाल खड़े करता है।

# विद्युत करंट से नीलगाय की मौत के आरोपी को जेल

### दो दिन बाद उर नदी से अवैध रेत परिवहन में जब्त हुए दो ट्रैक्टर



**जागरण, टीकमगढ़/जतारा।** वन विभाग की लगातार सख्ती और ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। बीते 28 अगस्त को पलेरा नगर परिषद क्षेत्र में नीलगाय की करंट लगने से मौत के मामले में आरोपी को जेल पहुंचाने के बाद, विभाग ने 30 अगस्त को उर नदी से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर जप्त किए।

**नीलगाय की मौत पर आरोपी जेल भेजा गया :** मामला 28 अगस्त की सुबह का है, जब पलेरा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 में बारे लाल माते के खेत में एक वन्य प्राणी नीलगाय करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच के बाद वन विभाग ने आरोपी बारे लाल माते को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39 और 51 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 249/11 पंजीबद्ध किया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 29 अगस्त को जेल वारंट जारी कर उसे जेल दाखिल करा दिया गया।

**उर नदी से अवैध रेत परिवहन में दबिश :** इसके बाद 30 अगस्त को वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार को मुखबिर से सूचना मिली कि बीट कछोरा के जंगल से होकर बहने वाली उर नदी से अवैध रेत निकाली जा रही है। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दो लाल रंग के न्यू सोल्ड ट्रैक्टर जब्त किए। दोनों ट्रैक्टरों की ट्रॉलियों में आधी से अधिक रेत भरी हुई थी। इन वाहनों के मालिकों प्रकाश कुशवाहा एवं घमंडी अहिरवार के खिलाफ वन अपराध प्रकरण क्रमांक 249/12 और 249/13 30 अगस्त को दर्ज किया गया। दोनों ट्रैक्टरों को अग्रिम कार्रवाई के लिए वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है।

**वन अमले की बड़ी कार्रवाई :** यह कार्रवाई वन संरक्षक छतरपुर, वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ एवं उपवन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा-निर्देशन में तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के नेतृत्व में की गई। इस दौरान वन अमले के रूप में कार्यवाहक उपवन क्षेत्रपाल ओमप्रकाश रैकवार, वनपाल सीपी सौर, रियाजउद्दीन काज़ी, राजेश विक्रम सिंह, जालम प्रजापति, वनरक्षक पुष्पेंद्र सिंह बुंदेला, धीरज सोनी, ललित राय, विकास वर्मा, प्रमोद अहिरवार, संजय दीक्षित, शुभम पटेल, जयराम अहिरवार, अशोक वर्मा, अमन प्रजापति, विवेक वंशकार तथा स्थायी कर्मचारी अनिल द्विवेदी, आजाद खान और वाहन चालक शहीद खान शामिल रहे।

## गीधा पंचायत विवाद : पंचायत सचिव सस्पेंड रोजगार सहायक आधे वेतन पर कार्यमुक्त




**जागरण, डिंडोरी।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के ग्राम पंचायत गीधा, जनपद पंचायत बजाग में पदस्थ सचिव और ग्राम रोजगार सहायक पर ग्रामीणों की शिकायतों के बाद जिला पंचायत डिंडौरी ने सख्त कार्रवाई की है।ग्राम पंचायत गीधा के निर्वाचित पंचगणों ने जिला पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर सचिव लाल सिंह और ग्राम रोजगार सहायक जनपद सिंह उइके के विरुद्ध गंभीर शिकायतें प्रस्तुत की थीं।शिकायत में आरोप लगाया गया कि दोनों सचिव-रोजगार सहायक के द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में नियोजित श्रमिकों को समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे श्रमिकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही योजनाओं की राशि का दुरुपयोग कर निर्माण कार्य अनुपयोगी एवं अनुपयुक्त स्थानों पर कराए गए, जिनसे ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिला। ग्रामीणों द्वारा आपत्ति जताने पर दोनों का रवैया दबंगईपूर्ण बताया गया।

**सचिव लाल सिंह पर कार्रवाई :** जिला पंचायत डिंडौरी ने सचिव लाल सिंह को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय पर निराकरण न करने और नियमों के उल्लंघन का दोषी मानते हुए मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा और मुख्यालय जनपद पंचायत बजाग निर्धारित किया गया है।

**रोजगार सहायक जनपद सिंह उइके पर कार्रवाई :** वहीं ग्राम रोजगार सहायक जनपद सिंह उइके के विरुद्ध भी गंभीर आरोप पाए जाने पर उनके खिलाफ जांच समिति गठित की गई है। जांच समिति में सीईओ जनपद पंचायत बजाग, सहायक यंत्री एवं एपीओ मनरेगा अमरपुर शामिल हैं। जांच पूरी होने तक जनपद सिंह उइके को शासकीय कार्यों से विरत रखा गया है और नियमों के अनुसार उन्हें मासिक पारिश्रमिक का केवल 50 प्रतिशत ही प्राप्त होगा। इस दौरान उन्हें जनपद पंचायत बजाग में संलग्न किया गया है।

### अंत्येष्टि सहायता राशि भुगतान में लापरवाही बरतने पर जनपद सीईओ सस्पेंड

**जागरण, डिंडोरी।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में सी.एम. हेल्पलाइन शिकायत में गंभीर लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत बजाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम.एल. धुर्वे को निलंबित कर दिया गया है। जबलपुर संभागायुक्त ने आदेश जारी करते हुए कहा कि शिकायत के निराकरण में उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरती गई, जो कि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 का उल्लंघन है।ग्राम पंचायत पिण्डरूखी निवासी रूप सिंह ठाकुर ने 11 मार्च 2025 को सी.एम. हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज की थी कि उनकी पत्नी मालती बाई की मृत्यु उपरांत अंत्येष्टि सहायता राशि 5000 रुपये प्राप्त नहीं हुई। मामले में उच्च स्तर के अधिकारियों द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद भी एम.एल. धुर्वे द्वारा संबल पंजीयन एवं भुगतान संबंधी कार्यवाही नहीं की गई।कमिश्नर ने आदेश में उल्लेख किया कि धुर्वे की इस लापरवाही से प्रकरण का उचित निराकरण नहीं हो सका।

## बस पलटने से घायल हुए यात्रियों को दी गई त्वरित चिकित्सा सुविधा

**जागरण मंडला।** शनिवार को सिंगपुर निवास में बस के पलटने से घायल हुए 23 लोगों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास में भर्ती किया गया। सभी घायलों का त्वरित प्राथमिक उपचार किया गया एवं प्रारंभिक उपचार के पश्चात लगभग 11 बजे 15 घायलों को मामूली चोट लगने पर प्राथमिक चिकित्सा देकर छुट्टी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे.मोहंती ने बताया कि शेष 08 मरीजों को निगरानी में रखा गया। जिसमें लक्ष्मी पिता राजेंद्र ,श्यामलाल पिता दयाली यादव, शालिनी भवेदी पिता राजकुमार भवेदी, भूरा सिंह पिता भारत सिंह, अजय वरकडे, पिता मल्लू सिंह, उल्कट पिता हेमंत, हलकट पिता हिम्मत, साक्षी यादव पिता लक्ष्मण सिंह यादव को जिला स्तरीय टीम डॉ. सुमित सिंगौर, जिला क्षय अधिकारी, डॉ .वाय के झरिया जिला टीकाकरण अधिकारी, एवं डॉ अंकित जायसवाल अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच कर उपचार दिया गया । उपचार उपरांत 7 मरीजों को डिस्चार्ज कर घर जाने दिया गया । एक घायल युवक उल्कट काकोड़िया को कमर में चोट के कारण भर्ती रखा गया, एवं शालिनी भवेदी पिता राजकुमार उम्र 16 को सर में चोट के कारण जांच एवं उपचार हेतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया। शेष सभी मरीजों की स्थिति सामान्य है।

## बिना आदेश प्राथमिक शाला बैगाटोला चंदगांव बंद




**जागरण, मंडला।** शनिवार को प्राथमिक शाला बैगाटोला चंदगांव में पदस्थ शिक्षकों की लापरवाही सामने आई है जहां पर दोपहर एक बजे के करीब ही शाला में ताला डाल कर शिक्षक रवाना हो गए। दर्जनों जिसमें इस दौरान विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को समय से पूर्व ही घर भेज दिया गया, जिससे न केवल बच्चों की पढ़ाई बाधित हुई बल्कि अभिभावकों में भी नाराज़गी का माहौल देखा गया। ग्रामवासियों का कहना है कि विद्यालय समय से पूर्व बंद करना शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ है। शासन द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर शिक्षक ही अपने दायित्वों का पालन न करके नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। विद्यालय में नियमित पढ़ाई न होने से बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर प्रतिकूल असर पड़ता है। स्थानीय लोगों ने जिला शिक्षा विभाग से इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शिक्षक मनमाने ढंग से विद्यालय बंद करते रहेंगे तो बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। शिक्षा विभाग को चाहिए कि ऐसे मामलों पर तुरंत संज्ञान लेकर कठोर कदम उठाए, ताकि आगे इस प्रकार की लापरवाही दोहराई न जा सके।विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है और वहां अनुशासन एवं नियमों का पालन आवश्यक है। ऐसे में बिना किसी आदेश या कारण के विद्यालय का समय से पूर्व बंद होना शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर सद्भावना फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन

### सिटीजन इलेवन ने पुलिस इलेवन को 4 / 0 से मात

### खेल के जरिए पुलिस ने दिया यातायात के नियमों का पालन और नशे से दूर रहने का सन्देश



**जागरण, मंडला।** शनिवार को स्थानीय महात्मा गाँधी स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में सद्भावना फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। यह फुटबॉल मैच जिला पुलिस बल द्वारा मेजर ध्यानचंद की याद में आयोजित किया गया। पुलिस एकादश और सिटीजन एकादश के बीच आयोजित इस मैच का मकसद युवा पीढ़ी को नशे से दूर कर मैदान से जोड़ना तो था ही साथ इसके जरिये जिला पुलिस बल ने आमजन को यातायात के नियमों का पालन करने और साइबर फ्रॉड से सचेत रहने के लिए भी जागरूक किया। मैच के पहले मेजर ध्यानचंद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के साथ बेहतर खेल प्रदर्शित करने के लिए शुभकामनाये भी दी। इस मैच के जरिये पुलिस ने यह सन्देश भी देने की कोशिश की कि वह पुलिसिंग के आलावा खेलकूद व विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर आमजन के साथ कन्धे से कन्धे मिलाकर कार्य करने के लिए संकल्पित है। इस सद्भावना मैच में दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच के पहले ही मिनिट में पुलिस को गोल करने का सुनहरा अवसर मिला। पुलिस इलेवन के खिलाडी द्वारा ली गई फ्री किक सीधे गोल पोस्ट पर टकरा गई। इसके बाद सिटिज़न इलेवन के खिलाडियों ने पुलिस को गोल करने का मौका नहीं दिया। इस रोमांचक मुकाबले में सिटीजन एकादश की टीम विजेता 4 / 0 से विजय रही। सिटिज़न इलेवन की तरफ से बिलाल खान ने 1, प्रथम चौकसे ने 2 और यावेश संत ने 1 गोल किया। मैच के अंत में पुलिस इलेवन के कप्तान संदीप भारतीय को उपविजेता और सिटीजन इलेवन के कप्तान पंकज उसराठे को विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। मैच में रेफरी की भूमिका का निर्वहन अभिषेक यादव, अस्सिटेंट रेफरी की भूमिका अतुल चीचाम व नीरज मार्को ने निभाई। मैच के बाद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामना देते हुए अच्छे खेल के लिए भी बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि कि जब भी आप दो पहिया वाहन चलाएं तो हेलमेट जरूर लगाए। मैं यह मानकर चलता हूं कि खिलाड़ी जो होता है वह हमेशा नशे से खुद को, अपने दोस्तों को, अपने परिजनों को दूर रखता है। जब भी चार पहिया वाहन चलाएं तो सीट बेल्ट जरूर लगाए। बहुत सारी ऐसी चीज जो हमारे आसपास होती रहती है। हम सब फोन का इस्तेमाल करते हैं। मोबाइल पर आए हुए किसी भी अनजान मैसेज को क्लिक न करें। अपने ओटीपी किसी से शेयर ना करें। बैंक संबंधी ऐसी कोई भी जानकारी किसी से शेयर ना करें जिससे आपकी गाढ़ी कमाई के साथ कोई फ्रॉड हो जाए। साथ में महिला और बच्चों की सुरक्षा के लिए असली हीरो बनकर रहे। जहां पर भी कभी ऐसा अवसर आता है तो जरूर उसके बारे में रोक-टोक करें। यदि कोई व्यक्ति गर्ल्स स्कूल या कॉलेज या किसी ऐसे स्थान / बाजार में बच्चियों या महिलाओं से छेड़खानी करता है तो रोक-टोक करें, पुलिस को खबर करें। उनके वीडियो बनाएं। यह हमारा खेल जो है हम सबको टीम वर्क के साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## भारत-अमेरिका तनाव की आंच दूसरे देशों पर भी

***भारत और अमेरिका के बीच चल रहे व्यापारिक तनाव के माहौल में जरूरी है कि दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर संवाद जारी रहे। अच्छी बात यह है कि बेसेंट के मुताबिक, दोनों पक्ष मौजूदा हालात को लेकर चिंतित हैं और मसले को सुलझाना चाहते हैं।***

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर पचास फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास आती दिख रही है। पर अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की यह उम्मीद कि आखिरकार अमेरिका और भारत साथ आएंगे, मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। अच्छी बात यह है कि अमेरिका के एकतरफा टैरिफ और कुछ तीखे बयानों के बावजूद बातचीत का रास्ता फिलहाल बंद नहीं हुआ है। दोनों ही देशों में अभी भी बहुत से लोगों को उम्मीद है कि वॉशिंगटन और नई दिल्ली, दोनों मिलकर इस मसले को सुलझा सकते हैं।*

*दरअसल, भारत पर थोपे गए ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ को लेकर अमेरिका में साफ तौर पर दो विरोधी स्वर सुनाई पड़ रहे हैं। एक धड़ा कूटनीतिक सीमाओं के इतर जाकर बयानबाजी कर रहा है और जिसकी वजह से दोनों देशों के संबंधों में तनाव बढ़ा है। वहीं, दूसरे धड़े का मानना है कि रूस से तेल खरीदने के लिए केवल भारत को निशाना बनाना सही नहीं, जबकि रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार चीन है। ऐसे माहौल में सबसे जरूरी चीज है कि दोनों देशों (भारत और अमेरिका) के बीच शीर्ष स्तर पर संवाद जारी रहे। अच्छी बात यह है कि बेसेंट के मुताबिक, दोनों पक्ष मौजूदा हालात को लेकर चिंतित हैं और मसले को सुलझाना चाहते हैं।*

*बहरहाल, भारत-अमेरिका का रिश्ता केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। हाल के बरसों में दोनों ने सुरक्षा, तकनीक, ऊर्जा समेत दूसरे क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर सहयोग का दायरा बढ़ाया है। अपनी सनक में अमेरिकी राष्ट्रपति जो भूल रहे हैं वह यह कि दक्षिण एशिया में चीनी मनमानी पर नियंत्रण के लिए अमेरिका को खासतौर पर भारतीय सहयोग की जरूरत है। इसी मकसद से क्वॉड का गठन किया गया, जिसे अमेरिकी सरकार ने तवज्जो भी दी। लेकिन, ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी की वजह से क्वॉड के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं, वॉशिंगटन में यह भी चिंता है कि पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका रिश्तों में जो प्रगति हुई थी, वह इन कुछ दिनों में बेकार हो गई।*

*ट्रंप की एक तरफा कार्रवाई से दुनिया की राजनीति और कूटनीति भी प्रभावित हो रही है। जो भारत अमेरिका के साथ बढ़ती नजदीकी के चलते धीरे-धीरे रूस से दूर होता जा रहा था, उसे अब रूस के पास जाने को एक तरह से मजबूर किया जा रहा है। इतना ही नहीं चीन के साथ भी भारत को अपने रिश्ते सुधारने के लिए कवायद करनी पड़ रही है। कुछ लोग तो यह कहने लगे हैं कि ट्रंप सोची समझी रणनीति के तहत भारत को चीन की तरफ धकेल रहे हैं।*

*भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका सबसे पुराना लोकतंत्र। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और अमेरिका सबसे अमीर अर्थव्यवस्था। यदि खुदा न खास्ता दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में सुधार नहीं होता है और टकराव बढ़ने की नौबत आती है, तो इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। अमेरिका की तथाकथित मांग के अनुसार, भारत अगर रूस से कच्चे तेल की खरीदारी बंद भी कर देता है, तो इससे ग्लोबल ऑयल सप्लाई बाधित होगी और तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस पहलू को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। दोनों देशों के बीच पिछले एक दशक में द्विपक्षीय व्यापार लगभग दोगुना हो गया है और इसे 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन यह तभी संभव है, जब मौजूदा गतिरोध खत्म हो। इसके लिए बातचीत ही रास्ता है। अड़ियल रुख अपनाने के बजाय अमेरिका को भारतीय नजरिया समझने की जरूरत है।*

# 2021 के विनिवेश लक्ष्यों को जल्द लागू करने की जरूरत

अर्थव्यवस्था

अजय त्यागी




**विनिवेश 2021 से पूर्व की तुलना में भी कम हो गया है। राजस्व घाटे पर अंकुश के लिए राजस्व के एक अतिरिक्त स्रोत का इंतजाम करने के लिए बजट में सालाना विनिवेश लक्ष्य तय करने का चलन शुरू हुआ था। लेकिन विनिवेश का उद्देश्य केवल राजस्व के एक अतिरिक्त स्रोत का ही इंतजाम करना नहीं है। वास्तव में अन्य बातें राजस्व सृजन के मकसद से भी अधिक महत्त्वपूर्ण हैं।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2021 में आयोजित एक वेबिनार में ठीक ही कहा था कि 'सरकार को स्वयं कारोबार करने के झमेले में नहीं पड़ना चाहिए'। उनका यह संक्षिप्त भाषण काफी संजीदगी से तैयार किया गया था और इसमें अंतर्निहित संदेश पूरी तरह स्पष्ट था। प्रधानमंत्री के उक्त बयान के बाद वित्त वर्ष 2021-22 के लिए प्रस्तुत बजट में 'सभी गैर-रणनीतिक एवं रणनीतिक क्षेत्रों में विनिवेश' की घोषणा की गई। बजट में वित्त वर्ष 2022 में विनिवेश के माध्यम से 1.75 लाख करोड़ रुपये जुटाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया।

दुर्भाग्यवश, ऐसी अनेक महान घोषणाओं की तरह वास्तविकता बिल्कुल भिन्न निकली है। वास्तव में नीतिगत स्तर पर मामला बिल्कुल उल्टा दिखाई दे रहा है। विनिवेश अब वित्त वर्ष 2021 से पूर्व की तुलना में भी कम हो गया है।

राजस्व घाटे पर अंकुश के लिए राजस्व के एक अतिरिक्त स्रोत का इंतजाम करने के लिए बजट में सालाना विनिवेश लक्ष्य तय करने का चलन शुरू हुआ था। लेकिन विनिवेश का उद्देश्य केवल राजस्व के एक अतिरिक्त स्रोत का ही इंतजाम करना नहीं है। वास्तव में अन्य बातें राजस्व सृजन के मकसद से भी अधिक महत्त्वपूर्ण हैं।

दरअसल, वाणिज्यिक गतिविधियां संभालने की सरकार की क्षमता पर बहस करने से पहले नागरिकों के प्रति लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार की समग्र भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर विचार किया जाना अत्यावश्यक है। यह वास्तव में दिमाग को झकझोर देने वाली हैं और कभी-कभी समझ से भी परे हो जाती हैं।

क्षमतागत बाधाओं के कारण सरकार को उन कार्यों को प्राथमिकता देने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है जिन्हें उसे अवश्य करना चाहिए और जो (कार्य) दूसरों के द्वारा किए जा सकते हैं। सरकार के समक्ष स्वाभाविक कार्यों में रक्षा, पुलिस-प्रशासन, न्याय, कानून प्रवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, लोक कल्याण और इनके साथ प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल जैसे आवश्यक क्षेत्र शामिल हैं। ये ऐसे कार्य हैं जिन्हें पूरी तरह से बाजार के हवाले नहीं किया जा सकता। अकेले ये भूमिकाएं किसी भी सरकार के लिए बहुत बड़ी हैं। यहां तक कि सबसे कुशल सरकारों के लिए भी सार्वजनिक अपेक्षाओं पर खरा उतर पाना मुश्किल होता है।

अब वाणिज्यिक उद्यमों के सरकारी स्वामित्व के विषय पर बात करते हैं। स्वतंत्रता के बाद शुरुआती दशकों में नेहरूवादी समाजवाद के सिद्धांतों के अनुरूप सरकारी नियंत्रण की संकल्पना के साथ कई सार्वजनिक उद्यम (पीएसई) स्थापित किए गए थे। नेहरूवादी समाजवाद में राष्ट्र के आर्थिक विकास को दिशा देने के लिए प्रमुख उद्योगों एवं संसाधनों को सरकारी नियंत्रण में रखने की परिकल्पना की गई थी। जैसे-जैसे भारत एक मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ता गया, खासकर 1991 के बाद, अधिकांश क्षेत्रों को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया।

वाणिज्यिक मामलों से निपटने में सरकार की सीमा से सभी अवगत हैं। देश में अफसरशाही के जोखिम से दूर रहने की प्रवृत्ति, संभावित परिणामों के बजाय प्रक्रियाओं पर अधिक ध्यान, जवाबदेही की बहुलता सहित अन्य कारण ऐसे मामले हल करने में सरकारी प्रयासों के आड़े आते हैं। निजी क्षेत्र के परिपक्व होने के साथ सरकार ने अपना दायरा समझते हुए और लगातार बढ़ते राजकोषीय घाटे को रोकने के लिए गैर-कर प्राप्तियों को बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की और धीरे-धीरे विनिवेश प्रक्रिया शुरू की।

वर्ष 1999 में विनिवेश विभाग की स्थापना एक अलग विभाग के रूप में की गई थी। इस विभाग का नाम कई बार बदला जा चुका है लेकिन संभवतः 1999 और 2004 के बीच वाजपेयी सरकार के दौरान किए गए महत्त्वपूर्ण विनिवेश को छोड़कर सरकार द्वारा किए गए किसी भी दूसरे अहम विनिवेश के बारे में चर्चा करने के लिए कुछ भी नहीं है।

राजनीतिक नफा-नुकसान के अलावा विनिवेश के मोर्चे पर अधिक कामयाबी नहीं मिलने के पीछे संबंधित मंत्रालयों द्वारा अपना नियंत्रण एवं संरक्षण छोड़ने में आनाकानी, परेशानी में पड़ने का डर (परिसंपत्तियां कम मूल्य पर बेचने के संभावित आरोपों के कारण सीबीआई, विजिलेंस आदि के जांच दायरे में आने की आशंका) आदि जिम्मेदार हैं। इनके बाद ऐसे कारण गिनाए जाते हैं जिनसे विनिवेश की प्रक्रिया और पेचीदा हो जाती है और आगे नहीं बढ़ पाती। विनिवेश की प्रक्रिया अटकाने के पीछे तर्क दिए जाते हैं कि पीएसई लोक उद्देश्य की पूर्ति करते हैं (इसका जो भी मतलब हो), अधिकतम मूल्य हासिल करने के लिए पहले पुनर्गठन की कथित आवश्यकता (एक कभी न खत्म होने वाली कवायद) है, लाभ कमाने वाले उद्यमों को क्यों बेचा जाना चाहिए (मानो निजी क्षेत्र केवल नुकसान में चलने वाले उद्यमों को ही खरीदेगा) और अंत में, 'रणनीतिक' कारणों का बहाना देना (जिसका इस्तेमाल सबसे अधिक होता है) आदि।

पीएसई में सरकारी पूंजी का फंसा होना ही एकमात्र मुद्दा नहीं है। सरकार प्रवर्तक एवं मालिक के रूप में विभिन्न संबंधित निगमित गतिविधियों में भी शामिल है। सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी), वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) और कई चयन समितियों जैसे संस्थानों की स्थापना पीएसई बोर्डों में निदेशकों की नियुक्ति सुविधाजनक बनाने के लिए की गई है, जिनमें बैंकिंग और वित्तीय संस्थान भी शामिल हैं। इसके अलावा, एक मंत्रिमंडलीय समिति (कैबिनेट की नियुक्ति समिति) विशेष रूप से अन्य सरकारी नियुक्तियों के अलावा ऐसी नियुक्तियों को मंजूरी देने के लिए अधिकृत की गई है।

वास्तव में कुछ मंत्रालयों एवं विभागों के अस्तित्व का एकमात्र मकसद पीएसई आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। उन्हें खत्म करने या उनके कार्यों को कम करने से अटके संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल किया जा सकता है। सरकार के पास करने के लिए पहले से ही कई महत्त्वपूर्ण दायित्व हैं और वाणिज्यिक उद्यमों को संभालने की इसकी क्षमता भी सीमित है। इसे देखते हुए पीएसई चलाने में समय, ऊर्जा और संसाधन क्यों बरबाद किए जाएं। यह अलग बात है कि कुछ पीएसई अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह सोच सरकार के 'न्यूनतम सरकार' के अन्य घोषित लक्ष्य के साथ भी मेल खाती है।

पीएसई अक्सर क्षेत्रीय नियामकों से विभिन्न छूट मांगते हैं। उदाहरण के लिए सूचीबद्ध पीएसई अक्सर कई मापदंडों पर अन्य सूचीबद्ध कंपनियों के मुकाबले अपने मामलों में बाजार नियामक से अलग व्यवहार की उम्मीद करते हैं। यह नियामकीय ढांचे को विकृत करता है और बाजार अनुशासन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

चिंता की बात तो यह भी है कि सरकार इक्विटी और आसान ऋणों के माध्यम से पीएसई में पर्याप्त पूंजी डालती रही है। मूल्यांकन बढ़ाने की आड़ में सरकार के इस कदम का आलोचनात्मक विश्लेषण जरूरी है। इस दावे को सही ठहराने के लिए प्रदर्शन के प्रमुख संकेतक क्या हैं? क्या ऐसी नीति पूर्व में प्रभावी साबित हुई है? सरकार कोविड महामारी के बाद वार्षिक बजट में सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में पूंजीगत व्यय बढ़ाने और व्यय की गुणवत्ता में सुधार का श्रेय लेती रही है। सरकार यह नहीं बता रही है कि इस पूंजीगत व्यय का एक बड़ा हिस्सा इक्विटी और ऋण के रूप में पीएसई में जा रहा है। यह हिस्सा वित्त वर्ष 2025 के बजट में प्रस्तावित 10.2 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय का 50 फीसदी से अधिक है। सरकार को तत्काल अपनी 2021 की नीति पर वापस लौटकर और उचित योजना के साथ तय समयसीमा के साथ इसे सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है। छोटी-छोटी हिस्सेदारी बेचने में समय और ऊर्जा जाया करने के बजाय चयनित पीएसई के निजीकरण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। केवल निजीकरण ही पीएसई की कार्य संस्कृति को बदल सकता है, निवेशकों के विश्वास को बढ़ा सकता है, उनके परिचालन का बोझ कम कर सकता है और पूरे पीएसई तंत्र में सुधार ला सकता है। विनिवेश प्राप्तियों पर ध्यान देने के बजाय विनिवेश के लिए सही कार्य योजना तैयार करने में ये सभी महत्त्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

**(लेखक ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन में फेलो और पूर्व आईएएस अधिकारी हैं)**

# कान्हा का अनोखा प्रयोग : रिवाइल्डिंग से जंगल लौटे अनाथ बाघ



**विशेष प्रशिक्षण और निगरानी से शावकों को मिला नया जीवन, बाघ संरक्षण के क्षेत्र में बना प्रेरक मॉडल**

**भारत** में बाघ केवल एक जंतु नहीं, बल्कि शक्ति, साहस और जैव विविधता के प्रतीक हैं। किन्तु विडंबना यह है कि कभी भारत में हरित अरण्यों में सहजता से विचरने वाला यह जीव आज संरक्षण की चुनौती का सामना कर रहा है। इस पृष्ठभूमि में कान्हा टाइगर रिज़र्व का रिवाइल्डिंग प्रयास अनाथ बाघों के जीवन और उनके दीर्घकालिक संरक्षण हेतु एक अनूठा और प्रेरक प्रयोग है। कान्हा टाइगर रिज़र्व का यह रिवाइल्डिंग प्रयास अनाथ बाघों के संरक्षण की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है। सामान्यतः जंगल में यदि बाघ शावक अपनी माँ को खो देते हैं, तो उनके जीवित रहने की संभावना बहुत कम हो जाती है, क्योंकि उन्हें शिकार करना, जंगल में रहना और खुद को सुरक्षित रखना नहीं आता। प्राकृतिक परिस्थितियों में यदि किसी शावक की माँ की मृत्यु हो जाती है, तो उसका जीवित रह पाना अत्यंत कठिन हो जाता है। शिकार करना, जंगल में दिशाङ्कबोध, तथा आत्मरक्षा जैसे कौशल माँ से ही सीखे जाते हैं। ऐसे में रिवाइल्डिंग पहल इन अनाथ शावकों के लिए जीवनदान सिद्ध होती है।इस प्रयोग के अंतर्गत अनाथ शावकों को एक नियंत्रित एवं सुरक्षित प्राकृतिक क्षेत्र में रखा जाता है। यहाँ उन्हें मानवीय हस्तक्षेप से बचाते हुए शिकार करना, शिकार की पहचान करना तथा जंगल में स्वतंत्र रूप से जीना सिखाया जाता है। धीरेङ्कधीरे जब वे आत्मनिर्भर हो जाते हैं, तब उन्हें पुनः जंगल में छोड़ दिया जाता है।

कान्हा नेशनल पार्क और रिवाइल्डिंग(प्राकृतिक आवास और जैव विविधता को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया) का वैश्विक महत्व कई दृष्टियों से बहुत बड़ा है।जैव विविधता का केंद्र- मध्य प्रदेश में स्थित कान्हा नेशनल पार्क भारत का एक प्रमुख टाइगर रिज़र्व है, जहाँ बंगाल टाइगर, बारहसिंगा (स्वैम्प डियर), भालू, तेंदुआ, जंगली कुत्ता और कई पक्षी प्रजातियाँ पाई जाती हैं। कान्हा को बारहसिंगा की भूमि कहा जाता है। यहाँ के संरक्षण प्रयासों से विलुप्ति के कगार पर पहुँचा यह दुर्लभ हिरण फिर से फल-फूल रहा है। यह पार्क रिवाइल्डिंग और species रिकवरी का एक जीवित उदाहरण है।कान्हा नेशनल पार्क ईको-टूरिज़्म और पर्यावरण शिक्षा का भी वैश्विक मॉडल है। रिवाइल्डिंग का उद्देश्य पारिस्थितिकी तंत्र में ape& predators ¥õÚU key-stone species को वापस लाना है, जिससे खाद्य श्रृंखला और प्राकृतिक चक्र संतुलित हों।

कार्बन कैप्चर और जलवायु परिवर्तन से मुकाबला : स्वस्थ जंगल कार्बन सिंक का काम करते हैं। रिवाइल्डिंग वनों के पुनर्जनन में मदद कर वैश्विक तापमान वृद्धि को कम करने में सहायक है। विश्व स्तर पर कई प्रजातियाँ विलुप्ति की ओर बढ़ रही हैं। रिवाइल्डिंग उन्हें प्राकृतिक आवास लौटाकर दीर्घकालिक संरक्षण का अवसर देता है। रिवाइल्डिंग से इकोटूरिज्म बढ़ता है, जिससे स्थानीय समुदायों को आजीविका मिलती है। यूरोप में भेड़ियों की वापसी, अमेरिका में बाइसन का संरक्षण और भारत में कान्हा जैसे प्रयास यह दिखाते हैं कि रिवाइल्डिंग मानव और प्रकृति के सह-अस्तित्व का भविष्य हो सकता है।

कान्हा नेशनल पार्क को दुनिया में रिवाइल्डिंग सक्सेस स्टोरीज में गिना जाता है। यहाँ बारहसिंगा की आबादी पुनर्जीवित हुई। शिकारियों की वापसी (टाइगर, वाइल्ड डॉग) से खाद्य श्रृंखला संतुलित हुई। घासभूमि और जंगल प्रबंधन ने प्राकृतिक आवास को पुनर्स्थापित किया। इसे landscape लेवल कंसर्वेशन (बफर जोन, कॉरिडोर आदि) का मॉडल माना जाता है, जो वैश्विक स्तर पर लागू किया जा सकता है। कान्हा नेशनल पार्क भारत में Rewilding का सफल उदाहरण है और यह दुनिया को यह सिखाता है कि यदि सही संरक्षण रणनीति अपनाई जाए तो संकटग्रस्त प्रजातियों और पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित किया जा सकता है।

**संरक्षण की दृष्टि से महत्ता**

**1. अनाथ शावकों का जीवन रक्षण :** जो शावक अन्यथा मृत्यु को प्राप्त हो जाते, उन्हें नया जीवन मिलता है।

**2. प्राकृतिक व्यवहार का संवर्धन :** यह पहल बाघों को कृत्रिम कैद की बजाय उनके प्राकृतिक आवास में टिकाए रखने में सहायक है।

**3. जैव विविधता का संरक्षण:** बाघों की संख्या तथा उनकी जीन विविधता दोनों को सुरक्षित करने का मार्ग प्रशस्त होता है।

**4. नवाचार का उदाहरण :** यह प्रयोग न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए वन्यजीव संरक्षण की अभिनव पद्धति प्रस्तुत करता है।

कान्हा टाइगर रिज़र्व का rewilding प्रयास केवल बाघों के जीवन : रक्षण की पहल नहीं, बल्कि मानव : वन्यजीव संबंधों में संतुलन और सतत विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह पहल दर्शाती है कि यदि वैज्ञानिक दृष्टि और संवेदनशीलता से कार्य किया जाए, तो संकटग्रस्त प्रजातियों को नया जीवन प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की राह प्रशस्त की जा सकती है।

**कान्हा नेशनल पार्क और rewilding का वैश्विक महत्व**

प्राकृतिक संसाधनों और जैव विविधता का संरक्षण आज पूरे विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। वनों की कटाई, शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन ने अनेक प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर पहुँचा दिया है। ऐसे समय में rewilding —अर्थात् प्राकृतिक आवासों और प्रजातियों को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया— वैश्विक स्तर पर एक आशा की किरण के रूप में उभरकर सामने आई है। भारत का कान्हा नेशनल पार्क इसका एक जीवंत उदाहरण है, जहाँ संरक्षण और rewilding की पहल ने संकटग्रस्त प्रजातियों को नया जीवन दिया है।

कान्हा नेशनल पार्क का महत्व

कान्हा नेशनल पार्क मध्य प्रदेश के मंडला और बालाघाट जिलों में स्थित है और इसे 1955 में राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिला। 1973 में इसे प्रोजेक्ट टाइगर के अंतर्गत शामिल किया गया।

जैव विविधताः यहाँ बंगाल टाइगर, तेंदुआ, भालू, जंगली कुत्ते, गौर और 300 से अधिक पक्षी प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

बारहसिंगा का संरक्षण: कान्हा को बारहसिंगा की भूमि कहा जाता है। यह हिरण विलुप्ति के कगार पर था, लेकिन संरक्षण और आवास सुधार से अब इसकी संख्या लगातार बढ़ रही है।

पर्यावरणीय प्रयोगशालाः यह पार्क भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए रिवाइल्डिंग का सफल उदाहरण माना जाता है।

**Rewilding का वैश्विक महत्व**

Rewilding का मुख्य उद्देश्य पारिस्थितिक तंत्र को उसकी प्राकृतिक अवस्था में लौटाना है।

**1. पारिस्थितिकी संतुलन की पुनर्स्थापना:** जब शीर्ष शिकारी (जैसे टाइगर, भेड़िया) और keystone species अपने प्राकृतिक आवास में लौटते हैं तो खाद्य श्रृंखला संतुलित होती है।

**2. जलवायु परिवर्तन से मुकाबला:** स्वस्थ जंगल कार्बन अवशोषण करते हैं, जिससे वैश्विक तापमान वृद्धि की गति धीमी होती है।

**3. जैव विविधता का संरक्षण :** संकटग्रस्त प्रजातियों को प्राकृतिक आवास लौटाकर उनकी स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

**4. स्थानीय समुदायों का सशक्तिकरण:** Rewilding से इकोटूरिज्म को बढ़ावा मिलता है, जिससे ग्रामीणों की आय और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं।

**5. वैश्विक उदाहरण:** यूरोप में भेड़ियों की वापसी, अमेरिका में बाइसन संरक्षण और भारत में कान्हा जैसे प्रयास बताते हैं कि मनुष्य और प्रकृति का सह-अस्तित्व संभव है।

**यूरोप में भेड़ियों की वापसी:** कठोर संरक्षण क़ानूनों और प्राकृतिक वनों की पुनर्बहाली ने भेड़ियों को फिर से वहाँ स्थापित किया। आज वे कई देशों में पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहे हैं।

**अमेरिका में बाइसन संरक्षण:** कभी लगभग विलुप्त होने की कगार पर पहुँच चुके बाइसन को संरक्षित क्षेत्रों और प्रजनन योजनाओं के माध्यम से बचाया गया। अब वे फिर से विशाल घासभूमियों के संतुलन को बनाए रख रहे हैं।

**भारत में कान्हा (मध्य प्रदेश):** यह क्षेत्र बाघ और बारहसिंगा जैसे प्रजातियों के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है। स्थानीय समुदायों को भी संरक्षण और पर्यटन से जुड़ने का अवसर मिला, जिससे सह-अस्तित्व की दिशा में संतुलन बना।

**कान्हा और Rewilding का आपसी संबंध :** कान्हा नेशनल पार्क को विश्व स्तर पर rewilding सक्सेस स्टोरी माना जाता है। यहाँ की प्रमुख उपलब्धियाँ हैं—

**बारहसिंगा की सफल वापसी :** यह प्रजाति लगभग विलुप्त हो गई थी, लेकिन कान्हा के प्रयासों से अब इसकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

**शीर्ष शिकारी का संरक्षण :** टाइगर और वाइल्ड डॉग की मौजूदगी से शिकार प्रजातियों की संख्या संतुलित बनी रहती है।

**आवास पुनर्स्थापन :** घासभूमि, जलाशयों और जंगलों का संरक्षण किया गया है, जिससे पूरा पारिस्थितिक तंत्र मजबूत हुआ है।

**लैंडस्केप स्तर संरक्षण :** बफर ज़ोन और वन्यजीव कॉरिडोर बनाए गए हैं, जिससे पशु अपनी प्राकृतिक गतिशीलता बनाए रख सकें।

कान्हा नेशनल पार्क न केवल भारत का गौरव है, बल्कि यह विश्व के लिए यह संदेश देता है कि सही रणनीति और सामूहिक प्रयास से किसी भी पारिस्थितिक तंत्र को पुनर्जीवित किया जा सकता है। Rewilding केवल संरक्षण का ही नहीं, बल्कि एक नई सोच का प्रतीक है, जो जलवायु संकट, जैव विविधता ह्रास और मानव-प्रकृति संघर्ष के समाधान की दिशा दिखाता है। इस दृष्टि से कान्हा की सफलता पूरे विश्व के लिए प्रेरणा है और यह सिद्ध करती है कि प्रकृति को यदि अवसर दिया जाए तो वह स्वयं को पुनः जीवित करने की अद्भुत क्षमता रखती है।

भोपाल के वन विहार से 3:4 माह के दो अनाथ बाघ शावकों को कान्हा टाइगर रिज़र्व के घोरेला रिवाइल्डिंग सेंटर (मुक्की रेंज) में लाया गया। यह कदम वन्य प्राणी संरक्षण की एक सफल पहल का हिस्सा है, जहां शावकों को स्वतंत्र जंगल में जीने के लिए तैयार किया जाता है।

**देख-रेख और प्रशिक्षण अवधि**

शासन की मार्गदर्शिका के अनुसार, इन शावकों को दो से ढाई वर्ष तक घोरेला बाड़े में रखा जाता है। इस अवधि में उनका व्यवहारांकन, स्वास्थ्य और शिकार कौशलों का अध्ययन विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है। इसके बाद उनकी योग्यतानुसार उन्हें स्वतंत्र वन क्षेत्र में छोड़ा जाता है।

**रिवाइल्डिंग सेंटर की संरचना और इतिहास :** यह प्रशिक्षण केंद्र 2007 में स्थापित किया गया था, और तब से अब तक लगातार कई शावकों को जंगल में फिर से शामिल करने में सफलता मिली है।

**केंद्र में तीन प्रमुख एन्क्लोजर (खंड) हैं:**

एक 8 एकड़ का एन्क्लोजर जिसमें 20-30 माह आयु वर्ग के बाघ शामिल होते हैं जो हिरणों का शिकार कर रहे हैं।

एक छोटा बाड़ा जिसमें 3-4 माह के शावक भोजन (दूध, अंडा, मैश्ड मांस) के साथ प्रशिक्षण पाते हैं।

**प्रशिक्षण के लक्ष्य**

शुरुआती चरण में शावकों को धीरे-धीरे कड़ी खाद्य श्रृंखला (दूध से शुरुआत, फिर मुर्गा और बाद में हिरण, बकरियाँ) से परिचित कराया जाता है। लगभग एक वर्ष पश्चात ये शावक एक कैर्निवोर-प्रूफ बाड़े में गिराए जाते हैं, जहां वे स्वतंत्र रूप से शिकार करना सीखते हैं। यदि कोई शावक 4-5 दिनों में एक हिरण शिकार कर लेता है, तो इसे प्रशिक्षण पूरा मान लिया जाता है।

कान्हा के हार्ड-ग्राउंड बारासिंगा (Swamp Deer) एक समय विलुप्त होने की स्थिति में पहुँच गए थे। वैज्ञानिक प्रबंधन, वनभूमि पुनर्जीवन और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी से इनकी संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। पार्क प्रशासन ने घासभूमियों का पुनर्निर्माण किया, जलस्रोतों का संरक्षण किया और प्राकृतिक शिकार-शिकारी संबंध को संतुलित किया। यह केवल एक प्रजाति का पुनर्जीवन नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने का प्रयास था।

Rewilding प्रयोग ने यह भी सिद्ध किया कि मानव और वन्यजीव सहअस्तित्व संभव है। स्थानीय ग्रामवासियों को संरक्षण गतिविधियों में भागीदार बनाकर उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया गया। इसने संरक्षण को केवल सरकारी प्रयास न रहकर सामुदायिक आंदोलन बना दिया।

आज कान्हा मॉडल को विश्वभर में एक सफल संरक्षण पद्धति के रूप में देखा जाता है। यह प्रयोग इस बात का उदाहरण है कि यदि वैज्ञानिक दृष्टि, दीर्घकालिक योजना और सामुदायिक सहयोग साथ आएँ, तो प्रकृति स्वयं को पुनर्जीवित करने की क्षमता रखती है।

कान्हा नेशनल पार्क (मध्य प्रदेश) को टाइगर रिज़र्व और कठोर वन्यजीव प्रबंधन के उदाहरण के रूप में जाना जाता है। यहाँ किया गया rewilding प्रयोग (विशेष रूप से बारासिंगा यानी Swamp Deer को बचाने और उनके प्राकृतिक आवास को पुनर्जीवित करने के प्रयास) वास्तव में वैश्विक स्तर पर सराहनीय है।

बारासिंगा संरक्षणः कान्हा ही वह स्थान है जहाँ हार्ड ग्राउंड बारासिंगा की अंतिम बची हुई आबादी पाई जाती थी। सक्रिय संरक्षण व rewilding के कारण आज उनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

आवास पुनर्निर्माण : घासभूमियों (grass-lands) को पुनर्जीवित कर, प्राकृतिक शिकार व शिकारी (predator-prey balance) को संतुलित किया गया।

स्थानीय समुदायों को भी संरक्षण प्रक्रिया में शामिल कर सहभागी संरक्षण मॉडल विकसित किया गया।

कान्हा का यह प्रयोग दिखाता है कि यदि वैज्ञानिक प्रबंधन, स्थानीय सहयोग और दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाया जाए तो विलुप्ति की कगार पर पहुँची प्रजातियों को भी बचाया जा सकता है।

यह प्रयोग न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व को यह संदेश देता है कि rewilding प्रकृति और मानव के बीच सामंजस्य की दिशा में एक व्यवहार्य व सफल रणनीति हो सकती है।

घोरेला री-वाइल्डिंग सेंटर (मुक्की रेंज, कान्हा टाइगर रिज़र्व) से संबंधित जानकारी

बाड़े या पिंजरे कैसे बनाए गए हैं और प्रशिक्षण कैसे दिया जाता है, इसके बारे कुछ बातें हम आपको बताते है

मुक्की रेंज, कान्हा टाइगर रिज़र्व में पारंपरिक हिरण आवास क्षेत्र के भीतर एक विशेष रूप से निर्मित बाड़ा बनाया गया है, जिसे इन-सीटू (प्राकृतिक स्थल पर) कहा जाता है।

इस बाड़े में स्थानीय जलाशय, वन, घासभूमि और खनन क्षेत्र शामिल हैं, जो लगभग 1 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है। इस आंतरिक क्षेत्र का उपयोग बछड़ों के पालन-पोषण और पोषण के लिए किया जाता है।

इस बाड़े के चारों ओर 35 हेक्टेयर का शाकाहारी प्राणी बाड़ा बनाया गया है, जो बाघों को प्राकृतिक शिकार आधार (शिकार प्रजातियाँ) उपलब्ध कराता है।

11 हेक्टेयर के बाघ बाड़े को 3.7 मीटर ऊँची मजबूत चेन-लिंक बाड़ से पूरी तरह घेर दिया गया है। इस 11 हेक्टेयर क्षेत्र को इसी प्रकार की बाड़ से दो हिस्सों में विभाजित किया गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर बछड़ों को अलग-अलग रखा जा सके।

निगरानी हेतु इस बाड़े के चारों ओर चार वॉच टॉवर बनाए गए हैं, साथ ही दो द्वार भी हैं, जिनसे प्रशिक्षित हाथी और विभागीय वाहन अंदर प्रवेश कर निगरानी कार्य में सहयोग कर सकते हैं।

35 हेक्टेयर के शाकाहारी प्राणी बाड़े को भी 2.5 मीटर ऊँची मजबूत चेन-लिंक बाड़ से घेरा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य चीतल (हिरण) जैसे शाकाहारी जीवों को सुरक्षित रखना है, जिन्हें आसपास की घासभूमि और मैदानों से नियमित रूप से छोड़ा जाता है। यह बाड़ा बछड़ों के लिए आवश्यकतानुसार शिकार उपलब्ध कराता है।

इसके अतिरिक्त, मुख्य बाड़े के पास एक छोटा क्वारंटीन हाउस (अलग आश्रय) भी बनाया गया है। इस क्वारंटीन हाउस का उपयोग 3 महीने से 1 वर्ष की आयु के बाघ के शावकों के पालन हेतु किया जाता है।

जब शावकों में पर्याप्त शारीरिक शक्ति और शिकार करने की क्षमता विकसित हो जाती है, तो उन्हें क्वारंटीन हाउस से 11 हेक्टेयर बड़े बाड़े में स्थानांतरित कर दिया जाता है।इस क्वारंटीन हाउस में भी दो अलग-अलग बाड़े हैं, ताकि दो बाघों का एक साथ पालन किया जा सके। आवश्यकता अनुसार इसमें नियमित रूप से प्राकृतिक घास और हरा चारा उपलब्ध कराया जाता है।

बाड़े की पूरी घेराबंदी को स्थानीय घास की परतों से ढककर अपारदर्शी बना दिया गया है, ताकि बाघों को शांति और एकांत प्रदान किया जा सके। बाड़े में तैनात कर्मचारी बाघों की सभी गतिविधियों का एक रजिस्टर में लेखा-जोखा रखते हैं। इसमें शिकार, शिकार-आधार की आपूर्ति, पशु चिकित्सक द्वारा नियमित जांच, अन्य कर्मचारी और अधिकारियों द्वारा निगरानी, तथा शिकार की खपत जैसी जानकारियाँ निर्धारित प्रारूप में दर्ज की जाती हैं।बाड़े से 500 मीटर की दूरी पर एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, ताकि जानवरों की प्रभावी ढंग से निगरानी की जा सके।सभी एन्क्लोजरों में सीसीटीवी कैमरे लगे होते हैं, ताकि मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम रहे।

**घोरेला री-वाइल्डिंग सेंटर (मुक्की रेंज, कान्हा टाइगर रिज़र्व) मॉडल की सफलता**

इस मॉडल से अब तक कई बाघों को सफलतापूर्वक जंगल में रिहा किया जा चुका है। इसे मिशाल बनाकर घोरेला मॉडल के नाम से जाना जाता है। WTCA (राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) ने घोरेला मॉडल को अपनाया है, और इस री-वाइल्डिंग पद्धति को अब अन्य संरक्षण योजनाओं में भी अनुकरणीय मॉडल माना जाता है। घोरेला री-वाइल्डिंग सेंटर कान्हा की वन्यजीव संरक्षण रणनीति में एक मिसाल बन चुका है। यहां विकसित अनुसंधान और प्रशिक्षण मॉडल ने बाघों को मुक्त जीवन की तैयारी कराने में मील का पत्थर साबित किया है। न केवल यह प्रयास स्थायी संरक्षण के लिए असरदार सिद्ध हुआ है, बल्कि इसने मध्य प्रदेश और भारत में अन्य रिज़र्वों की आबादी रणनीतियों को भी मजबूत किया है। उदाहरण के लिए, 2007 से अब तक बाघों को पन्ना, नौरादेही, सतपुड़ा और संजय टाइगर रिज़र्व, रतापानी नेशनल पार्क में पुनर्स्थापित किया गया है। फील्ड डायरेक्टर कान्हा टाइगर रिज़र्व के अनुसार, अब तक 10 बाघों को इसी प्रक्रिया में सफलतापूर्वक रिवाइल्ड किया गया है।

**सैयद आसिम अली**
**पत्रकार**

## संक्षिप्त खबरें

### तीन कर्मचारी रिटायर स्पेशल डीजी ने दी विदाई



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय से रिटायर हुए तीन कर्मचारियों डीएसपी प्रशिक्षण नवाब खान, सूबेदार विशेष शाखा जगदीश नारायण शर्मा और विशेष शाखा के ही सब इंस्पेक्टर बुद्धेसिंह बघेल रिटायर हो गए। विशेष पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार ने इन सभी कर्मचारियों को उनके सम्मान में स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस विदाई समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और उनके स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना की। इस दौरान उन्हें उनके सभी क्लेम के आदेश भी सौंपे गए। नवीन पुलिस मुख्यालय भवन के हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक डॉ. आशीष सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और रिटायर हुए कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे। इस दौरान एआईजी इरमीन शाह ने रिटायर कर्मचारियों के शानदार करियर और सेवाओं पर प्रकाश डाला।

### 5 सितंबर को प्रदेश के शिक्षक होंगे सम्मानित

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** 5 सितंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह में प्रदेश के 14 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। इनमें प्राथमिक एवं माध्यमिक श्रेणी के 8 शिक्षक और उच्चतर माध्यमिक श्रेणी के 6 शिक्षक शामिल हैं। शिक्षकों को 25 हजार रुपये की सम्मान निधि, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, वर्ष 2024 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने चयनित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इन शिक्षकों का चयन उनके श्रेष्ठ कार्य का परिणाम है और वे अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे। यह समारोह न केवल शिक्षकों के योगदान को मान्यता देता है, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता और नवाचार को भी प्रोत्साहित करता है।

### शत्रु संपत्ति को राजसात करने की उठी मांग



**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** भोपाल रियासत की शत्रु संपत्ति को राजसात करने की मांग उठने लगी है। बीते कई दशकों से विवादित यह संपत्ति आए दिन चर्चा में रहती है। शुक्रवार को समाज सेवी अमिताभ अग्निहोत्री ने भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपकर शत्रु संपत्ति को राजसात करने की मांग रखी है, उन्होंने इस पर 15 कार्रवाई की भी मांग की है। अग्निहोत्री ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत प्रधान मंत्री कार्यालय, राष्ट्रपति कार्यालय को भी भेजी है। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस मामले में तुरंत जांच करने के आदेश दिए हैं। जबकि पीएमओ ने भी मामले को मप्र सरकार के पास जांच के प्रेषित कर दिया है। बकौल अग्निहोत्री भोपाल जिले में नवाब भोपाल की पूरी जायदाद शत्रु संपत्ति के दायरे में आती है, लेकिन इसमें से कई संपत्तियां ऐसी हैं जिस पर उनके वंशज या रिश्तेदार मालिक बनकर बैठे हुए हैं। मेरी सरकारी से मांग है कि पूरी शत्रु संपत्ति को राजसात किया जाए।

# कलेक्टर से तकरार पर विधायक को फटकार

## भाजपा संगठन ने ली क्लासः विधायक ने कहा- खाद का संकट, मंत्री बोले-खाद की कमी नहीं

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भिंड कलेक्टर के साथ अभद्रता मामले में विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह को भाजपा संगठन ने फटकार लगाई है। विधायक ने विवाद की वजह भिंड में खाद की कमी बताई, तो कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने खाद की कमी होने से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि विवाद की वजह खाद नहीं है। विवाद का मामला सामने आने पर प्रदेश भाजपा संगठन ने विधायक कुशवाह को भोपाल तलब किया। उनसे बंद कमरे में प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, संगठन महामंत्री हितानंद ने बारी-बारी से बात की और उन्हें साफ तौर पर कह दिया कि पार्टी लाइन के आधार पर काम करना होगा। कुशवाह को चेतावनी देते हुए कहा गया कि भविष्य में इस तरह का कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनसे साफ कह दिया गया कि उनका आचरण पार्टी लाइन के विपरीत है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में इस तरह का आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### विवाद की वजह खाद की कमी

विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने कलेक्टर से हुए विवाद की वजह खाद की कमी को बताया। उन्होंने कहा कि खाद संकट को लेकर वो कलेक्टर से मिलने उनके बंगले पहुंचे थे, जहां कलेक्टर भड़क गए और उन पर दूसरे आरोप लगा दिए। उन्होंने कहा कि एक बीघा जमीन हो या पचास बीघा, किसान को दो बोरी से ज्यादा खाद नहीं दी जा रही है। समिति से खाद वितरण की जिम्मेदारी ऐसे अधिकारी को सौंप दी गई, जिसके खिलाफ कलेक्टर पहले ही कार्यवाही कर चुके हैं। इससे आम किसान परेशान हैं। किसान उनके पास आता है, तो मामले को विधायक नहीं उठाएगा, तो कौन उठाएगा।



### प्रदेश में कहीं भी खाद की कमी नहीं

इधर विधायक की खाद की कमी को सरकार के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने सिरे से नाकार दिया है। उन्होंने कहा कि भिंड ही नहीं, प्रदेश में कहीं भी खाद की कमी नहीं है। समस्या सिर्फ वितरण को लेकर आ रही है। विभाग इसकी मॉनिटरिंग कर रहा है। उन्होंने कहा कि विवाद की मूल वजह विधायक और कलेक्टर के बीच कोई और मामला है। कृषि मंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस के कुछ लोग सरकार की छवि बिगाड़ने के लिए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करते हैं और खाद का कृत्रिम संकट बताते हुए विरोध करते हैं, जबकि हकीकत में ऐसा नहीं है।

### कालाबाजारी करने वाले लोग परेशानः कलेक्टर

इस संबंध में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में खाद के संकट जैसी कोई स्थिति नहीं है और न ही किसान परेशान है। लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं, जो किसानों की आड़ में बार-बार अधिक खाद लेकर उसकी कालाबाजारी कर रहे हैं, जिनके खिलाफ सख्ती की गई, तो कुछ लोग परेशान हो गए। उन्होंने बताया कि विधायक के साथ जो कुछ हुआ, उसके बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर दिया है और अब उनके निर्देश का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक रेत डंप करके बैठे हैं और यूपी बार्डर से रेत को बाहर भेजा जा रहा है। इस पर रोक लगाई जा रही है, इसलिए दबाव बनाया जा रहा है।

**सीएस से मिला एसोसिएशन**

भिंड कलेक्टर के साथ अभद्रता होने के मामले को लेकर मध्यप्रदेश आईएएस एसोसिएशन भी नाराज हैं। अध्यक्ष मनु श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले को लेकर हमने मुख्य सचिव अनुराग जैन से भेंट की है और उनके समक्ष अपना विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के पदाधिकारी और आईएएस अधिकारी एक साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सीएम जैन से मिलेंगे। देर शाम एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर निष्पक्ष कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# सार्थक ऐप में अब लोकेशन मैप से लगेगी प्रोफेसरों की हाजरी

## कॉलेज छोड़ दूसरे स्थानों से लगा रहे थे उपस्थिति

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सार्थक एप की समीक्षा में सामने आया कि कई अधिकारी, प्रोफेसर, अतिथि विद्वान व कर्मचारी कार्यस्थल पर न जाकर अन्य किसी स्थान से उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। इसलिए अब इनकी हाजिरी सार्थक एप के लोकेशन मैप के माध्यम से लगेगी। उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त प्रबल सिपाहा ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। आने वाले दिनों में फर्जीवाड़ा करने वालों पर कार्रवाई को ध्यान में रखते हुए सार्थक एप को और सशक्त बनाया जा रहा है। बता दें कि प्रदेश के सभी संभागों के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक और प्राचार्य को निर्देशित कर उनके डिस्ट्रिक्ट लॉगिन और कॉलेज लॉगिन की लोकेशन को रिसेट किया जाता है। इस लोकेशन पर उस एडी कार्यालय व कालेज में कार्य कर रहे समस्त अधिकारी, प्रोफेसर और कर्मचारियों की लोकेशन को मैप कर दिया जाएगा। उनकी लोकेशन रिसेट करने के विकल्प पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। फर्स्ट लोकेशन मार्क करने का दायित्व पूर्णतः एडी और प्राचार्य का होगा।

### कलेक्टर, आयुक्त तक पहुंचती है उपस्थिति

जनवरी में तत्कालीन आयुक्त निशांत बरवड़े द्वारा प्रदेश के सभी प्राचार्यों को आदेशित किया था कि वे सार्थक एप्लीकेशन से उपस्थिति लगाएंगे। सरकारी कॉलेजों में पदस्थ शैक्षणिक संवर्ग प्राचार्य, प्रोफेसर, लाइब्रेरियन, गेस्ट फेकल्टी, जनभागीदारी फेकल्टी को मोबाइल एप से ही हाजिरी लगा रही है। प्राचार्य ने एप से एक एनालिटिकल डैशबोर्ड तैयार कर लिया है। इसमें कालेज की आईडी से लॉगिन कर डाटा एनालिटिक्स देख सकेंगे। उसे व्हाटसएप से जिले के कलेक्टर और उनके संभागीय आयुक्त को भेजा जा रहा है। उपस्थिति की समीक्षा कर्मचारियों के अटेंडेंस मार्क करने से की जा रही है।

# अपर मुख्य सचिव कंसोटिया की हुई विदाई, दीपाली बनेंगी एसीएस

## सीएस जैन को मिला है एक साल का एक्सटेंशन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया को शुक्रवार को औपचारिक तौर पर सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। कंसोटिया 31 अगस्त को रिटायर्ड हो रहे हैं, लेकिन अगले दो दिन शासकीय अवकाश होने की वजह से उन्हें शुक्रवार को ही उनके सहयोगियों और अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों ने उनकी विदाई दी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1989 बैच के जेएन कंसोटिया अपने ही बैच के मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ 31 अगस्त को रिटायर हो रहे हैं। लेकिन सीएस जैन को सरकार ने एक साल का एक्सटेंशन दे दिया, जिससे अब वह एक साल बाद यानि कि 31 अगस्त 2026 को सेवानिवृत्त होंगे। इधर कंसोटिया के सेवानिवृत्त होने पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास की प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नत होंगी। लेकिन सीएस जैन को एक्सटेंशन मिलने की वजह से पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला को अभी इंतजार करना पड़ेगा। उनकी एसीएस पद पर पदोन्नति सात माह बाद स्मिता भारद्वाज के सेवानिवृत्त होने पर की जाएगी।





### मुख्यमंत्री के भोपाल लौटने पर मिले सीएस

इधर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिल्ली से वापस लौटने पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सीएम हाउस पहुंचकर उनसे मुलाकात की। खबर है कि मुलाकात के दौरान सीएम और सीएस के बीच प्रशासनिक कार्यों और संभावित प्रशासनिक फेरबदल को लेकर भी चर्चा की गई। ऐसा माना जा रहा है कि एक दो दिन में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की सूची जारी हो सकती है। इसमें नए एसीएस गृह सहित दूसरे बड़े विभागों में नई पदस्थापना होने की संभावना है। कुछ जिलों के कलेक्टर और कमिश्नर भी बदले जा सकते हैं।



# विवि से गूंजेगा भाषाई एकात्मता का संदेशः परमार

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भारतीय ज्ञान परंपरा में पुस्तकालय सदैव ही समृद्ध रहे हैं। नालंदा विवि में विश्व का सबसे विशाल पुस्तकालय था और तब भारत विश्वगुरु की संज्ञा से सुशोभित था। विश्वभर के लोग हमारे यहां शिक्षा ग्रहण करने आते थे। हमारी संस्कृति में ज्ञान का दस्तावेजीकरण नहीं था। हमारे पूर्वजों ने शोध एवं अध्ययन कर, ज्ञान को परंपरा के रूप में समाजव्यापी बनाया था। अतीत के विभिन्न कालखंडों में, योजनाबद्ध रूप से हमारे ज्ञान को दूषित करने का कुत्सित प्रयास किया गया। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय विधि संस्थान विवि में केंद्रीय पुस्तकालय ज्ञान मंदिर के तत्वावधान में विकसित भारत के पुस्तकालयों की पुनर्कल्पना विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन ज्ञानोत्सव-2025 के शुभारम्भ के अवसर पर कही। परमार ने न्यायिक प्रणाली के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि देश के हृदय प्रदेश की संज्ञा से सुशोभित हिंदी भाषी मध्यप्रदेश ने भारत की अनेकता में एकता की संस्कृति को चरितार्थ करते हुए एक नई पहल की है। मंत्री ने इस दौरान संस्थान के कुलगुरु एवं पुस्तकालयाध्यक्ष के साझे प्रयासों से संपादित लाइब्रेरीज इन विकसित भारतः ब्रिजिंग ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी एंड ट्रांसफॉर्मेशन पुस्तक का विमोचन किया।

# सीबीआई को सौंपी बावरिया और अंकिता कंस्ट्रशन की जाली बैंक गारंटी की जांच

## जल निगम में 128 करोड़ की फर्जी एफडी के जरिए टेंडर लेने का मामला

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने मध्यप्रदेश जल निगम के प्रोजेक्ट में ठेकेदारों द्वारा जाली बैंक गारंटी पेश करने के मामलों की जांच के लिए सीबीआई को मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार ने जल निगम के ठेके लेने वाली एमपी बाबरिया अंकिता कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट वेंचर नाम की कंपनी के खिलाफ सीबीआई जांच का फैसला लिया है। गृह विभाग ने गुरुवार देर रात इसकी अधिसूचना जारी कर दी। जल निगम के ठेकों में फर्जी बैंक गारंटी के मामले में सबसे पहले हाईकोर्ट ने तीर्थ गोपीकॉन नाम की एक कंपनी की याचिका पर सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। तीर्थ गोपीकॉन पर 183 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी के जरिए जल निगम के टेंडर लेने के आरोप हैं। ठीक इसी तरह बाबरिया-अंकिता कंस्ट्रक्शन जेवी पर भी 128 करोड़ की जाली बैंक गारंटी देकर ठेके हासिल करने का आरोप लगा है।

### लिए मल्टी विलेज स्कीम के ठेके

जल निगम के द्वारा मजोदिया मल्टी विलेज स्कीम और लखुंदर मल्टी विलेज स्कीम जैसे प्रोजेक्ट के लिए, ठेकेदार फर्म एंपी बाबरिया अंकिता कंस्ट्रक्शन जेवी ने भी 128 करोड़ की जाली बैंक गारंटी पेश की थी। सीबीआई इससे पहले तीर्थ गोपीकॉन के केस की जांच कर कोलकाता से आरोपियों को गिरफ्तार भी कर चुकी है। इसी कारण बाबरिया अंकिता कंस्ट्रक्शन के मामले को भी जांच के लिए सीबीआई को सौंपा गया है। जल निगम में काम हासिल करने के लिए टेंडर में तय कुल रकम का एक तय हिस्सा बैंक गारंटी के रूप में जमा करना का नियम है। इन दोनों कंपनियों ने पंजाब नेशनल बैंक की पश्चिम बंगाली शाखाओं से करोड़ों की बैंक गारंटी जमा कराई थी, जो जांच में फर्जी पाई गई थी।




### फर्जी बैंक गारंटी से जुड़े हैं सिंडिकेट के तार

जल निगम में 183.21 करोड़ रुपए की जाली बैंक गारंटी प्रस्तुत करने की वित्तीय धोखाधड़ी का मामला उजागर हुआ था। इसमें इंदौर स्थित गोपीकॉन लिमिटेड ने 2023 में जल निगम से 974 करोड़ रुपए के 3 बड़े प्रोजेक्ट हासिल किए थे। इनके लिए तीर्थ गोपिकॉन ने 183.21 करोड़ रुपए की आठ बैंक गारंटी पेश की थीं। ये सभी पीएनबी की पश्चिम बंगाल की शाखाओं से जारी हुई थीं। जल निगम की जांच में ये बैंक गारंटी फर्जी पाई गई। बाद में कंपनी खुद ही हाईकोर्ट पहुंच गई और कोर्ट में खुद को ही पीड़ित बताने लगी। कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई जांच के आदेश दे दिए थे। इसके बाद सीबीआई ने 19 जून और 20 जून को नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल, गुजरात, झारखंड और मध्य प्रदेश में 23 स्थानों पर छापेमारी की और पंजाब नेशनल बैंक के सीनियर मैनेजर गोविंदचंद्र हंसदा एवं मोहम्मद फिरोज नाम के दो व्यक्तियों को कोलकाता से गिरफ्तार किया था। मामले की जांच के दौरान सीबीआई की भोपाल यूनिट को पता चला है कि इन दोनों के तार फर्जी बैंक गारंटी बनाने वाले सिंडिकेट से जुड़े हुए हैं।

# संजीव शमी बने स्पेशल डीजी, पवन श्रीवास्तव को तकनीकी सेवाओं का अतिरिक्त प्रभार

## 1991 बैच के स्पेशल डीजी योगेश मुदगल हुए रिटायर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** 1993 बैच के आईपीएस अफसर और वर्तमान में एडीजी दूरसंचार संजीव शमी शर्मा को स्पेशल डीजी के पद पर प्रमोट किया गया है। शुक्रवार शाम राज्य शासन के गृह विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। यह आदेश 1 सितंबर से लागू होगा। 1991 बैच के स्पेशल डीजी टेक्निकल सर्विस, पीएचक्यू, योगेश मुदगल शुक्रवार को रिटायर हो गए। माह के अंत में शनिवार और रविवार होने के कारण 29 अगस्त को उनका अंतिम कार्य दिवस रहा। सीआईडी के स्पेशल डीजी पवन श्रीवास्तव को फिलहाल स्पेशल डीजी तकनीकी सेवाओं का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मुदगल के रिटायर होने पर प्रमोट हुए, संजीव शमी की पदस्थापना यथावत रखी गई है। वे अब स्पेशल डीजी दूरसंचार का होंगे। इससे पहले 1993 बैच के एमपी में पदस्थ अनिल कुमार और रवि गुप्ता स्पेशल डीजी बन चुके हैं, जबकि इसी बैच की सोनाली मिश्रा हाल ही में प्रतिनियुक्ति पर आरपीएफ में डीजी बनाई गई हैं। शमी की स्पेशल डीजी के पद पर नियुक्ति के साथ ही 1993 बैच के सभी अफसर अब स्पेशल डीजी हो गए हैं।



### नए साल में शुरू होगा 94 बैच का प्रमोशन

स्पेशल डीजी सीआईडी पवन श्रीवास्तव 31 दिसंबर को रिटायर होंगे। 1994 बैच के आईपीएस अफसरों में सबसे पहले अनंत सिंह और दूसरे नंबर पर मनमीत सिंह नारंग का नाम है। अनंत सिंह फिलहाल इंडियन ऑइल के चीफ विजिलेंस ऑफिसर हैं, जबकि नारंग आईबी में ज्वाइंट डायरेक्टर हैं। दोनों के प्रतिनियुक्ति से वापस नहीं लौटने पर 1 जनवरी को एडीजी एजेके आशुतोष राय को स्पेशल डीजी के पद पर प्रमोशन मिल जाएगा। उसके बाद राजाबाबू सिंह और डीपी गुप्ता की बारी आएगी।

# हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता बोले- महाकाल गर्भगृह में नेताओं-रसूखदारों को ही एंट्री क्यों, आम भक्तों को भी मिले अनुमति

**जागरण, उज्जैन।** देश और विदेश में रह रहे सनातनधर्मी लोगों की आस्था के प्रतीक महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश का मुद्दा इंदौर हाईकोर्ट की दहलीज तक पहुंच चुका है। मंदिर में आम श्रद्धालुओं के लिए गर्भगृह में प्रवेश पर रोक और नेताओं, वीआईपी और प्रभावशाली लोगों के विशेष प्रवेश को लेकर याचिका में सवाल उठाये गये हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि दूर-दराज से आने वाले लाखों भक्त बाहर से ही बाबा महाकाल के दर्शन करने को मजबूर हैं, जबकि नेता और वीआईपी आसानी से गर्भगृह में प्रवेश पा रहे हैं। इंदौर में हाईकोर्ट की युगलपीठ ने इस जनहित याचिका पर सुनवाई की। इसमें प्रदेश सरकार, महाकालेश्वर मंदिर ट्रस्ट समिति, उज्जैन कलेक्टर और एसपी को पक्षकार बनाया है। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा है। इंदौर के याचिकाकर्ता दर्पण अवस्थी ने एडवोकेट चर्चित शास्त्री के माध्यम से हाईकोर्ट में दलील दी कि प्रभावशाली लोगों को महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में पूजा का अवसर मिलता है, जबकि दूर-दराज से आने वाले लाखों श्रद्धालु केवल बाहर से ही दर्शन करने को मजबूर रहते हैं। 21 जुलाई को इंदौर विधायक गोलू शुक्ला और उनके बेटे रुद्राक्ष द्वारा जबरन महाकाल मंदिर में प्रवेश करने के मामले के बाद, दर्पण अवस्थी ने मंदिर की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए और देशभर से आने वाले भक्तों को गर्भगृह में दर्शन की अनुमति दिलाने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की।



बदलाव — विधायकों-कार्यकर्ताओं की पार्टी गाइडलाइन से हटकर सक्रियता से परेशानी

# नई टीम बनाने में जुटा भाजपा-कांग्रेस नेतृत्व

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अपने ही नेताओं, विधायकों और कार्यकर्ताओं की पार्टी गाइडलाइन से हटकर सक्रियता के बीच भाजपा और कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व अपनी-अपनी नई टीम बनाने में जुट गया है। दोनों दल जिला स्तर पर मजबूत टीम बनाकर अभी से आगामी निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटना चाहते हैं।

### टीम में नहीं दिखेंगे विवादित चेहरे

मध्यप्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने साफ कर दिया है कि उनकी प्रदेश की टीम हो या फिर कार्यकारिणी, उसमें ऐसे कार्यकर्ताओं को ही जिम्मेदारी दी जाएगी, जो संगठन के कामकाज के लिए अपना पूरा समय दे सकेंगे। इसके लिए भाजपा दफ्तर में पिछले तीन दिनों से बंद कमरे में पदों पर बैठाने के लिए चेहरे तय किए जा रहे हैं। सबसे पहले जिला संगठन की टीम का गठन होगा और उसके उपरांत प्रदेश की टीम बनाई जाएगी। पार्टी से जुड़े सूत्रों की मानें तो दशहरा से पर्व से पहले प्रदेश और जिले की टीम की घोषणा कर दी जाएगी। इस बार दो स्तर की टीमों में न तो विधायकों को जगह मिलेगी और न किसी सांसद को संगठन का दायित्व सौंपा जाएगा। इसके पीछे की मंशा जनप्रतिनिधियों को अपना पूरा ध्यान अपने निर्वाचित क्षेत्रों में देने की है। इधर जिला कार्यकारिणी को लेकर भी पर्यवेक्षकों और जिलाध्यक्षों के साथ मंथन किया जा रहा है। पिछले दो दिनों से विंध्य क्षेत्र में आने वाले जिला संगठनों की टीम बनाने की कवायद चल रही है। इसके लिए संबंधित सांसदों और विधायकों से भी नाम मांगे गए हैं। सूत्रों का कहना है कि मौजूदा नेतृत्व किसी भी जिला टीम में ऐसे कार्यकर्ताओं को दूसरी बार जिम्मेदारी नहीं देना चाहता है, जिनका पिछले कार्यकाल के दौरान बेहतर कामकाज नहीं रहा हो। इसके अलावा सिफारिश कार्यकर्ताओं को भी नई टीम से दूर रखा जाएगा।






### 1 महीने में बन जाएगी कांग्रेस की टीमः जीतू

इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को एलान किया कि 30 दिनों में जिला और ब्लॉक स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। जिसमें पार्टी के लिए संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को जगह मिलेगी। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा।



### अधिकारी-विधायक की लड़ाई के पीछे भ्रष्टाचार

पीसीसी चीफ पटवारी ने कहा कि भिंड में जिस तरह से विधायक और कलेक्टर के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हुई है, उसके पीछे एकमात्र कारण भ्रष्टाचार है। प्रदेश में प्रशासनिक अराजकता है, अधिकारी और जनप्रतिनिधि सड़क पर झगड़ रहे हैं, मंत्री बेलगाम हैं और सरकार षड्यंत्रों में उलझी हुई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के सबसे ज्यादा मामले हैं। रेप की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, महिलाओं का रहना दूभर हो गया है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जब बहनों से 3000 का वादा करके केवल 1200 दिए जाते हैं, तब असली अपमान होता है।

**जैन अनुभवी अधिकारी हैं :** पटवारी ने मुख्यसचिव अनुराग जैन को एक वर्ष का एक्सटेंशन मिलने पर कहा कि अनुराग जैन वरिष्ठ अधिकारी हैं, लेकिन प्रदेश कर्ज में डूबा है। उन्होंने लंबे समय तक आर्थिक विभाग संभाला, अब उन्हें कर्ज कम करने के प्रयास करना चाहिए।

## एशिया के सबसे बड़े ग्रेड सेपरेटर पर चली पहली मालगाड़ी

# 70 किमी की रफ्तार से दौड़ीं कोयले से लोड 58 बोगियां



**जागरण, कटनी।** प्रदेश के कटनी जिले में बने एशिया के सबसे बड़े ग्रेड सेपरेटर से शुक्रवार को पहली बार मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कोयले से भरी 58 बोगियों वाली इस मालगाड़ी को 70 की रफ्तार पर एरिया मैनेजर और रेलवे अधिकारियों की मौजूदगी में रवाना किया। इस ऐतिहासिक पल का रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। कटनी में निर्मित यह ग्रेड सेपरेटर एशिया का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट माना जा रहा है, जिसकी लंबाई अप लाइन में 16 किलोमीटर और डाउन लाइन में 17.4 किलोमीटर मिलाकर कुल 33.4 किलोमीटर है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य मालगाड़ियों की आवाजाही को सुगम बनाना और भीड़भाड़ को कम करना है। खासकर कोयला और अन्य खनिजों के परिवहन में यह ग्रेड सेपरेटर बड़ी भूमिका निभाने वाला है। पहली मालगाड़ी में झारखंड की खदानों से निकला कोयला लोड था, जिसे दक्षिण भारत की ताप विद्युत परियोजनाओं तक पहुंचाया जाना है। अब तक ट्रेनों को कटनी जंक्शन पर लंबे समय तक रुककर क्रॉसिंग की समस्या झेलनी पड़ती थी, लेकिन इस ग्रेड सेपरेटर के बन जाने से ट्रेनों को बिना बाधा सीधे आगे बढ़ने का रास्ता मिल गया है।

### विकास की नई राह खुलेगी

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट से प्रतिदिन दर्जनों मालगाड़ियों का परिचालन अधिक गति और सुरक्षा के साथ संभव होगा। साथ ही, इससे रेलवे के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी और उद्योग जगत को समय पर खनिज आपूर्ति मिलेगी। एरिया मैनेजर रोहित सिंह ने बताया कि एशिया के सबसे बड़े ग्रेड सपरेटर में आज कोयले से भरी पहली गुड्स ट्रेन कटंगी स्टेशन से 11.55 से चढ़ते हुए मझगवां में उतरी है।

"ट्वीट ऑफ द डे"



अखिलेश यादव
सपा प्रमुख

भाजपा नेताओं की भाषा पर सवाल क्यों नहीं उठते? क्या यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भाषा सबने नहीं सुनी? क्या लोगों से वोट का अधिकार छीनना अपमान नहीं है? संविधान ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है और समय आने पर यही संविधान तलवार की तरह भाजपा के खिलाफ खड़ा होगा।

## भाजपा ने कांग्रेस दफ्तर के बाहर किया हंगामा, प्रदर्शन, तोड़फोड़, कार्यकर्ताओं में चली लाठियां

# वोटर अधिकार यात्रा में प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी को लेकर पटना में बवाल, भाजपाई और कांग्रेसी भिड़े

**पटना, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजद और कांग्रेस की संयुक्त रैली में अपशब्द कहे जाने को लेकर शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटना में कांग्रेस कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में कांग्रेस कार्यालय पर धावा बोल दिया। कांग्रेस नेताओं ने बातचीत में आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय का गेट तोड़कर अंदर घुस गए और लाठियां बरसाईं। कार्यालय में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की और ईंट पत्थर भी चलाए। इसमें कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चोटें भी आई हैं। एक कार्यकर्ता का सिर फट गया। भाजपा नेताओं ने सदाकत आश्रम तक मार्च किया और राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की। इस प्रदर्शन के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पटना में कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में तोड़फोड़ की। उन्होंने कांग्रेस कार्यालय का गेट जबरदस्ती खोल दिया और अंदर घुस गए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका प्रतिरोध किया और देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठियां चलने लगीं। दोनों तरफ से एक दूसरे पर ईंट और पत्थर भी बरसाए गए। स्थिति को संभालने के लिए पटना पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मौके से हटाकर स्थिति पर काबू पाया।



### दोनों दलों ने एक-दूसरे पर लगाया हिंसा का आरोप

भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे पटना में कांग्रेस कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, तभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर दफ्तर के अंदर से पथराव शुरू कर दिया। दूसरी ओर, कांग्रेस ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर बाहर से पथराव करने और कार्यालय का गेट तोड़कर अंदर घुसने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने दफ्तर के अंदर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की और उसके कार्यकर्ताओं पर लाठियां भांजी। इसमें कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं को चोटें भी आई हैं।

### आलोचना करें, लेकिन मर्यादा न लांघें :औवेसी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा बिहार के कई जिलों में निकाली जा रही है। इस दौरान एक शख्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर अपशब्दों का इस्तेमाल किया। जिसका बीजेपी ने कड़ा विरोध किया है। इस मामले में असदुद्दीन ओवैसी की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। ओवैसी ने कहा कि आप जितना चाहें बोलें, विरोध करें, आलोचना करें, निंदा करें, लेकिन जब आप शालीनता की सीमा लांघते हैं, तो यह गलत है और ऐसा नहीं होना चाहिए। चाहे वह किसी के बारे में भी हो। प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना कीजिए, लेकिन ध्यान रखिए कि मर्यादा न टूटे।

### पीएम मोदी को गाली से कांग्रेस ने पल्ला झाड़ा



बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा में कांग्रेस नेता मोहम्मद नौशाद के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मां की गाली देने के विवाद से कांग्रेस ने पल्ला झाड़ लिया है। कांग्रेस के महासचिव सचिन पायलट ने मोदी को अपशब्द कहने की निंदा की है और कहा कि कांग्रेस पार्टी का उससे कोई लेना-देना नहीं है। पायलट ने कहा कि यात्रा निकलने के बाद किसी ने मंच पर चढ़कर यह हरकत की है। वहीं कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने इसे बीजेपी की ही साजिश के तौर पर पेश किया है। यात्रा निकल चुकी थी। हजारों लोग हैं। मंच पर कोई चढ़ जाए और अपशब्द का उपयोग करे, इसको सही नहीं मानता हूं।

## अमित शाह का कांग्रेस पर निशाना जितनी गाली, उतना खिलेगा कमल



अमित शाह ने असम की राजधानी गुवाहाटी में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 27 देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है।लेकिन भारत की राजनीति में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने जिस प्रकार से घृणा और तिरस्कार की नकारात्मक राजनीति की शुरुआत की है। उसका निम्न स्तर का प्रदर्शन उनकी घुसपैठिया बचाओ यात्रा में देखने को मिला। कांग्रेस ने बिहार में घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकाली है, जिसमें राहुल गांधी के स्वागत मंच से पीएम नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताजी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया है, जो कांग्रेस के नेताओं ने सबसे घृणित काम किया है। कांग्रेस के नेता क्या समझते हैं। इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल कर आपको जनादेश मिलेगा? मैं आज कांग्रेस के नेताओं को कहना चाहता हूं कि जितनी ज्यादा गालियां आप बीजेपी को दोगे, कमल का फूल उतना ही बड़ा होकर आसमान तक पहुंचेगा।

### पीएम को अपशब्द कहने वाला आरोपी गिरफ्तार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मां की गाली देने वाले शख्स को बिहार के दरभंगा जिले से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी का नाम मोहम्मद रिजवी उर्फ राजा है। वह जीप ड्राइवर है। दरभंगा के एसएसपी ने उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। रिजवी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान बनाए गए एक स्वागत मंच से पीएम मोदी की मां के बारे में अपशब्द कहे थे। सार्वजनिक रूप से गाली देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। यह मंच कांग्रेस नेता मोहम्मद नौशाद की ओर से तैयार किया गया था, जिन्होंने एक दिन पहले ही माफी भी मांगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गृहमंत्री पर टिप्पणी कर विवादों में घिरी मोइत्रा



**कोलकाता, जेएनएन।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ एक ऐसी टिप्पणी की, जिसको लेकर वो विवादों में घिर गई हैं। टीएमसी सांसद ने अमित शाह के बारे में कहा, अमित शाह को अपना सिर काटकर पीएम मोदी की मेज पर रख देना चाहिए। उनकी इस टिप्पणी के बाद कृष्णानगर कोतवाली थाने में बीजेपी नेता ने शिकायत दर्ज कराई गई है। महुआ मोइत्रा ने मंगलवार (26 अगस्त) को पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ को लेकर ऐसा जवाब दिया, जिससे वह विवादों में घिर गई। टीएमसी सांसद कृष्णानगर में बोल रही थीं, इसी दौरान उन्होंने जनसांख्यिकी परिवर्तन को लेकर पीएम मोदी और अमित शाह के खिलाफ तीखा हमला बोला। महुआ मोइत्रा ने कहा, हमारा बयान बहुत सीधा है. हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए पांच सेनाएं तैनात हैं. जो सीधे तौर पर गृह मंत्रालय और गृह मंत्री के अधीन आती हैं. जब प्रधानमंत्री 15 अगस्त को लाल किले से जनसांख्यिकी परिवर्तन और घुसपैठ के मुद्दों पर बोल रहे थे, तो पहली पंक्ति में बैठे उनके अपने गृह मंत्री बेशर्मी से ताली बजा रहे थे और मुस्कुरा रहे थे।

### पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना, जेएनएन।** पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई है। धमकी मिलने के बाद कोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। कोर्ट परिसर को खाली करा दिया गया है और डॉग स्क्वायड की टीम जांच कर रही है। पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। यह धमकी ईमेल के माध्यम से मिली है। ईमेल मिलने के बाद कोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारी इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। कोर्ट परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां ईमेल भेजने वाले की तलाश कर रही हैं। स्थानीय पीरबहोर थाने को अलर्ट कर दिया गया है। कोर्ट में आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली जा रही है।

### दो अधिकारी निलंबित एजेंसी पर एफआईआर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** जल जीवन मिशन के कार्यो में लापरवाही बरतने पर दो यंत्रियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि निर्माण एंजेसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। पीएचई ने बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बातेगांव को हस्तांतरित नलजल योजना के तहत निर्मित 100 केएल क्षमता की उच्च स्तरीय टंकी 28 अगस्त को क्षतिग्रस्त होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए एजेंसी और अधिकारियों पर तुरंत कार्यवाही की। टंकी का निर्माण मैसर्स रायसिंह एण्ड कंपनी बालाघाट द्वारा किया गया था। निर्माण में त्रुटियां मिलने पर एजेंसी पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। विभागीय स्तर पर कठोर कदम उठाते हुए उपयंत्री बीएल उद्दे और प्रभारी सहायक यंत्री एचके बागेश्वर को निलंबित कर दिया गया है। कार्यपालन यंत्री एवं अन्य सहायक यंत्री जो वर्तमान में सेवानिवृत्त हैं, उनके विरुद्ध पेंशन नियमों के अंतर्गत कार्यवाही हेतु प्रस्ताव प्रमुख अभियंता से मंगाए जा रहे हैं।

### हाईवे पर चलती कार में आग, ट्रैफिक बाधित

**जागरण, कटनी।** जिले के कटनी-शहडोल राष्ट्रीय राजमार्ग पर एनकेजे थाना क्षेत्र के रफ्ता पेट्रोल पंप के पास अचानक एक चलती कार में आग लग गई। घटना शुक्रवार दोपहर 1 बजे की है। कार मालिक दिलीप रत्नाकर को आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को संभावित कारण माना है। हालांकि, इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत एनकेजे थाने को सूचना दी। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। घटना के कारण राजमार्ग पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। करीब एक घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा।

## साफ और पारदर्शी नेतृत्व की जरूरत : भागवत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने संघ के शताब्दी वर्ष के मौके पर दिल्ली के विज्ञान भवन में कई मुद्दों पर विचार रखे। उन्होंने पत्रकारों के सवालों पर जवाब देते हुए कहा, संघ और बीजेपी अपने-अपने क्षेत्र में स्वतंत्र हैं। भागवत ने बयान में साफ और पारदर्शी नेतृत्व की जरूरत पर जोर दिया। तीन बच्चों वाले परिवार को देशहित में उचित बताया। शहरों के नाम आक्रमणकारियों पर न रखने की बात कही।

जातिगत आरक्षण को संवैधानिक समर्थन बताया। संघ प्रमुख ने कहा कि भारत की सभी भाषाएं राष्ट्रभाषाएं हैं, संस्कृत का अध्ययन जरूरी है और तकनीक का बुद्धिमानी से उपयोग होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि संघ कभी हिंसा नहीं करता। महिलाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है, इस्लाम भारत का हिस्सा है और घुसपैठ



रोकना जरूरी है। उन्होंने कहा, पर्याप्त जनसंख्या के लिए परिवार में तीन बच्चे होने चाहिए। अगर तीन बच्चे होते हैं, तो माता-पिता और बच्चों सभी का स्वास्थ्य ठीक रहता है। शहरों के नाम बदलने की राजनीति' पर मोहन भागवत ने कहा, आक्रमणकारियों के नाम पर शहरों और रास्तों के नाम नहीं होने चाहिए। मैंने मुस्लिम के नाम न हो ऐसा नहीं कहा। वीर अब्दुल हमीद और अब्दुल कलाम के नाम पर होने चाहिए. आक्रांताओं के नाम नहीं होने चाहिए। हमको जितनी प्रेरणा राम प्रसाद बिस्मिल से मिलती है, उतनी ही अशफाक उल्ला खान से मिलती है। राम मंदिर एकमात्र ऐसा आंदोलन था, जिसका संघ ने समर्थन किया था। संघ काशी और मथुरा के स्थलों के पुनरुद्धार सहित ऐसे किसी भी अन्य आंदोलन का समर्थन नहीं करेगा। आरएसएस के स्वयंसेवक ऐसे आंदोलनों में शामिल होने के लिए आजाद हैं। जातिगत आरक्षण पर संवेदना से विचार किया जाना चाहिए, दीनदयाल जी ने एक नजरिया दिया है, जो नीचे है उसे ऊपर आने के लिए हाथ उठाकर कोशिश करनी चाहिए, और ऊपर जो है उसे हाथ पकड़ कर ऊपर खींचना चाहिए. संविधान सम्मत आरक्षण को संघ का समर्थन है। हमारा हर सरकार, राज्य सरकारों और केंद्र सरकारों, दोनों के साथ अच्छा रिश्ता है, लेकिन कुछ व्यवस्थाएं ऐसी भी हैं, जिनमें कुछ आंतरिक विरोधाभास हैं। कुल मिलाकर व्यवस्था वही है, जिसका आविष्कार अंग्रेजों ने शासन करने के लिए किया था।

### ट्रंप के सलाहकार ने उगला भारत के खिलाफ जहर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका इन दिनों पूरी दुनिया में फैले बवाल का केंद्र बना हुआ है। हर युद्ध में अमेरिका शामिल है, भले ही वो सीधे तौर पर इसे लड़ नहीं रहा हो। खासतौर पर जब से डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में आए हैं, तब से अमेरिका फर्स्ट के नाम पर उन्होंने जो गदर मचाया है, उससे पूरा विश्व प्रभावित हो रहा है। दादागिरी ऐसी कि कोई उनकी शर्तों पर न झुके तो वे किसी तानाशाह की तरह सजा देने पर उतर आते हैं। उनकी इस सनक के पीछे उनके कुछ सलाहकार भी हैं, जो अमेरिका की पारंपरिक रणनीति को उलट-पुलट कर रहे हैं। भारत के खिलाफ टैरिफ वॉर के दौरान ट्रंप के अलावा जो नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहा, वो पीटर नवारो का है। डोनाल्ड ट्रंप के लिए शुक्राचार्य की तरह बंटाधारी गुरु बने पीटर नवारो का कोई दिन नहीं गुजर रहा, जब वे पीएम मोदी के बारे में बात न करें।

## ट्रंप टैरिफ से निपटने सरकार हर सेक्टर के लिए उपायों की घोषणा करेगी: पीयूष



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बावजूद भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि टैरिफ के बावजूद इस साल भारत का निर्यात पिछले साल से ज्यादा रहेगा। निर्यात बढ़ाने के मकसद से सरकार जल्दी ही सभी सेक्टर के लिए उपायों की घोषणा करेगी। गोयल का बयान ट्रंप टैरिफ पर भारत की तरफ से अब तक का सबसे करारा जवाब कहा जा सकता है।उन्होंने कहा, अगर कोई देश हमारे साथ मुक्त व्यापार समझौता करना चाहता है, तो हम हमेशा तैयार हैं। लेकिन किसी भी तरह का भेदभाव भारत के 140 करोड़ नागरिकों के आत्मविश्वास और स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाला है। इसलिए हम न तो झुकेंगे और न ही कभी कमजोर दिखेंगे। हम साथ मिलकर आगे बढ़ते रहेंगे और नए बाजारों पर कब्जा करेंगे। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस साल हमारा निर्यात पिछले साल से ज्यादा होगा। गोयल ने कहा, मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि सरकार हर सेक्टर की मदद के लिए उपायों की घोषणा करेगी, ताकि घरेलू बाजार में बिक्री बढ़ने के साथ विदेशी बाजारों में भी भारत की पैठ बढ़ाई जा सके। यह साल हमारे आत्मविश्वास को परिभाषित करेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष भारत ने रिकॉर्ड 824.9 अरब डॉलर का निर्यात किया।

## रामसेतु बने राष्ट्रीय धरोहर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी की उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने 'रामसेतु' को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के उनके अभ्यावेदन पर 'शीघ्रता से' निर्णय लेने का सरकार को निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया था। 'रामसेतु' तमिलनाडु के दक्षिण-पूर्वी अपतटीय क्षेत्र स्थित पम्बन द्वीप और श्रीलंका के उत्तर-पश्चिमी अपतटीय क्षेत्र स्थित मन्नार द्वीप के बीच चूना पत्थर की एक लंबी श्रृंखला है। जस्टिस विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने स्वामी की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की तथा केंद्र को नोटिस जारी किया। इस याचिका पर सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। स्वामी




ने कहा है कि उन्होंने 2023 के सुप्रीम कोर्ट के ही आदेश के आधार पर केंद्र सरकार से रामसेतु को अतिशीघ्र राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग की थी लेकिन केंद्र सरकार ने अब तक कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने याचिका में कहा है कि रामसेतु ऐतिहासिक, पुरातात्विक और कलात्मक रूप से सभी शर्तों पर खरा उतरता है। ऐसे रामसेतु को जल्द से जल्द राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाना चाहिए।

### कौन सा फल कितना है पका स्कैनर बताएगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुबई के सुपरमार्केट्स में अब हाई-टेक गैजेट्स धूम मचा रहे हैं। सबसे दिलचस्प है फ्रूट रिपनेस स्कैनर। हथेली के आकार का यह छोटा सा डिवाइस फल के ऊपर लगाते ही बता देता है कि वह खाने के लिए तैयार है या नहीं। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक महिला ने दुबई के ग्रोसरी स्टोर से दो एवोकाडो उठाकर स्कैनर मशीन पर रखा। पहला एवोकाडो पका हुआ और परफेक्ट निकला, जबकि दूसरा कड़ा था और अभी खाने लायक नहीं। वीडियो ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये मशीन अब ग्राहकों के लिए बड़ा आकर्षण बन गई है। हथेली के आकार का यह डिवाइस फल को स्कैन कर उसकी मजबूती और शुगर लेवल मापता है।

### परम सुंदरी ने तोड़ा सिद्धार्थ की फिल्मों का रिकॉर्ड

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की फिल्म परम सुंदरी बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म ने पहले ही दिन सिद्धार्थ मल्होत्रा की कई पिछली फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। परम सुंदरी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन दिखाया है, ऐसा कहा जा सकता है। पहले दिन की कमाई के हिसाब से फिल्म के बजट के मुताबिक बेहतरीन कहा जा सकता है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने करीब चार करोड़ का कलेक्शन कर लिया था। ऐसे में फिल्म के ओपनिंग डे कलेक्शन का फाइनल आंकड़ा बदल सकता है, जो 8 करोड़ के आसपास हो सकता है। सिद्धार्थ मल्होत्रा की पिछली फिल्मों की अगर बात करें तो जबरिया जोड़ी ने ओपनिंग डे पर 2.7 करोड़ का कारोबार किया था। ए जेंटलमैन फिल्म में पहले दिन 4.04 करोड़ का कारोबार किया था। इत्तेफाक फिल्म ने 4.05 करोड़ का कारोबार किया था। सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा 4.25 करोड़ का कारोबार पहले दिन करने में कामयाब हुई थी। तो वहीं सिद्धार्थ की हंसी तो फंसी फिल्म ने 4.65 करोड़ का कारोबार किया था।



### संयुक्त राष्ट्र की 80वीं महासभा को संबोधित करेंगे राष्ट्रपति ट्रंप

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले महीने 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क जाएंगे। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने पुष्टि की कि ट्रंप 22 सितंबर को न्यूयॉर्क पहुंचेंगे और 23 सितंबर को महासभा को संबोधित करेंगे। ट्रंप का संयुक्त राष्ट्र में पांचवां भाषण होगा, लेकिन उनके दूसरे कार्यकाल का पहला। इस साल की महासभा की 80वीं बैठक 9 सितंबर 2025 को शुरू होगी। दो हफ्ते बाद, 23 सितंबर से उच्च स्तरीय जनरल डिबेट शुरू होगा, जिसमें ट्रंप सहित विश्व नेताओं के भाषण होंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा दुनिया की 193 सदस्य देशों का ऐसा मंच है जहां सभी को बराबर का वोट मिलता है और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा होती है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी पर अब दुनियाभर की नजर रहेगी।

प्रेरणा — दुबई की सड़कों पर भारतीय महिला ड्राइवर अम्मा की मुस्कान इंस्पिरेशन बनीं

## 74 की उम्र में रोल्स-रॉयस से लेकर क्रेन तक चलाती है महिला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुबई की सड़कों पर इस समय हर कोई एक खास महिला ड्राइवर की चर्चा कर रहा है। 74 साल की भारतीय महिला राधामणि अम्मा, जिन्हें लोग प्यार से 'ड्राइवर अम्मा' कहते हैं, सोशल मीडिया पर छा गई हैं। साड़ी पहनकर रोल्स-रॉयस घोस्ट चलाती उनका वीडियो दुनियाभर में वायरल हो गया है। आत्मविश्वास से भरा उनका अंदाज और शालीन मुस्कान लाखों लोगों के लिए इंस्पिरेशन बन गई है।

### साड़ी में रोल्स-रॉयस ड्राइव का अनोखा नजारा

टूरिस्ट्स के लिए दुबई हमेशा से लग्जरी और लाइफस्टाइल का हॉटस्पॉट रहा है। लेकिन जब कोई भारतीय महिला साड़ी पहनकर रोल्स-रॉयस घोस्ट की ड्राइविंग सीट पर बैठती है, तो नजारा और भी खास बन जाता है। मणि अम्मा न केवल अपनी कार को बेहतरीन बैलेंस से चलाती हैं, बल्कि अपने इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट के साथ यह दिखाती हैं कि उम्र और लुक्स सपनों को पूरा करने में कभी रुकावट नहीं बनते। यही वजह है कि उनकी ड्राइविंग का वीडियो न सिर्फ दुबई, बल्कि दुनिया भर में चर्चा का विषय बना हुआ है।



### उद्योगपति आनंद महिंद्रा भी हुए प्रभावित

मणि अम्मा की कहानी केवल आम लोगों को ही नहीं, बल्कि बड़े उद्योगपतियों को भी प्रेरित कर रही है। आनंद महिंद्रा ने उनकी तारीफ करते हुए लिखा कि उनकी जीवन जीने की भूख काबिल-ए-तारीफ है। यह बताता है कि दुबई न केवल लग्जरी और ट्रैवल के लिए मशहूर है, बल्कि यहां इंस्पिरेशन की भी कोई कमी नहीं।

### 11 तरह के वाहनों का ड्रायविंग लायसेंस

रोल्स-रॉयस चलाना ही उनकी असली पहचान नहीं है, बल्कि मणि अम्मा के पास 11 कैटेगरी के वाहनों का लाइसेंस है। इनमें लग्जरी कारें जैसे रोल्स-रॉयस और मर्सिडीज़ के अलावा बस, ट्रक, ट्रैक्टर और यहां तक कि क्रेन और रोड रोलर जैसे हैवी मशीनरी भी शामिल हैं। उनकी यह बहुमुखी प्रतिभा देखकर हर कोई हैरान रह जाता है। उनका अंदाज यह संदेश देता है कि दुबई सिर्फ घूमने की जगह नहीं, बल्कि नई स्किल्स सीखने और खुद को नया नजरिया देने का अनुभव भी है।

### केरल से दुबई तक की प्रेरक यात्रा

1978 में केरल में उनके पति ने एक ड्राइविंग स्कूल खोला था। वहीं से मणि अम्मा की ड्राइविंग जर्नी शुरू हुई। पति के निधन के बाद उन्होंने खुद स्कूल की जिम्मेदारी संभाली और परिवार को आगे बढ़ाया। आज वही जज्बा उन्हें दुबई की सड़कों पर दुनिया भर के लोगों का ध्यान खींचने वाला बना रहा है। उनकी इस यात्रा से एक नई सिख मिलती है कि जिंदगी के किसी भी मोड़ पर नया सफर शुरू किया जा सकता है।

अनूपपुर में भाजपा की महिला नेत्री पर पूर्व जिलाध्यक्ष का विवादित बयान, बोले-

## कुलक्षणी, सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली

**जागरण, अनूपपुर।** विपक्षी दल और आला अफसरों को लेकर बदजुबानी करने वाले भाजपा नेता अब अपने ही दल की नेत्रियों की भी मर्यादा तार-तार करने में संकोच नहीं कर रहे हैं। अंदरूनी खींचतान में पार्टी के नेता महिलाओं की गरिमा का भी ख्याल नहीं रख रहे है। ऐसी ही खींचतान में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने भरे मंच से पार्टी के महिला मोर्चा की महामंत्री को कुलक्षणी कह डाला। फिर एक पुरानी कहावत सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली की उक्त महिला नेता की तुलना करते हुए इसे साकार करने वाला पिशाच, ये नरक के कोढ... भी कहने से गुरेज नहीं चूके। शर्मसार करने वाली ये शब्द अनूपपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष व जैतहरी नगर परिषद अध्यक्ष उमंग गुप्ता के पिता अनिल गुप्ता के हैं, जो उन्होंने गतदिवस जैतहरी में सिद्ध बाबा पहाड़ी पर रॉक गार्डन के उद्घाटन समारोह में भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री नवरत्नी शुक्ला को टारगेट बनाते हुए कहीं। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने अपने भाषण के दौरान कहाकि अभी तीन दिन पहले मैं भोपाल जा रहा था। मुझे फोन रेलवे पुलिस के इंस्पेक्टर का फोन आया कि एक शिकायत आई है। पूर्व अध्यक्ष और भाजपा महिला मोर्चे



अनिल गुप्ता, भाजपा नेता | नवरत्नी शुक्ला, भाजपा नेत्री

की महामंत्री...। इसके साथ ही गुप्ता ने संगठन द्वारा महिला नेता को दिए गए पद का हवाला देते हुए यह तक कह डाला कि कागज में महामंत्री, आचरण में पता नहीं... क्या कहूं मैं... अपनी भाषा में तुम जानो... कुलक्षणी। गुप्ता का वीडियो पूरे क्षेत्र में शुक्रवार को जमकर वायरल हो रहा है। बता दें, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री नवरत्नी शुक्ला पूर्व में जैतहरी नगर परिषद की अध्यक्ष भी रही हैं। वीडियो में महिला नेत्री को कोस रहे गुप्ता यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि आपने उमंग अनिल गुप्ता के साथ अन्याय नहीं किया। कोई हथकड़ी लेकर नहीं आया था... दुर्गा मां के सामने आकर सौगंध खाइए...। परमात्मा इनको माफ नहीं करेगा... एक भी काम नगर में अच्छा नहीं हो रहा। आप हाईकोर्ट गए।

# गुटई राजा का पलटवार- मेरी राजनीतिक छवि खराब करने की साजिश, करूंगा कोर्ट केस

## जनता की सेवा ही मेरा संकल्प, परिवार हमेशा समाज के लिए समर्पित



**जागरण, टीकमगढ़।** खरगापुर विधानसभा की विधायक श्रीमती चंद्रारानी गौर के देवर एवं पूर्व कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष गोविंद सिंह गौर उर्फ गुटई राजा ने मीडिया के सामने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि छतरपुर जिले के बुंदेली चुगली न्यूज चैनल द्वारा बीते दो दिनों से उनका नाम बेवजह उछाला जा रहा है। गौर ने कहा कि यह सब उनकी राजनीतिक प्रतिष्ठा धूमिल करने और जनता के बीच गलत छवि बनाने की सोची-समझी साजिश है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार के छतरपुर आवास पर काम करने वाली महिला, जो परिवार का हिस्सा जैसी थी, ने अज्ञात कारणों से आत्महत्या कर ली। इस घटना से उनका परिवार भी दुखी है। इसके बावजूद उस घटना को आधार बनाकर लगातार उनका नाम बदनाम किया जा रहा है। श्री गौर ने चेतावनी दी कि यदि चैनल या संबंधित लोगों के पास कोई सबूत है तो सामने लाएं, अन्यथा वह अपने वकील के माध्यम से नोटिस देकर अदालत में मानहानि का केस करेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, लेकिन कुछ लोग स्वार्थवश पूरे पत्रकार जगत की साख खराब कर रहे हैं। उन्होंने साफ कहा कि उनका आज तक छतरपुर के पत्रकार नीरज सोनी से कभी कोई संपर्क नहीं रहा ड्ड न मुलाकात, न ही फोन पर बात। इसके बावजूद उन्हें जबरन खबरों में घसीटा जा रहा है।

**टीआई पंकज शर्मा का नाम गलत तरीके से जोड़ा गया :** वही गोविंद सिंह गौर उर्फ गुटई राजा ने बताया कि खरगापुर थाना प्रभारी रहे टीआई पंकज शर्मा का नाम भी इस प्रकरण में बिना कारण घसीटा जा रहा है। जबकि सच्चाई यह है कि पंकज शर्मा के खिलाफ उनकी कोई शिकायत नहीं है। यह सब जनता को गुमराह करने के लिए फैलाई गई भ्रामक जानकारी है।

**मीडिया और प्रशासन से अच्छे संबंध :** इसी दौरान श्री गौर ने कहा कि उनका और उनके परिवार का प्रशासन व मीडिया से हमेशा सकारात्मक रिश्ता रहा है। कभी-कभी गलतफहमियाँ हो जाती हैं, लेकिन आपसी तालमेल से सब कुछ ठीक कर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार हमेशा जनता की सेवा और समाजहित के कार्यों में समर्पित रहा है और आगे भी रहेगा।

**हम जनता के सेवक है : गुटई राजा** - वही अंत में गुटई राजा ने स्पष्ट कहा की हम जनता की सेवा करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। लेकिन अगर कोई हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने की कोशिश करेगा तो हम चुप नहीं बैठेंगे। अदालत में कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और सच्चाई सामने लाकर रहेंगे।

## शासकीय माध्यमिक शाला रेहुटा में शांतिपूर्ण माहौल में एसएमसी चुनाव सम्पन्न, सुशील सिंह बने अध्यक्ष



**जागरण, पवई।** शासकीय माध्यमिक शाला रेहुटा में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) का चुनाव उत्साहपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में सर्वसम्मति से सुशील सिंह को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया। सुशील सिंह के चयन पर विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्हें बधाई दी। चुनाव प्रक्रिया की देखरेख विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी गुप्ता ने की। इस दौरान विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा और सभी ने चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में सहयोग दिया। चुनाव में बड़ी संख्या में अभिभावक भी शामिल हुए, जिन्होंने सक्रियता से भाग लेकर विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के भविष्य के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया। चुनाव सम्पन्न होने के बाद विद्यालय परिवार ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर अभिभावकों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन, साफ-सफाई, खेलकूद और अन्य सहशैक्षिक गतिविधियों को और बढ़ावा मिलेगा।कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने यह भी कहा कि एसएमसी चुनाव केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि यह विद्यालय के विकास की दिशा तय करता है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बच्चों की शिक्षा, विद्यालय की सुविधाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

# अनुशासन, मेहनत और हौंसलों का साथ, खेलों से मिलता है जीवन को विश्वास : अंकुर त्रिवेदी

## वैष्णव माता महाविद्यालय में खेल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**जागरण, पन्ना।** वैष्णव माता शिक्षा समिति पन्ना द्वारा संचालित वैष्णव माता विधि महाविद्यालय, बीएड महाविद्यालय, आईटीआई, इंस्ट्रीयूट व फार्मेसी में खेल दिवस 29 अगस्त पर हाकी का जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद्र के जन्मदिवस पर महाविद्यालय खेल मैदान में विभिन्न इनडोर व आउटडोर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान वैष्णव माता शिक्षा समिति के सचिव अंकुर त्रिवेदी व प्रभारी प्राचार्य अविनाश पाण्डेय द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्रायें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए शामिल रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सचिव श्री त्रिवेदी ने सभी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल शरीर को ही नहीं, मन और आत्मा को भी स्वस्थ बनाते हैं। आइए खेल भावना के साथ जीवन जीने का संकल्प लें। अनुशासन, मेहनत और हौसलों के साथ खेलों से जीवन में एक नया विश्वास मिलता है। प्रभारी प्राचार्य अविनाश पाण्डेय द्वारा भी छात्र-छात्राओं को खेलों के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान संस्था के खेल प्रभारी शिवम पाठक ने इनडोर गेम्स के लिए व्यवस्था करते हुए शतरंज, कैरम की लिए अलग-अलग टेबिलों में खिलाडी प्रतिभागियों को हिस्सा दिलवाया। वहीं आउटडोर गेम्स में कबडडी में दोनों पालियों में कबड्डी बोलकर जमकर जोर अजमाईश की तथा रस्साकस्सी में दोनों पक्षों से करीब दस-दस छात्राओं ने अपने शारिरिक बल का प्रयोग करते हुए अपनी-अपनी ओर रस्सी खींची। वहीं छात्राओं ने भी खो-खो प्रतियोगिता में शामिल होकर अपना उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। इस दौरान कबड्डी व खो-खो के लिए रेफरी की भूमिका मनोज जडिया द्वारा अदा की गई। इस दौरान संस्था से सहायक प्राध्यापकगण अतुल पाण्डेय, अमित पाण्डेय, बृजकिशोर त्रिपाठी, भरत सिंह सिंगरौल, नरेन्द्र अहिरवार, महेन्द्र सिंह, संजय सिंह, अभिषेक, पंकज पाण्डेय, भूपेन्द्र चौबे, मनोज जडिया, शिवम पाठक, गरिमा जैन, श्रद्धा सिंह, श्रीमती नितिका डनायक, शिभा सिंह सोलंकी, साधना साहू,, नेहा सेन, सरिता अग्रवाल, रिचा तिवारी, गजेन्द्र, महेश, सविता, रेखा, उपस्थित रहीं।

# आदि कर्मयोगी तत्परता के साथ दायित्वों का करें निर्वहन

## कलेक्टर ने विकासखंड स्तरीय मॉस्टर ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

**जागरण, पन्ना ।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों को पात्रतानुसार सरकारी योजनाओं के लाभ से लाभांवित करने और विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत महत्वपूर्ण पहल की गई है, जिसके तहत चयनित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर आदि कर्मयोगी बनाने की शुरूआत हुई है। इस क्रम में विभागवार चयनित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के भोपाल में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के उपरांत जिला मुख्यालय पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन भी किया जा चुका है। अब विकासखंड स्तरीय पांच-पांच मॉस्टर टेऊनर्स को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके उपरांत ब्लॉक लेवल के मॉस्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रत्येक विकासखंड में संबंधित एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ के समन्वय से ग्राम पंचायतवार विभाग के आदि कर्मयोगियों का उन्मुखीकरण कर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके जरिए निचले स्तर तक निर्धारित गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने अभियान के रिस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम के तहत शनिवार को शहर के एक निजी होटल में ब्लॉक स्तरीय मॉस्टर टेऊनर्स के तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी विकासखंड से चयनित 25 मॉस्टर टेऊनर्स एवं आदि कर्मयोगियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं तथा आम नागरिकों तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए चयन एवं विश्वास पर खरा उतरने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि वंचित तबके के लोगों के लिए बेहतर कार्य करें। आदि कर्मयोगियों द्वारा तत्परता के साथ आगे बढ़कर वंचित वर्ग को लाभ दिलाया जाए और इनके आर्थिक, सामाजिक, स्वास्थ्य और शिक्षा इत्यादि क्षेत्र में उन्नति के पुण्य कार्य में सहभागी बनें। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में गत जून माह में 15 से 30 तारीख तक आयोजित शिविरों के दौरान 108 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में सेचुरेशन से शेष रहे लोगों तक प्राथमिकता से सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों को अन्य विभाग भी अपनी योजनाओं से लाभांवित करने का प्रयत्न करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुरूप समाज के अग्रणी व्यक्ति भी वांछित सहयोग प्रदान कर संपूर्णता लाने में अपना योगदान दें, जिससे सुगमतापूर्वक प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, राशन कार्ड सहित बैंक की वित्तीय सेवाओं और अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक समय सीमा में पहुंचे।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि आदि कर्मयोगी विशिष्ट सेवा भाव के साथ जरूरतमंद व्यक्ति की पहचान कर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ दायित्व निर्वहन करें। ब्लॉक मॉस्टर टेऊनर्स के डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब (डीपीएल) के शुभारंभ पर उन्होंने कहा कि आगामी 15 सितम्बर के पूर्व ग्राम एवं क्लस्टर स्तर तक आदि कर्मयोगियों का समर्पित वर्ग तैयार किया जाना है। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य विशिष्ट क्षेत्र में कार्यरत जनजातीय समाज के व्यक्तियों को भी आदि सहयोगी के रूप में चिन्हित किया जाए। ग्राम स्तर पर आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों की आदि साथी के रूप में नियुक्ति और आदि सेवा केन्द्र शुरू होने के बारे में भी अवगत कराया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने अपने संबोधन में मॉस्टर ट्रेनर्स से कहा कि राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी अनुरूप ब्लॉक स्तरीय मॉस्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। प्रशिक्षण में रोचक गतिविधियों के माध्यम से अभियान के उद्देश्यों एवं क्रियान्वयन की जानकारी दें। इसके उपरांत ग्राम स्तर तक शासन की मंशा एवं नीति अनुरूप गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। जिला संयोजक जयप्रताप भदौरिया ने प्रशिक्षण एवं ओरिएंटेशन प्रोग्राम की रूपरेखा से अवगत कराया। साथ ही अभियान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की। सात विभागों के जिला स्तरीय मॉस्टर टेऊनर्स द्वारा परिचय प्रदान कर प्रशिक्षण की गतिविधियां संपादित कराई गईं। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अशोक कुमार चतुर्वेदी एवं परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी मौजूद थे।

## बूथ लेवल अभिकर्ता की नियुक्ति के संबंध में प्रस्तुत करें जानकारी

पन्ना । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव से बूथ लेवल अभिकर्ता की तत्काल नियुक्ति कर जानकारी से अवगत कराने का अनुरोध किया है, जिससे भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधान अनुसार आगामी कार्यवाही की जा सके। विदित हो कि मतदान केन्द्रों के लिए बूथ लेवल एजेन्ट की नियुक्ति कर सूची प्रदान करने के संबंध में निरंतर अवगत कराया जा रहा है।

# 10 एकड़ भूमि को पुनः शासकीय दर्ज करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी

## 15 सितम्बर को पक्ष समर्थन के लिए कलेक्टर न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश

**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर न्यायालय पन्ना द्वारा ग्राम पन्ना स्थित भूमि सर्वे नंबर 520/12 रकवा 10 एकड़ अर्थात 4.047 हे. भूमि को पुनः शासकीय म.प्र. शासन दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा तहसीलदार पन्ना के माध्यम से ग्राम सुनहरा निवासी धरमू, ग्राम पुरषोत्तमपुर निवासी मुन्ना कुशवाहा एवं पन्ना नगर के वार्ड नंबर 2, टिकुरिया मोहल्ला निवासी श्रीकांत दीक्षित को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अपना पक्ष प्रस्तुत करने, उत्तर देने तथा अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहने संबंधी समस्त दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए आगामी 15 सितम्बर को सुबह 11 बजे से कलेक्टर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए सूचित किया गया है। निर्धारित तिथि पर न्यायालय में उपस्थित नहीं होने के स्थिति में अनुपस्थित मानकर मामले की सुनवाई और निराकरण की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना द्वारा तहसीलदार पन्ना के प्रतिवेदन 20 अगस्त 2025 के माध्यम से ग्राम पन्ना स्थित भूमि सर्वे नंबर 520 रकवा 228.71 एकड़ अर्थात् 92.5576 हे. मिसल बंदोबस्त वर्ष 1955-56 में म.प्र. शासन, वर्ग 9/5, जंगल मद में दर्ज होने की जानकारी प्रस्तुत की गई है। यह भूमि वर्ष 1962-63 तक निरंतर जंगल मद में दर्ज रही है, जबकि वर्ष 1969-70 से वर्ष 1988-99 तक खसरा नंबर 520/12 रकवा 10 एकड़ अर्थात् 4.047 हे. धरमू पिता भरोसे कुर्मी निवासी पन्ना के नाम पर खसरा के कॉलम नंबर 3 में दर्ज है, किन्तु खसरा के कॉलम नंबर 12 में सक्षम अधिकारी के आदेश की टीप अंकित नहीं है। वर्ष 1999-2000 से वर्ष 2003-04 तक का खसरा नगर निरीक्षक कोतवाली पन्ना में जप्त है तथा वर्ष 2004-05 से वर्ष 2008-09 तक का खसरा जीर्ण शीर्ण है। वर्ष 2009-10 से वर्ष 2018-19 तक उक्त भूमि धरमू के नाम पर यशावत दर्ज है। वर्ष 2019-20 में तहसीलदार न्यायालय पन्ना के आदेश दिनांक 19.07.2019 द्वारा मुन्ना कुशवाहा व 21.10.2021 द्वारा श्रीकांत दीक्षित के नाम से अब तक दर्ज है।

इस प्रकरण में प्रस्तुत विस्तृत प्रतिवेदन एवं दस्तावेजों के अवलोकन से प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि खसरा वर्ष 1969-70 में सर्वे नंबर 520/12 रकवा 10 एकड़ अर्थात 4.047 हे. धरमू के नाम पर खसरा के कॉलम नंबर 3 में दर्ज है, लेकिन कॉलम नंबर 12 में सक्षम अधिकारी के न्यायालय का नाम, प्रकरण क्रमांक और आदेश दिनांक की टीम अंकित नहीं होने से प्रविष्टियां फर्जी परिलक्षित होती हैं। भूमि के शासन से बंटित होने की स्थिति में बंटिती द्वारा भूमि विक्रय करने के पहले म.प्र. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7-ख) के तहत प्राप्त भूमि विक्रय की अनुमति से संबंधित दस्तावेज भी आवश्यक है। इसके अलावा प्रश्नाधीन भूमि के तत्समय मिसल बंदोबस्त में जंगल मद में दर्ज होने के संबंध में वन विभाग के 5 जून 2025 के पत्रानुसार सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के दिनांक 15 मई 2025 के निर्णय का उल्लेख कर अवगत कराया गया है कि राजस्व वन श्रेणी की भूमि का अन्यथा उपयोग नहीं किया जा सकता है, जिससे प्रश्नाधीन भूमि का कृषि हेतु बंटन किया जाना भी संभव नहीं है। इस संबंध में संबंधितजनों को फर्जी प्रविष्टि होने तथा उच्चतम न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में एवं वन विभाग के अपर मुख्य सचिव के पत्र के परिपालन में प्रश्नाधीन भूमि को पुनः शासकीय दर्ज करने के लिए संबंधितजनों को नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया है।

# 135 लीटर अवैध शराब सहित परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त



**जागरण, पन्ना ।** पुलिस द्वारा समय-समय पर अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाहियाँ की गई हैं। इसी कड़ी में एक बार पुनः पन्ना पुलिस द्वारा बीती रात्रि में बड़ी मात्रा में 135 लीटर अवैध शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त स्पलेंडर मोटरसाइकिल स्क्क35स्क्व4272, कुल कीमती लगभग 1 लाख रुपए की जप्त की जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है ।

पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, विक्रय एवं परिवहन करने वाले व्यक्तियों पर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के निर्देशानुसार जिले के समस्त थानो में अवैध शराब के विरूद्ध समय समय पर वैधानिक कार्यवाहियाँ की गई है ।

इसी तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा अवैध शराब की जानकारी के संबंध में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । साथ ही कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस बल को सघन रात्रि गश्त एवं वाहन चेकिंग हेतु समझाइस दी गई। जिसके फलस्वरूप दिनांक 29/08/2025 की रात्रि में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान कमलाबाई तालाब बीडी कालोनी पन्ना पहुँचकर एक स्पलेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक स्क्क35स्क्व4272 में सवार 02 संदेही व्यक्तियों को घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेहियों से पूँछताछ किये जाने पर उन्होने अपने नाम पता पुलिस टीम को बताया । पुलिस टीम द्वारा संदेहियों के कब्जे से विक्रय करने के उद्देश्य से मोटर साइकिल में रखे 15 कार्टूनो को चेक किया गया जो कार्टून में कुल 135 लीटर देशी प्लेन की अवैध शराब होना पाया गया । पुलिस टीम द्वारा उक्त शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त स्पलेंडर मोटरसाइकिल स्क्क35स्क्व4272, कुल कीमती लगभग 1 लाख रुपए की जप्त की जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में अप.क्र. 751/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का कामय किया जाकर विवेचना में लिया गया । मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर उक्त दोनों आरोपियों द्वारा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर संगठित रूप से अवैध शराब खरीदने-बेचने के बारे में जानकारी दी गई है । पुलिस टीम आरोपियों के बताये अनुसार अवैध शराब की विक्री में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है । मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश विवेचना जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी**-पुलिस टीम द्वारा मामले में आरोपी हाकिम अली पिता शमशाद अली, निवासी बीडी कालोनी, पन्ना को गिरफ्तार किया गया है एवं 01 विधिविरुद्ध बालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है ।

# राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम : क्रीड़ा से करियर तक युवा प्रेरणा



**जागरण, पन्ना ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस,छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में विगत दिवस को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत विषय क्रीड़ा से करियर तकः राष्ट्रीय खेल दिवस पर युवा प्रेरणा विषय पर कार्यशाला का आयोजन संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावादिनी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं मेजर ध्यानचंद की चित्र पर माल्यार्पण से किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी, मुख्य अतिथि पर्वतारोही एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एम्बेसडर सुश्री गौरी अरजरिया, एवं इस कार्यक्रम के संयोजक, स्पोर्ट्स ऑफिसर एवं मुख्य वक्ता डॉ. धर्मेंद्र यादव, तथा स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना योजना के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल सहित विशिष्ट प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम प्राचार्य उद्बोधन में डॉ. एस.डी.चतुर्वेदी जी ने कहा खेल केवल शरीर को ही नहीं बल्कि चरित्र को एवं विचारों को भी स्वस्थ रखते है। खेल जीवन में अनुशासन, धैर्य और संघर्ष का पाठ पढ़ाते हैं। अतः सभी को किसी न किसी रूप से खेलों से जुड़ा रहना चाहिए। मुख्य अतिथि गौरी अरजरिया ( पर्वतारोहण) ने अपनी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा ङ्ककि किलिमंजारो की चोटी पर साड़ी पहनकर फहराया गया तिरंगा केवल मेरा गौरव नहीं बल्कि हर भारतीय नारी की शक्ति का प्रतीक है। खेल हमें आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. धर्मेंद्र यादव क्रीड़ा अधिकारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा ङ्क खेल के मैदान से करियर की दिशा भी तय की जा सकती है। आज आवश्यकता है कि युवा अपने अंदर की खेल प्रतिभा को पहचानें और उसे साधन बनाकर जीवन को नई दिशा प्रदान करे। संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को स्मरण कराते हुए कहा ङ्क मांसपेशियों में ताकत और मन में आत्मविश्वास ही युवाओं को सच्चा नेतृत्व प्रदान करता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय, प्रांतीय, जिला एवं महाविद्यालयीन स्तर पर क्रीड़ा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त50से अधिक खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सिद्धू सिंह, डॉ. राम मोहन तिवारी, डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ. धरमू कुशवाहा, डॉ. नंद कुमार पटेल, डॉ. शुभम पाठक, डॉ. पियूषा शर्मा, डॉ. प्रदीप रावत, डॉ. पूनम तिवारी, डॉ. सूरज पटेल, डॉ. पुष्पराज चौरसिया तथा शोधार्थी शालिनी दहायत सहित 160से अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रही। इस दौरान प्राचार्य महोदय एवं मुख्य अतिथि कु.गौरी अरजरिया ने महाविद्यालय में चल रहे 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कोर्स का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर अरजरिया जी ने भावुक होकर कहा ङ्क मेरे जीवन की शुरुआत ब्यूटी पार्लर सीखने से ही हुई थी और वही आज मुझे पर्वतारोहण जैसी ऊँचाइयों तक ले आई। हर प्रशिक्षण जीवन की दिशा बदल सकता है। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. बी. एन. जायसवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. धर्मेंद्र यादव द्वारा किया गया।

# रासलीला में बुराई पर अच्छाई की विजय का सशक्त संदेश दिया

## पन्ना के श्रीजुगल किशोर मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय रासलीला समारोह का तीसरा दिन



**जागरण, पन्ना ।** संस्कृति संचालनालय भोपाल एवं जिला प्रशासन पन्ना के सहयोग से 27 से 31 अगस्त, 2025 तक राधाष्टमी के अवसर पर श्रीजुगल किशोर मंदिर प्रांगण, पन्ना में पांच दिवसीय रासलीला समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में प्रतिदिवस रासलीला, भक्ति गायन और स्थानीय लोक एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति का संयोजन किया गया है। समारोह के तीसरे दिन पूर्वरंग अंतर्गत रचना लोधी एवं साथी, छतरपुर द्वारा भक्ति गायन में कृष्ण भजन गणेश वंदना सुमर गणेश शारदा माई...,धन्य है जा पन्ना की भूमि...,पन्ना के जुगल किशोर...,तोरे नैनन की पेनी है धार कन्हैया...,बस्ती हो राधा दूर अबकी मिलन...,तीन लोक से न्यारी राधा रानी हमारी...,बस गए जुगल किशोर हमारे मन...,जैसे भजन एवं लोक गीत की प्रस्तुति दी।

इस क्रम में रवीन्द्र अहिरवार एवं साथी, छतरपुर द्वारा बरेदी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बुंदेलखंड का यह लोक नृत्य कार्तिक माह में अमावस्या से पूर्णिमा तक किया जाता है। ग्वाला समुदाय अपने पशुओं को सजाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। मुख्यतः ग्वाल समुदाय का नृत्य है बरेदी। छोटे बच्चे कृष्ण का रूप धर कर हाथ में लाठी लेकर घर-घर जाते हैं और बांसुरी की लय, ढोलक की थाप पर विभिन्न हस्त पद संचालन के साथ नृत्य करते हैं और अन्न प्रसादी प्राप्त करते हैं। दीपावली के दूसरे दिन गौमाता व गोवर्धन की पूजन के बाद उल्लास के साथ सामूहिक नृत्य किया जाता है, जो भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित होता है।

अगले क्रम में श्री माधव आचार्य एवं साथी-मथुरा के निर्देशन में रासलीला की प्रस्तुति दी गई, जिसमें कलाकारों ने कालिया वध, मीरा प्रसंग को मंचित किया। कलाकारों के समूह ने शुरुआत की यमुना तट पर बसे कालिया नाग की कथा से, जहां विषैले नाग के आतंक से भयभीत दुर्दशा दिखाई गई। बालकृष्ण के यमुना में उतरते ही मंच पर विशेष प्रकाश और ध्वनि प्रभावों से रोमांचक वातावरण तैयार किया गया। जैसे ही श्रीकृष्ण ने कालिया के फनों पर नृत्य किया, दर्शक जयघोष से गूंज उठे। इस दृश्य ने बुराई पर अच्छाई की विजय का सशक्त संदेश दिया। इसके बाद मंच पर प्रकट हुई कृष्ण प्रेम में लीन भक्ति की प्रतिमूर्ति मीरा बाई। मीरा का पायो जी मैंने राम रतन धन पायो जैसे पदों पर आधारित अभिनय ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। रासलीला के कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी उमराव सिंह मरावी सहित परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश श्रीवास्तव सौरभ द्वारा किया गया।

# कलेक्टर की मनमानी पर श्रीकांत दीक्षित का हमला, जंगल मद का बहाना बनाकर व्यक्तिगत टारगेट किया जा रहा है

**जागरण, पन्ना ।** जिले में भूमि प्रकरण को लेकर श्रीकांत दीक्षित ने कलेक्टर न्यायालय द्वारा जारी नोटिस को सिरे से खारिज करते हुए इसे पक्षपातपूर्ण और मनमानी कार्रवाई बताया है।श्री दीक्षित ने कहा कि खसरा क्रमांक 520 रकवा 228.71 एकड़ जो बहुत बड़ा रकबा है और इसमें सभी जगह 'जंगल मद' दर्ज है। लेकिन नोटिस केवल मुझे दिया गया है। यह स्पष्ट करता है कि प्रशासन मुझे व्यक्तिगत रूप से टारगेट कर रहा है।जबकि उक्त खसरा कई कृषको आवंटित है।उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2006-07 में जब इसी खसरे क्रमांक पर सड़क निकाली गई थी तब तत्कालीन कलेक्टर दीपाली रस्तोगी ने संपूर्ण जांच कराई थी। उस जांच में पट्टा पूरी तरह वैध पाया गया था और प्रविष्टियां भी सही मानी गई थी। तथा जो अवैध पट्टे थे उन्हें खारिज किया गया था। इसके बावजूद अब वही जमीन अचानक शासकीय बताकर कार्रवाई की जा रही है। यह सरासर बदनीयत और राजनीतिक दबाव में की गई कार्यवाही है।उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का आदेश इस पर लागू नही होता। श्रीकांत दीक्षित ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इस प्रकार से चुनिंदा लोगों पर ही कार्रवाई जारी रखी तो यह सीधा-सीधा न्याय की हत्या होगी। शासन को चाहिए कि पूरे खसरा 520 की एक समान जांच कराए, न कि केवल राजनीतिक कारणों से मुझे फंसाने की कोशिश करे।

# आयोजित की गई तृतीय समीक्षा बैठक

**पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पन्ना स्थित पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस थोटा की अध्यक्षता में ष्टष्टञ्जह्रस्- पायलट प्रोजेक्ट की तृतीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पन्ना जिला, सागर जोन से ष्टष्टञ्जह्रस्- पायलट प्रोजेक्ट में चयनित हुआ है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत द्बष्टछ्वस्- के पाँच पिलर्स - न्यायालय, स्वास्थ्य विभाग, जेल प्रशासन, पुलिस और अभियोजन विभाग को एकीकृत किया गया है, जिससे आपराधिक न्याय प्रणाली में पारदर्शिता, त्वरित कार्यवाही और बेहतर समन्वय संभव हो सकेगा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने की समस्त कार्यवाहियों को सी. सी. टी. एन. एस. के माध्यम से ऑनलाइन संपादित किया जाये एवं थानो में आवंटित शासकीय टेबलेट का अधिक से अधिक पुलिस कार्यवाहियों में उपयोग किया जाये । साथ ही पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों से आपसी समन्वय और निरंतर संवाद बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि ष्टष्टञ्जह्रस्- पायलट प्रोजेक्ट से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए । इस महत्वपूर्ण बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान, जिले के समस्त अनु0 विभा0 अधि0 पुलिस एवं समस्त थाना प्रभारी, सी.सी.टी.एन.एस. ऑपरेटर एवं जिला सी सी टी एन एस टीम से सउनि (रेडियो) रामबाबू शर्मा, प्र.आर. मयंक यादव, आर. अरविन्द यादव उपस्थित रहे।

## विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में

# कर्मचारियों के योगदान को हमेशा रखा जाएगा याद : संजीव कुमार साहा



### एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा 8 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई

**जागरण, विंध्यनगर**

एनटीपीसी–विंध्याचल परियोजना मे आज अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात 9 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी सेवानिवृत्त मे. दिनेश कुमार अग्रवाल महा प्रबन्धक संविदा एवं सामग्री हिरदू राम उप प्रबंधक फ्यूल हैंडिलिंग असित कुमार बनजी उप प्रबन्धक परियोजना प्रमुख कार्यालय सत्येंद्र कुमार सिंह अभियंता फ्यूल हैंडिलिंग किशोर कुमार अभियंता/एसएलपीएस प्रचालन लाल बहादुर सिंह अभियंता/एसएलपीएस प्रचालन श्रीमती गंगोत्रीमाला चिंतामन ज्योतिषी कनिष्ठ अधिकारी यूएफएससी एवं राजलाल पनिका प्रचालक चिकित्सा शामिल हैं। एनटीपीसी विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल संजीब कुमार साहा एवं महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ए जे राजकुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल संजीब कुमार साहा ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी–विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी–विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ए जे राजकुमार नें भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचलसंजीब कुमार साहा एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्री फल शाल एवं स्मृति.चिन्ह से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण.पत्र आदि भी प्रदान किया गया। तत्पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारीगण ने भी मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए और एनटीपीसी के साथ बिताए गए समय को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे सदैव इसके आभारी रहेंगे। उन्होंने अपने सहकर्मियों के सहयोग और स्नेह के लिए विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण विभागाध्यक्षगण यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधिगण संबंधित विभागों के कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती पूर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

## गुटनिरपेक्ष आंदोलन को मजबूत बनाने की जरूरत

**रीवा।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे एवं राष्ट्र सेवा दल नेता लोकतंत्र सेनानी बृहस्पति सिंह ने कहा है कि भारत को अपनी विदेश नीति को अमेरिकी दबाव और चीन के लिए झुकाव से मुक्त रखकर एक बार फिर गुटनिरपेक्ष आंदोलन को मजबूत बनाने की जरूरत है। इन नेताओं ने कहा कि निर्णायक मौके पर अमेरिका और चीन ने भारत को नुकसान पहुंचाया है। सन् 1962 में हिंदी चीनी भाई–भाई के नारों के बीच चीन का भारत पर विश्वासघाती हमला दोस्ती के नाम पर कलंक था। इतिहास में भारत का पड़ोसी देश तिब्बत रहा, चीन नहीं। चीन से कूटनीतिक संबंध रखे जा सकते हैं लेकिन उससे दोस्ती करना ऐतिहासिक गलती को दोहराना होगा। बयान में आगे कहा गया कि अमेरिका ने सन 1965 और 1971 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में भारत के खिलाफ मोर्चेबंदी की थी। लेकिन तत्कालीन सरकारों ने अमेरिकी दबाव को न मानते हुए उस चुनौती को स्वीकार कर पाकिस्तान को बुरी तरह हराया था। देखने को मिल रहा है कि पूरी दुनिया में विभिन्न देशों के बीच तनाव का दौर चल रहा है जो विश्व शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा है ऐसी स्थिति में भारत को अपनी ऐतिहासिक भूमिका अदा करनी होगी।

## मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल ने दिलाई खेल प्रतिज्ञा

### एनटीपीसी विंध्याचल ने उत्साह के साथ मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस 25




**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में राष्ट्रीय खेल दिवस 25 का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह दिन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को समर्पित रहा। दिनभर चले इस आयोजन ने परियोजना की फिटनेस टीमवर्क और खेल भावना को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और एनटीपीसी गीत गायन के साथ हुई। तत्पश्चात मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि संजीब कुमार साहा मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल ने खेल प्रतिज्ञा दिलाई तथा रंग.बिरंगे गुब्बारे छोड़कर एथलेटिक्स मीट की औपचारिक शुरुआत की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधन में ए.जे. राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण एम. सुरेश महाप्रबंधक मेंटेनेंस एवं एडीएम सतेंद्र कुमार सिन्हा महाप्रबंधक प्रचालन एवं एफएम दीपु ए. महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री डॉ..बी.के. भराली महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएँ और राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल उपस्थित रहे। इस अवसर पर एस.के. सिन्हा महाप्रबंधक प्रचालन एवं एफएम व अध्यक्ष खेल परिषद ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताएँ जैसे 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ शॉट पुट डिस्कस थ्रो और लंबी कूद आयोजित की गईं। कुल 30 वर्गों में कर्मचारियों उनके परिजनों और बच्चों ने भाग लिया। लगभग 400 प्रतिभागियों की भागीदारी ने विंध्याचल की जीवंत खेल संस्कृति को उजागर किया। विशेष रूप से दिव्यांग कर्मचारियों के लिए शॉट पुट और डिस्कस थ्रो स्पर्धाएँ आयोजित की गईं जिन्हें भरपूर सराहना मिली। समापन पर एचओपी इलेवन और जीएम ;ओ एंड एमद्ध इलेवन के बीच रोमांचक मैत्री फुटबॉल मैच खेला गया। कड़े संघर्ष के बाद पेनाल्टी शूटआउट में जीएम ओ एंड एम इलेवन ने जीत दर्ज की। वरिष्ठ नेतृत्व की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम की ऊर्जा को दोगुना कर दिया और कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की सफलता मानव संसाधन टीएडी विभाग तथा खेल परिषद की टीम के सामूहिक प्रयासों से संभव हो सकी। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने वाला रहा बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और सकारात्मक खेल भावना को भी बढ़ावा देने वाला साबित हुआ।

## पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश सिंह चंदेल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिंगरौली का वार्षिक निरीक्षण

**बैढ़न।** पुलिस उप महानिरीक्षक, रीवा क्षेत्र रीवा राजेश सिंह चंदेल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिंगरौली का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय की समस्त शाखाओं का भ्रमण कर दस्तावेजो का अवलोकन किया गया। इस क्रम में हेल्प डेस्क, स्टेनो शाखा, ओ.एम. शाखा, रीडर शाखा, समंस वारंट शाखा, स्थापना शाखा, अवकाश शाखा, रिकार्ड शाखा, डी.सी.आर.बी. शाखा, शिकायत शाखा, जिला विशेष शाखा का निरीक्षण कर रजिस्टरों के संधारण, रख–रखाव एवं साफ–सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। वार्षिक निरीक्षण के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिंगरौली मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन, नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पी.एस. परस्ते, प्रशिक्षु डी.एस.पी. सुश्री



रोशनी कुर्मी, रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवैध उर्वरक का बिक्री करने वाले विक्रेता के गोदाम से जब्त किया गया 168 बैग उर्वरक

### कलेक्टर के निर्देशन में अवैध उर्वरक विक्रय करने वाले के विरुद्ध हुई कार्यवाही

**जागरण, बैढ़न।** कलेक्टर चंद्र शेखर शुक्ला के द्वारा जिले के किसानों को सुगमता के साथ उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रबंध किया गया है। वही खाद का अवैध भंडारण कर विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु दल गठित कर खाद का अवैध भंडारण कर विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में आज कृषि विभाग के अधिकारी एवं पुलिस दल के द्वारा संयुक्त कारवाही करते हुए हरिप्रसाद शाह ग्राम ठरक




ठेला गजराबहरा के खिलाफयूरिया के 168 बैग अवैध भंडारण करने पर अवैध उर्वरक को जप्त कर संबंधित के विरुद्ध सरई थाने में प्राथिमिकी दर्ज कराई गई है। उक्त कार्यवाही के दौरान सहायक संचालक कृषि लवकुश सिंह थाना प्रभारी सरई जितेंद्र सिंह भदौरिया कृषि विकाश अधिकारी लखन सिंह मरावी उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा 9 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई

**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी–विंध्याचल परियोजना मे आज अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात 9 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों मे. बुधिराम सिंह कुशवाहा वरिष्ठ प्रबन्धक आई टी जगदीश प्रसाद उप प्रबंधक फ्यूल हैंडिलिंग पारस नाथ सहायक प्रबन्धक ईधन प्रबंधन अनिल कुमार कपूर अभियंता/एसएलपीएस प्रचालन दिवाकर सिंह अभियंता/एसएलपीएस प्रचालन सतीश कुमार साहनी अभियंता/एसएलपीएस प्रचालन सुरेश कुमार तिवारी अभियंता/एसएलपीएस प्रचालन अरुण कुमार तिवारी अभियंता/एसएलपीएस मानव संसाधन एवं रामजी शर्मा उप अधिकारीएम जी आर शामिल हैं। एनटीपीसी–विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ए जे राजकुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला से स्वागत किया।

## रेत का अवैध परिवहन करते हुए ट्रैक्टर जब्त

**जागरण सरई।** जिले के सरई तहसील अंतर्गत रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से तहसीलदार सरई चंद्रशेखर मिश्रा द्वारा लगातार अभियान चलाकर कारवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्राप्त शिकायतों के आधार पर ग्राम दुधिया टोला



सरई बरका मार्ग में कार्रवाई की गई जहाँ बिना अनुज्ञा के रेत का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर–ट्रालीमय को मौके पर ही जप्त किया गया। वाहन चालक रघुनाथ सिंह निवासी झुंडिहवा स्थानीय नाले से अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहा था। तहसीलदार सरई द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए वाहन को जप्त कर थाना सरई के सुपुर्द किया गया। प्रकरण तैयार कर कलेक्टर खनिज कार्यालय की ओर प्रेषित किया जा रहा है। बरसात के मौसम में छोटे.छोटे नालों एवं नदियों से अवैध उत्खनन और परिवहन न केवल गैरकानूनी है बल्कि लोगों की जान के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है। तहसीलदार श्री मिश्रा की इस न कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और रेत माफ्यिाओं में भय का वातावरण व्याप्त है।

## सीआईएसएफएनसीएल सिंगरौली ने मैत्री वॉलीबॉल मैच में सीआईएसएफवीएसटीपीपी विंध्यनगर को हराया

**जागरण सिंगरौली।** आज सीआईएसएफ इकाई एनसीएल सिंगरौली ने खेलो इंडिया अभियान के तहत सीआईएसएफ इकाई वीएसटीपीपी विंध्यनगर के साथ एक रोमांचक मैत्री वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया जिसमें खेल भावना और एकता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। एनसीएल सिंगरौली अमलोरी परियोजना के सीआईएसफ यूनिट लाइन में आयोजित यह मैच दोनों इकाइयों के जवानों के बीच सौहार्द और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कराया गया था। मैच बेहद कड़ा और प्रतिस्पर्धी था जिसमें दोनों टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल दिखाया। अंतत सीआईएसएफ इकाई एनसीएल सिंगरौली की टीम ने 2–.1 के स्कोर




से यह मैत्रीपूर्ण मुकाबला जीत लिया। इस जीत ने न केवल उनकी खेल प्रतिभा को साबित किया बल्कि टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का भी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सीआईएसएफ इकाई एनसीएल सिंगरौली के इकाई प्रभारी खिल्लारे एस.पी. कमांडेंट और सीआईएसएफ इकाई वीएसटीपीपी विंध्यनगर के वरिष्ठ कमांडेंट मनीष कुमार सीआईएसफ इकाई एसएसटीपीएस शक्तिनगर के कमांडेंट विवेक आर्या विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने दोनों टीमों का हौसला बढ़ाया और जवानों को खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके साथ उप कमांडेंट सुशांत गायकवाड़ भी मौजूद रहे। इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य जवानों के बीच शारीरिक और मानसिक फिटनेस को बढ़ाना है जो उनके कर्तव्य निर्वहन के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह मैच खेलो इंडिया के उस लक्ष्य को भी रेखांकित करता है जिसमें भारत को एक खेल राष्ट्र के रूप में विकसित करना है। सीआईएसएफ हमेशा अपने जवानों के बीच खेल और फि टनेस को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण एवं सैनिक सम्मेलन का आयोजन

**जागरण, बैढ़न।** आज पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा क्षेत्र रीवा राजेश सिंह चंदेल द्वारा पुलिस लाईन पचौर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। प्रातः 09 बजे पुलिस लाईन पचौर पहुंचने पर उन्हें परेड की सलामी दी गई। इसके उपरांत प्लाटूनों का निरीक्षण एवं मार्चपास्ट का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट टर्न आउट प्रदर्शित करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा वाहनों सहित



विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया गया जिनमें प्रधान लेखक कक्ष शस्त्रागार शाखा स्टोर शाखा एवं वाहन शाखा का बारीकी से अवलोकन किया तथा अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों की ड्यूटीए प्रशिक्षण और अनुशासन की जानकारी ली एवं जवानों को फिटनेस तथा समयबद्ध कार्य निष्पादन पर विशेष बल देने की बात कही। निरीक्षण उपरांत आयोजित सैनिक सम्मेलन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस उप महानिरीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी को अपने शारीरिक स्वास्थ्य एवं फिटनेस पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि उत्तम शारीरिक क्षमता ही पुलिस बल की कार्यकुशलता और अनुशासन की आधारशिला है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जवानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित भी किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को टीम भावना आपसी सहयोग और पेशेवर दक्षता के साथ कर्तव्य निर्वहन करने का संदेश दिया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सतत संवाद और आपसी विश्वास बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पी.एस. परस्ते एस.डी.ओ.पी. सिंगरौली गौरव पाण्डेय एस.डी.ओ.पी. देवसर श्रीमती गायत्री तिवारी एस.डी.ओ.पी. चितरंगी राहुल सैयाम रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान सूबेदार आशीष तिवारी सहित सभी थाना एवं चौकी प्रभारी तथा जिले के पुलिस अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 24 घंटे में उधम सिंह मार्ग ठीक कराया जाए नहीं तो सोमवार को कलेक्टर का घेराव : सुरेन्द्र

**बैढ़न।** देवरी पंचायत के जिनहर रजबाँध तरफजाने वाली रास्ता उधम सिंह मार्ग बरसात अधिक होने के कारण सड़क बहुत लंबी चौड़ी कट गई है और आने जाने वालों को बहुत दिक्कत हो रही है जो बच्चे परसौना स्कूल में पढ़ने आते हैं एक सप्ताह से स्कूल नहीं आ पा रहे हैं छोटे.छोटे बच्चे अगर आएंगे तो पानी से बहने का भी डर भी बना रहता है अगर सड़क 24 घंटे के अंदर नहीं सुधारा जाता है तो गौ बोधिवृक्ष संविधान बचाओ मोहल्ला समिति के तत्वाधान में कांग्रेस नेत्री रीता वर्मा के नेतृत्व में सुरेंद्र कुमार साकेत जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्षता में जिला कलेक्टर का घेराव कर वहां आमरण अनशन पर बैठेंगे।

### नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है। कि मैं इंद्रसेन बैस पिता संतलाल बैस उम्र 32 वर्ष वार्ड नं. 07 चतरी, चतरी मोबाईल टावर के पास चुरकी सिंगरौली जिला.सिंगरौली का निवासी हूँ। मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा वास्तविक नाम Indrasen Bais है, एवं मेरे पिता का वास्तविक नाम Setlal Bais है जो कि मेरे आधार कार्ड क्र.947194678044 से भी प्रमाणित है। मेरे ड्राईविंग लाईसेंस क्र.एमपी 66 20120108960 में मेरा गलत नाम Indrasen Vaishya एवं मेरे पिता का Sen Lal Vaishya अंकित हो गया है। जबकि मेरा बास्तविक नाम Indrasen Bais है एवं मेरे पिता का वास्तविक नाम Setlal Bais है। मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे ड्राईविंग लाईसेंस क्र.एमपी 66 20120108960 में जहाँ मेरा गलत नाम Indrasen Vaishya एवं मेरे पिता का नाम Sen Lal Vaishya अंकित हो वहाँ–वहाँ उसे मेरे वास्तविक नाम Indrasen Bais है एवं मेरे पिता का वास्तविक नाम Setlal Bais पढा व माना जाये। जिस बाबत मैंने शपथ पत्र निष्पादित कराया है।




### न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली जिला-सिंगरौली म.प्र.

**प्रकरण क्रमांक**/0012/अ.-6 (अ)/2025-26
जारी दिनांक 28/08/2025
**पेशी दिनांक. 10/09/2025**

श्रीमती मिथलेश शुक्ला पत्नी स्व. सन्तोष कुमार शुक्ला निवासी बी–360 न्यू मिनाल रेजीडेन्सी जे.के. रोड गोविन्दपुरा भोपाल म.प्र....................आवेदिका

**बनाम**

मध्यप्रदेश शासन...............अनावेदक

**सार्वजनिक सूचना/ उपस्थिति बावत् नोटिस**

आवेदिका श्रीमती मिथलेश शुक्ला पत्नी स्व. सन्तोष कुमार शुक्ला निवासी बी–360 न्यू मिनाल रेजीडेन्सी जे.के. रोड गोविन्दपुरा भोपाल म.प्र.द्वारा ग्राम बिलौंजी तेलियान तहसील व जिला.सिंगरौली म.प्र की आराजी नंबर 750/1/1/1 रकवा 0.0430 हे. में से आवेदिका के नाम 0.0360 हे. सुधार किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें दिनांक 10/09/2025 को तारीख पेशी नियत है। अत: नोटिस के जरिये सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदित्त आराजी के वर्तमान भूमिस्वामी रामखेलावन पिता इन्द्रदेव तिवारी मृत्तक हो चुके है जिससे उनके विधिक वारिस एवं अन्य किसी व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत पेशी दिनांक 10/09/2025 को ठीक 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा बाद की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी**
**उपखण्ड अधिकारी**
**सिंगरौली**
**जिला.सिंगरौली म.प्र**

# यूएस ओपन: 38 साल के नोवाक जोकोविच चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

## 69वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई, रोजर फेडरर की बराबरी की

जेएनएन, न्यूयॉर्क



नोवाक जोकोविच मैच की शुरुआत में पीठ की समस्या से उबरते हुए शुक्रवार रात कैमरून नोरी को हराकर 1991 में जिमी कोनर्स के बाद यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच ने 38 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। कोनर्स जब 1991 में इस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचे थे, तब उनकी उम्र भी 38 साल थी। सातवीं वरीयता प्राप्त जोकोविच ने 6-4, 6-7 (4), 6-2, 6-3 से जीत हासिल की, जिसमें उन्होंने 18 ऐस लगाए, जो उनके अनुसार टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन फ्लशिंग मीडोज में मैच के शुरू में चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी, लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया और 69वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर की बराबरी कर ली। अब उनका मुकाबला जर्मन क्वालिफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा।

### ग्रैंड स्लैम में अल्काराज की 80वीं जीत

कार्लोस अल्काराज ने आर्थर ऐश स्टेडियम में दाहिने घुटने में चोट लगने के बावजूद सीधे सेटों में जीत दर्ज करके चौथे दौर में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन में 2022 में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज टूर्नामेंट में पहली बार चोटिल हुए। उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया और एक ट्रेनर से अपने पैर की मालिश करवाई। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि इसका असर अपने खेल पर नहीं पड़ने दिया और 32वें नंबर के लुसियानो डार्डेरी को 6-2, 6-4, 6-0 से हरा दिया। चौथे दौर में उनका मुकाबला आर्थर रिंडरक्नेच से होगा। अल्काराज ने तीसरे दौर में जीत दर्ज करके अपने करियर ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड को 80-13 कर दिया है। केवल बोरिस बेकर, ब्योर्न बोर्ग और राफेल नडाल ही उनसे एक या दो महीने छोटे थे, जब उन्होंने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपनी 80वीं जीत हासिल की थी। दुनिया में 82वीं रैंकिंग के रिंडरकनेच बेंजामिन बोंजी को 4-6, 6-3, 6-3, 6-2 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचे। पुरुष वर्ग में नंबर छह बेन शेल्टन और नंबर 17 फ्रांसेस टियाफो दोनों को हार का सामना करना पड़ा।


### रायबकिना से हाकर राडुकानू का सफर समाप्त



महिला वर्ग में 2021 की चैंपियन एम्मा राडुकानू का सफर एलेना रयबाकिना से 6-1, 6-2 से हार के साथ समाप्त हुआ। गत चैंपियन एरिना सबालेंका और 2024 की उपविजेता जेसिका पेगुला भी अगले दौर में जगह बनाने में सफल रही, जबकि बारबोरा क्रेजिकोवा ने 10वीं रैंकिंग की एम्मा नवारो को तीन सेटों में हराया। कजाखिस्तान की 2022 की विंबलडन चैंपियन रायबकिना ने 62 मिनट तक चले मुकाबले में ब्रिटेन की खिलाड़ी को 6-1, 6-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिल रायबकिना इसके साथ ही पहली बार अमेरिकी ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। राडुकानू 2021 में चैंपियन बनने के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंची थी।

# सात्विक और चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में, पदक पक्का

## वर्ल्ड चैंपियनशिप में मलेशिया जोड़ी को हराया



**पेरिस, जेएनएन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया। भारतीय जोड़ी पिछले साल पेरिस ओलंपिक में मलेशिया की इस जोड़ी से हार गई थी, लेकिन शुक्रवार देर रात खेले गए मैच में वह इसका बदला लेने में सफल रही। सात्विक और चिराग की विश्व की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 43 मिनट में 21-12, 21-19 से शानदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सात्विक और चिराग ने 2022 में इस टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता था और इस तरह से उनका विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक होगा। इससे 2011 में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा के कांस्य पदक जीतने के बाद से भारत का प्रत्येक विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतना भी सुनिश्चित हो गया।

## हॉकी एशिया कप: भारत का मुकाबला आज जापान से

राजगीर (बिहार), जेएनएन। भारत पहले मैच के अपेक्षाकृत लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़कर रविवार को पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खतरनाक दिख रही जापान के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा। यह मैच दोपहर 3 बजे से होगा। विश्व में सातवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने शुक्रवार को पूल-ए के अपने पहले मैच में विश्व में 23वें नंबर की टीम चीन पर 4-3 से करीबी जीत हासिल की, लेकिन उसका यह प्रदर्शन प्रभावशाली नहीं था। भारत इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और एशिया कप जीतने का प्रबल दावेदार है। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के बीच सीधे क्वालिफाई करेगी।

# मध्य क्षेत्र की 678 रन की बढ़त से सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की

**बेंगलुरु, जेएनएन।** मध्य क्षेत्र ने पहली पारी में 347 रन की बड़ी बढ़त के साथ दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली थी, लेकिन शनिवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ उसकी बढ़त 678 रन तक पहुंच गई, जिससे मैच में महज औपचारिकता रह गई है। पूर्वोत्तर क्षेत्र की पहली पारी को 185 रन पर समेटने के बाद मध्य क्षेत्र ने अपनी दूसरी पारी में स्टंप्स तक सात विकेट पर 331 रन पर घोषित कर दी। शुभम शर्मा (122 रन) की धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी और कप्तान रजत पाटीदार (66) तथा यश राठौड़ (78) के तेज अर्धशतकों ने मुकाबले को महज औपचारिकता बना दिया है। दिन के शुरुआती सत्र में पूर्वोत्तर क्षेत्र ने पहली पारी में सात विकेट पर 168 रन से आगे खेलना शुरू किया। दीपक चाहर और खलील अहमद ने समय गंवाए बिना टीम के पुछल्ले बल्लेबाजों को चलता कर पारी को 185 रन पर समेट दिया। मध्य क्षेत्र ने पहली पारी चार विकेट पर 532 रन पर घोषित की थी। मध्य क्षेत्र ने दूसरी पारी में 28 रन तक दोनों सलामी बल्लेबाजों और 50 रन से पहले तीन विकेट गंवा दिए थे, लेकिन घरेलू क्रिकेट के दिग्गज और मध्य प्रदेश के कप्तान शुभम ने धैर्य और एकाग्रता से बल्लेबाजी करते हुए एक छोर संभाले रखा। उन्होंने चौथे विकेट के लिए पाटीदार के साथ 122 और यश राठौड़ के साथ पांचवें विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी कर टीम की बढ़त को 650 रन के करीब पहुंचा दिया। मैच के आखिरी दिन मध्य क्षेत्र बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगा, जबकि सभी की नजरें वामहस्त स्पिनर कुलदीप यादव पर होगी।

**दलीप ट्रॉफी : शुभम का शतक, रजत-यश के अर्धशतक से बड़ी बढ़त**

## अंकित और धुल के शतक, उत्तर क्षेत्र अंतिम चार के करीब

पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ कप्तान अंकित कुमार और उभरते हुए बल्लेबाज यश धुल के शानदार शतकों ने उत्तर क्षेत्र को अंतिम चार की दहलीज पर पहुंचा दिया। उत्तर क्षेत्र ने 183 रन की बढ़त के बावजूद फिर से बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अंकित (नाबाद 168 रन) और धुल (133 रन) ने शानदार बल्लेबाजी की, जिससे उनकी टीम ने क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 388 रन बनाकर कुल 563 रन की बढ़त बना ली। अंकित और धुल ने दूसरे विकेट के लिए 290 गेंद पर 240 रन जोड़े। शुभम खजूरिया (21) के जल्दी आउट होने के बाद पूर्वी क्षेत्र के गेंदबाज उत्तरी क्षेत्र की इस जोड़ी पर कोई प्रभाव डालने के लिए संघर्ष करते रहे। वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बीच-बीच में बल्लेबाजों को परेशान किया। लेकिन पूर्वी क्षेत्र के गेंदबाज दिन में बस इतना ही कर सके।

# शुभमन और रोहित का सीओई में बुमराह यशस्वी, सुंदर के साथ होगा फिटनेस टेस्ट

## एशिया कप के लिए चार सितंबर को दुबई पहुंचेंगे भारतीय खिलाड़ी

जेएनएन, बेंगलुरु



भारतीय टेस्ट कप्तान और टी-20 उप कप्तान शुभमन गिल आगामी एशिया कप के लिए दुबई जाने से पहले फिटनेस आकलन और तैयारियों के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) पहुंच गए हैं। एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों को नौ सितंबर को मेजबान यूएई के खिलाफ टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच से पहले चार सितंबर को दुबई में एकत्रित होना है। सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी फिटनेस आकलन के लिए सीओई पहुंच गए हैं। फिटनेस की जांच रविवार से शुरू हो सकती है और सभी की निगाह वनडे टीम के कप्तान रोहित पर टिकी रहेगी, जो टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। यह 38 साल का खिलाड़ी अक्टूबर में होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर सकता है, लेकिन यह देखना बाकी है कि वह कानपुर में ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ 30 सितंबर, तीन अक्टूबर और पांच अक्टूबर को होने वाले वनडे मैचों में खेलते हैं या नहीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के मैच 19, 23 और 25 अक्टूबर को खेले जाएंगे। फ्लू के कारण गिल पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ चल रहे दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाए जहां उन्हें उत्तर क्षेत्र की कप्तानी करनी थी। गिल बेंगलुरु आने से पहले चंडीगढ़ स्थित अपने घर पर बीमारी से उबर रहे थे। यह संभव है कि गिल बेंगलुरु से दुबई के लिए उड़ान भरें, क्योंकि इस बार खिलाड़ी अपने-अपने स्थानों से सीधे दुबई पहुंचेंगे, जबकि पहले टीम यात्रा करने से पहले मुंबई में एकत्र होती थी। गिल के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी टूर्नामेंट से पूर्व तैयारियों के लिए सीओई पहुंच चुके हैं। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, वाशिंगटन सुंदर, यशस्वी जायसवाल और शार्दुल ठाकुर भी सीओई पहुंचने वाले हैं। शार्दुल ठाकुर दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं, जबकि एशिया कप के लिए स्टैंडबाय में रखे गए जायसवाल और सुंदर भी इस घरेलू टूर्नामेंट में खेलेंगे। एशिया कप के लिए भारतीय टीम में चुने गए कुछ अन्य खिलाड़ी जैसे अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा (उत्तरी क्षेत्र) और कुलदीप यादव (मध्य क्षेत्र) पहले से ही दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल खेल रहे हैं।

### एशिया कप: गर्मी के कारण अब आठ बजे से शुरू होंगे मैच

**दुबई, जेएनएन।** अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शनिवार को घोषणा की कि संयुक्त अरब अमीरात में भीषण गर्मी के कारण आगामी एशिया कप के 19 में से 18 मैचों का शुरू होने का समय मूल कार्यक्रम से आधे घंटे पीछे कर दिया गया है। संशोधित समय के अनुसार अब मैच स्थानीय समयानुसार शाम 6.30 बजे (भारतीय समयानुसार रात 8 बजे) शुरू होंगे। इस बार टी-20 प्रारूप में आयोजित होने वाला यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक दुबई और अबू धाबी में खेला जाएगा। ईसीबी ने कहा कि एशिया कप 2025 के 19 मैचों में से 18 के शुरू होने का समय अपडेट कर दिया गया है। ये मैच अब स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे शुरू होंगे।

## खेल एक नजर

### आईपीएल 2026 से पहले राहुल द्रविड़ ने छोड़ा राजस्थान का साथ



**नई दिल्ली, जेएनएन।** आईपीएल 2026 से पहले राहुल द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स का साथ छोड़ दिया है। फ्रेंचाइजी ने अपने बयान में टीम के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फ्रेंचाइजी ने उन्हें एक बड़ी भूमिका की पेशकश की थी, जिसे द्रविड़ ने स्वीकार नहीं किया। राजस्थान ने कहा, द्रविड़ का राजस्थान रॉयल्स के साथ एक लंबा और गहरा रिश्ता रहा है। उन्होंने टीम को कई सालों तक मार्गदर्शन दिया। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों की एक पूरी पीढ़ी को तैयार किया गया। उन्होंने टीम में मजबूत मूल्यों को स्थापित किया और फ्रेंचाइजी की संस्कृति पर एक अमिट छाप छोड़ी। फ्रेंचाइजी की संरचनात्मक समीक्षा के हिस्से के रूप में राहुल को फ्रेंचाइजी में एक व्यापक पद की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं करने का फैसला किया। आईपीएल 2025 का सीजन राहुल द्रविड़ के लिए व्यक्तिगत रूप से भी काफी चुनौतीपूर्ण रहा था। उन्हें पैर में चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें काफी समय तक व्हीलचेयर पर रहना पड़ा, हालांकि वह टीम को कोचिंग देते रहे। इस सीजन द्रविड़ की कोचिंग में राजस्थान 14 में से सिर्फ चार ही मैच जीत पाई और नौवें स्थान पर रही।

### क्रिकेट लीग मैच

### सलमान निजार ने 13 गेंद के अंदर 11 छक्के जड़े

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** प्रथम श्रेणी के क्रिकेट में अपनी कलात्मक बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले केरल के बल्लेबाज सलमान निजार ने केरल क्रिकेट लीग टी-20 मैच में शनिवार को 13 गेंद के अंदर 11 छक्के जड़ दिए। बाएं हाथ के इस 28 साल के बल्लेबाज ने 26 गेंद में 12 छक्के की मदद से नाबाद 86 रन बनाए, जिससे उनकी टीम कालीकट ग्लोबस्टार्स ने अदानी तिरुवनंतपुरम रॉयल्स को 13 रन से हराया। ग्लोबस्टार्स ने 19वें ओवर में 31 और 20वें ओवर में 40 रन बटोर कर छह विकेट पर 186 रन बनाने के बाद रॉयल्स को 19.3 ओवर में 173 रन पर आउट कर दिया। ग्लोबस्टार्स की टीम 18 ओवर के बाद छह विकेट पर महज 115 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। निजार इस समय 13 गेंद में एक छक्के की मदद से 17 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने पारी के 19वें ओवर में बासिल थंपी के खिलाफ लगातार पांच छक्के जड़ 31 रन बटोरने के बाद आखिरी ओवर में अभीजीत प्रवीण का स्वागत छक्के से किया। प्रवीण ने इसके बाद वाइड और नो बॉल डाली जिस पर निजार ने दो रन चुराये। निजार ने इसके बाद आखिरी के पांच गेंदों पर छक्का जड़ ओवर से 40 रन बटोरे।

# सेंट गेब्रियल बालिका और सेंट मोंटफोर्ट की बालक टीम बनी बास्केटबॉल चैंपियन




**भोपाल, खेप्र।** सेंट गेब्रियल स्कूल जबलपुर की बालिका टीम और सेंट मोंटफोर्ट दिल्ली की बालक टीम ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर सेंट मोंटफोर्ट स्कूल में आयोजित अंतर मोंटफोर्टियन बास्केटबॉल टूर्नामेंट (बालक और बालिका) का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम और खिलाड़ियों को पुरस्कार मप्र रेफरी बोर्ड के अध्यक्ष संजय श्रीवास, टूर्नामेंट पर्यवेक्षक मुख्तियार सिंह, ए सुरेश, ब्रदर एलेक्स (सेंट मोंटफोर्ट प्रोविंशियल), विद्यालय प्राचार्य ब्रदर मोनाचन केके ने प्रदान किए। टूर्नामेंट में बेस्ट रिबॉन्डिस ऑफ टूर्नामेंट सिद्धार्थ सिंह व तविशा दहिया, बेस्ट डिफेंडर रितिक दहिया और माधवी कुशवाहा, बेस्ट स्कोरर अक्षत सिंह ठाकुर और अंशिका यादव, बेस्ट प्लेयर चौतन्या रतूरी और नारापुरम भव्या को चुना गया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खेल प्रतिभाएं सम्मानित




**भोपाल।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय समूह द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के प्रयास के तहत स्पोर्ट्स अचीवर्स अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें 88 खिलाड़ियों और 11 कोचों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर खेल मंत्री विश्वास सारंग, अर्जुन अवार्डी और पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद, अर्जुन अवार्डी और पूर्व क्रिकेटर मदन लाल शर्मा और जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति और आईसेक्ट समूह के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी उपस्थित रहे। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में अंकित पाल, अदिति महेश्वरी, करमनप्रीत कौर, हिमांशी टोकस, श्रद्धा चोपडे, पवित्र भटेले, श्रुति उनियाल, लक्ष्मी, वंशिका तिवारी, मानसी, श्रेष्ठ सिसोदिया, मोहिका सिसोदिया, आकांक्षा सोलंकी, मलिका मोर, अजय यादव, विद्यांशी मिश्रा, नन्हें राजा बुंदेला, डाली बिश्नोई, प्रियांशी प्रजापत, श्रेया गुप्ता, एकता डे, अमन सिंह, अरविंद सिंह गुर्जर, वेदांश टेहरिया, अक्षय यादव हरिओम ठाकुर, बंटी सेंधव, राघव सरन, प्रयास, धीरज वर्मा, प्रणव कोरी, पंकज गरगामा, पायल मांडवलिया, सपना माली, संजना, अनुसुइया, राजनंदनी, सोनू मांडवलिया, उत्कर्ष पांडे, आदित्य गेहलोत, विश्नेश सुगंधी, यश ममोडिया, अनुज गोस्वामी, कल्याणी विश्वकर्मा, प्रिंस राठौर और रोहित शामिल रहे। कोचेस में आकांक्षा परमार, अमित विग, इंद्रजीत सिंकदर, रोशनलाल, महा सिंह, दलवीर, भरत बढ़ेवाल, भूपेंद्र सिंह, पलाश समाधिया और रूद्र प्रताप को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।



# सरदारपुर ने मिनी ब्राजील विचारपुर को रोमांचक मुकाबले में हराया

## राष्ट्रीय खेल दिवस: दूसरे दिन हुए फुटबॉल मैच, विभिन्न स्पर्धाएं और सेमिनार

**भोपाल, खेप्र।** राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर इस साल आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव के दूसरे दिन शहर में विभिन्न स्पर्धाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। शहर के टीटी नगर स्टेडियम में 'मिनी ब्राजील' के नाम से प्रसिद्ध शहडोल के विचारपुर ग्राम और धार के सरदारपुर ग्राम की महिला फुटबॉल टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले को सरदारपुर की टीम ने 1-0 से अपने नाम किया। यह एकमात्र गोल टीम की कप्तान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी च्योति चौहान ने दागा, जो निर्णायक साबित हुआ। मुकाबले की शुरुआत से ही सरदारपुर की टीम ने दबदबा बनाए रखा। पहले हाफ में ही चौहान ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद विचारपुर की टीम ने पूरे दमखम से खेला, लेकिन बराबरी का गोल करने में सफल नहीं हो सकी। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विचारपुर की गोलकीपर उमा केवट और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ज्योति को 21,000 की सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पहले खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत की। इस अवसर पर पूर्व क्रिकेटर और मोटिवेशनल स्पीकर मदनलाल शर्मा, हाइपरफॉर्मेंस स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट डॉ. संजना किरन, खेल संचालक राकेश गुप्ता, उप संचालक बीएस यादव, पूर्व कमिश्नर राजीव शर्मा उपस्थित रहे।

### टाइम मैनेजमेंट और एटिट्यूड से तय होगा करियर : पूर्व क्रिकेटर मदनलाल

भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर और 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य मदन लाल शर्मा ने शहर के नर्मदा क्लब में खेलों पर आयोजित सेमिनार में कहा कि सफलता के लिए समय प्रबंधन और सकारात्मक दृष्टिकोण सबसे अहम है। समय बर्बाद न करें। उन्होंने 'खेलो इंडिया' अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहल खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने और नए अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण है। नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) के डोप कंट्रोल ऑफिसर शशिकांत भारद्वाज ने कहा कि यदि किसी खिलाड़ी को बड़ा बनना है, तो उसे डोप टेस्ट से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि हमेशा तैयार रहना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को डोप एजुकेशन, टेस्टिंग प्रक्रिया, उल्लंघन और चिकित्सीय उपयोग छूट की जानकारी दी। हाइपरफॉर्मेंस स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट डॉ. संजना किरन ने कहा कि खिलाड़ी यह सोचें कि वे क्या बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अवसर और सुविधाओं का आभार व्यक्त करें और उनका पूरा लाभ उठाएं। स्पोर्ट्स इंजरी विशेषज्ञ डॉ. मनोज नागर ने खेल गतिविधियों के दौरान होने वाली चोटों, उनके उपचार और बचाव के उपायों पर जानकारी दी। उन्होंने वार्मअप, स्ट्रेचिंग और उचित आहार के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि चोट लगने पर उसे

**खेल महोत्सव समापन आज**

खेल महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को राजा भोज प्रतिमा वीआईपी रोड से लेक व्यू स्थित वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी तक 5 किलोमीटर लंबी साइकल रैली निकाली जाएगी। यहां रैली के समापन पर वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का प्रदर्शन भी किया जायेगा।




मप्र क्याकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन के तत्वाधान में ड्रैगन बोट रेस का आयोजन किया गया। शहर की छोटी झील पर आयोजित इस ड्रैगन बोट रेस में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्डी बलवीर सिंह कुशवाहा, पार्षद जीत सिंह राजपूत, एमपीकेसीए के अध्यक्ष पीएस बुंदेला और कोच मयंक सिंह ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### खेलों के प्रति किया जागरुक



आयकर विभाग भोपाल में राष्ट्रीय खेल दिवस के दूसरे दिन स्पोर्ट्स टॉक का आयोजन किया गया। टॉक में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, फिटनेस ट्रेनर और कोचेस ने खेल के प्रति अपने-अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में प्रधान आयकर आयुक्त भोपाल-1 अनुज अरोड़ा एवं आयुक्त रामकुमार यादव उपस्थित रहे। स्पोर्ट्स टॉक में वर्ल्ड 6 रेड स्नूकर चैंपियन कमल चावला, एथलीट सिद्धार्थ यादव, क्रिकेटर यश दुबे, टेबल टेनिस प्लेयर पारमी नागदेव, जिला टेबल टेनिस संघ के सेक्रेटरी साबिर अली और केंद्रीय विद्यालय के स्पोर्ट्स टीचर संजय दीक्षित ने खेलों के प्रति आयकर के स्टाफ को जागरूक किया।

## जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 4 सितंबर को

**सतना।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक 4 सितंबर को सायं 5 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर सतना विकास सिंह ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को अपने विभाग से संबंधित जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## विमुक्ति दिवस का आयोजन आज

**सतना।** संचालनालय विमुक्त, घुमक्कड एवं अर्द्धघुमक्कड जनजाति विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 31 अगस्त 2025 को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में विमुक्ति दिवस के रूप मनाये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने बताया कि विमुक्ति दिवस का आयोजन 31 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सतना जिले में शासकीय पीएम श्री स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा रोड सतना एवं मैहर जिले में शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय मैहर (नजदीकी कलेक्ट्रेट परिसर) में आयोजित किया गया है।

# मध्यान्ह भोजन में बच्चों की थाली से गायब मिली दाल

### जिला पंचायत सीईओ ने माधवगढ़ पहुंचकर किया निरीक्षण , रसोइया को हटाने दिये निर्देश




जागरण सतना

मध्यान भोजन योजना के अंतर्गत सरकारी स्कूलो में पढने वाले बच्चो को घटिया स्तर का खाना उपलब्ध कराया जाता है इतना ही नही बच्चो को भोजन उपलब्ध कराने शासन ने साप्ताहिक मीनू जारी किया है। मगर उसका पालन नही होता। यह मामला उस समय प्रमाणित हो गया जब जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने माधवगढ पहुचकर मध्यान भोजन का औचक निरीक्षण किया। बताया जाता है कि विद्यालय में महज 25 बच्चे उपस्थित मिले।

### दिया गया था चावल व कुम्हड़े की सब्जी

स्कूल में पढने वाले बच्चो को दोपहर में दिये जाने वाले मध्यान भोजन को देखकर जिला पंचायत सीईओ हैरान रह गई। उन्होने बताया कि बच्चो को चावल और कुम्हडे की सब्जी दी गई थी और दाल गायब थी। जानकार बताते है कि यह भोजन निर्मला सेंट्रलाइज किचन द्वारा भेजा जाता है। इस बडी लापरवाही को देखते हुये जिला पंचायत सीईओ ने बच्चो को दाल से वंचित करने वाली रसोईयॉ राजकुमारी चौधरी की सेवा समाप्त करने जनपद सीईओ को निर्देशित किया है। बताया जाता है कि बच्चो को भोजन देने के पहले सेम्पल रखना चाहिए मगर वहां सेम्पल रखा नही पाया गया जिला पंचायत सीईओ ने सेम्पल रखने के निर्देश भी दिये है।

### कृपालपुर आंगनवाडी का किया निरीक्षण

मध्यान भोजन का औचक निरीक्षण करने के पश्चात जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस कृपालपुर में संचालित आंगनवाडी केन्द्र देखने पहुच गई। यहां पर बहुत ज्यादा गंदगी देखने को मिली गर्भवती महिला जो खिचडी घर ले जाती है वह फर्स पर पडी हुई थी जिसे महिलाओ को नही देने के निर्देश दिये गये। पोषणआहार ट्रैकिंग सिस्टम बीएसएनएल सिम से आ रही समस्या को देखते हुये डीपीओ राजीव सिंह को शासन स्तर पर जानकारी भेजने के निर्देश दिये।

## खेल दिवस का समापन कार्यक्रम आज

**जागरण सतना।** हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में 29 से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर 31 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे सांसद सतना गणेश सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर सतना में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस के कार्यक्रम में खेल संगठनों एवं खिलाडियों से संवाद, खेल प्रतिभाओं का सम्मान, सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ की घोषणा के अलावा फुटबाल के प्रदर्शन मैच का भी आयोजन होगा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मैहर में हुई खो-खो की प्रतियोगिता

**जागरण सतना।** मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर 29 से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। मैहर जिले में शनिवार को अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने मैहर के उस्ताद अलाउद्दीन खा स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिता की शुरुआत मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इस दौरान मैहर के मिनी लैंड एकेडमी, मा शारदा पब्लिक स्कूल, सेंट्रल एकेडमी, कन्या हाई सेकेंड्री स्कूल, मा शारदा विद्या, सीएम राइज, पीएम राइज नादन, संथानम स्कूल की टीम शामिल हुई। खेल प्रतिस्पर्धा में खो-खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता प्रथम बालक/बालिका सेंड माइकल एकेडमी, द्वितीय बालक/बालिका मिनी लैंड एकेडमी रही। वही तृतीय में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बालिकाएं रही।

# 47 वर्षीय महिला पूर्णतः स्वस्थ, भोपाल में हुआ ऑपरेशन, कैंसर से थी पीड़ित



**जागरण सतना।** जिले के कोटर नगर परिषद वार्ड नं 8 की निवासी सुनीता त्रिपाठी कई वर्षो से कैंसर जैसे रोग से पीड़ित थी प्राइवेट हास्पिटल में इलाज भी कराई जहां डाक्टरो ने कई तरह से लाखो रूपये भी ले लिए किन्तु रोग से निजात नही दिला पाये यहां तक की दबाइयों एवं जांच में भारी भरकम पैसे भी लिए इसके बावजूद सुनीता जिदंगी और मौत से जूझ रही थी किन्तु जब भोपाल के हमीदिया हास्पिटल के डॉ विनीता योगी (एम.डी.) गांधी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में दिखाया गया जिन्होने कुछ साइकोलाजी पूरा करते हुए गाइनी विभाग को भेजा गया जहां दोबारा जांच करते हुए सर्जरी की गई, संस्था की डीन डॉ कविता एन सिंह , डॉ प्रेक्षा गुप्ता और डॉ मालविका जैन की टीम ने एडवांस तकनीकी पद्धति से सर्जरी की अब सुनीता पूरी तरह से स्वस्थ है। यहां बता दे विगत दो माहो से सुनीता पेट के दर्द से परेशान थी प्रदेश में अब सर्वाइकल कैशर और ओवेरियन कैंसर की जटिल सर्जरी हमीदिया अस्पताल में होन शुरू हो गई है। अब तक कुल 22 जटिल सर्जरी डॉ कविता एन सिंह की टीम ने की है।

### हर सोमवार को गायनिक विभाग में कैंसर क्लिनिक

डॉ कविता सिंह हर सोमवार को गायनिक विभाग में क्लीनिक खोलकर रखी है ताकि इस तरह की कठिन बीमारी से मरीज निजात पा सके जहां तक डॉ कविता सिंह की बात है, तो उनकी टीम के साथ इस विभाग में पदस्थ डॉ पूरी सेवा भावना के साथ मरीजो का इलाज करते है, जिसका नतीजा यह सामने आया कि लगन और मेहनत के चलते ओवेरियन कैंसर की सर्जरी करने में उनकी टीम पूरी तरह से सफल रही है, यहां तक की जीएमसी भोपाल के गायनेकोलाजी विभाग के डाक्टरो को लाइव सर्जरी के के माध्यम से प्रशिक्षण देना शुरू किया गया है, इस प्रशिक्षण ने असिस्टिंग डाक्टरों को नई तकनीको से परिचित कराया बल्कि कैंसर सर्जरी के प्रति उनकी विशेषज्ञता भी बढाई। जो मरीज इस भयंकर बीमारी से पीडित है वो हमीदियॉ के गायनिकी विभाग के ब्लाक 2 में प्रत्येक सोमवार को कैंसर क्लीनिक लगती है। इस मर्ज से पीढित महिलाए प्रत्येक सोमवार को दिखा सकती है।

# पूर्व सचिव ने आहरित कर ली थी राशि, अभी भी निर्माण अधूरा

### सामाजिक अंकेक्षण समन्वयक के निरीक्षण में सामने आया मामला



**जागरण सतना।** जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण जिला पंचायत सतना द्वारा आज जनपद पंचायत अमरपाटन की ग्राम पंचायत केमार , कोतर में चल रही सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत कार्यों का सत्यापन , निरीक्षण किया गया ।ग्राम पंचायत केमार में 2 पी सी सी नाली निर्माण कार्य देखा गया जिसमें खुली व गंदगी से भरी नालिया पाई गई ,जब ग्राम रोजगार सहायक से इस संबंध में पूछा गया तो उसने बताया कि यह ढकी हुई नाली बनना था किंतु अभी नहीं बन पाई है ।जिसे संपरीक्षा दल सहित ने कहा कि इसे शीघ्र कार्य कराया जाय ।जहां ढकी नाली बनी थी वह भी पूर्णतः टूटी पाई गई है ।तथा आंगनवाड़ी कार्य,सामुदायिक शौचालय का कार्य देखा गया जिसमें भारी गंदगी व लंबे समय से अपूर्ण कार्य है ।ग्राम रोजगा सहायक ,सरपंच द्वारा बताया गया कि पूर्व सचिव रामानंद सिंह द्वारा आंगनवाड़ी की राशि 2 लाख 43 हजार एवं सामुदायिक भवन 2 लाख 53 हजार रुपए निकल कर अपने पास रखने से वर्क अपूर्ण है ।सरपंचएग्राम रोजगार सहायक द्वारा बताया गया कि तत्कालीन सचिव रामानंद सिंह का ट्रांसफर होने पर भी पंचायत को राशि वापस नहीं की गई है जिससे कार्य कराने में कठिनाई आ रही है ।कार्य सत्यापन के दौरान अें नागेश्वरी चौरसिया, विनोद ,सरपंच,ग्रामरोजगार सहायक सत्यनारायण, मेट उपस्थिति रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सायकिल रैली का आयोजन आज

**सतना।** मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर 29 से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव ने बताया कि 31 अगस्त को प्रातः 8 बजे सायकिल रैली दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स जवाहर नगर सतना से पुलिस परेड ग्राउण्ड सतना तक आयोजित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त प्राचार्य, शा.उ.मा.वि., हाईस्कूल, नगर निगम क्षेत्र सतना को निर्देशित किया है कि आपके विद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें सायकल लेकर 31 अगस्त को प्रातः 8 बजे दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स जवाहर नगर सतना में उपस्थित होकर सायकिल रैली में सहभागिता करें।

## 45 ऑटो किये गये चेक, 6 में नहीं मिले दस्तावेज



**जागरण सतना।** परिवहन विभाग सतना द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो के आदेशानुसार ऑटो, ई रिक्शा में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर सतना शहर में 45 ऑटो चेक किये गये। जिसमे 06 ऑटो में परमिट, फिटनेस, बीमा, व अन्य कमिया पाई जाने पर यातायात थाने में सुरक्षार्थ खड़े कराये गये। यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इस कार्यवाही में राजऋषि तिवारी, मनोज गौतम,रामसुख, आशुतोष सिंह, चेतराम परिवहन विभाग से शामिल रहे।

# सोलर पार्क के लिए जमीन के चिन्हांकन की प्रक्रिया प्रारंभ : प्रतिमा बागरी

### जन-जन तक पहुंच रही जन कल्याणकारी योजनायें-गणेश सिंह

### राज्यमंत्री और सांसद ने किया सिंहपुर में सामुदायिक पार्क का लोकार्पण



**जागरण सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि सिंहपुर सहित पूरी रैगांव विधानसभा को विकसित बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 26 जुलाई को सिंहपुर प्रवास के दौरान सिंहपुर क्षेत्र में सोलर पार्क की स्थापना सहित क्षेत्र के विकास की अनेक सौगात दी है। सोलर पार्क के लिए आवश्यक भूमि का चिन्हांकन प्रारंभ कर दिया गया है। राज्यमंत्री शनिवार को सिंहपुर में फूलमती माता मंदिर के पास 15 लाख रूपये लागत से निर्मित सामुदायिक पार्क के लोकार्पण तथा सिंहपुर बस स्टैण्ड में पेवर ब्लाक और चबूतरा निर्माण के भूमिपूजन अवसर पर संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद गणेश सिंह ने की। इस अवसर पर जनपद सदस्य राजमणि कुशवाहा, सरपंच रामशिरोमणि कोरी, एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा, सीईओ अशोक मिश्रा, सहायक यंत्री श्री गुप्ता, विष्णु पाण्डेय, बारातीलाल सोनी, संजय त्रिवेदी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। राज्यमंत्री ने कहा कि सम्पूर्ण विधानसभा में सिंहपुर अपना विशेष स्थान रखता है। सिंहपुर में शहर के वार्डो की तरह ग्राम पंचायत ने सामुदायिक पार्क का निर्माण किया है। इसके संरक्षण और पार्क की खूबसूरती को कायम रखना हर ग्रामवासी की जिम्मेदारी है। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि सिंहपुर की बाजार की सडक का चौडीकरण और निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरू होगा। रामलीला मैदान में ओपेन जिम के संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं। इसे भी पक्के पार्क का स्वरूप दिया जायेगा। राज्यमंत्री ने कहा कि बस स्टैण्ड में पेवर ब्लाक और चबूतरा निर्माण से बस स्टैण्ड परिसर को खूबसूरती मिलेगी। राज्यमंत्री ने कहा कि सिंहपुर के महाविद्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का सुव्यवस्थित रूप से संचालन किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि सिंहपुर आसपास के क्षेत्र का प्रमुख स्थान है। यहां जनहित की आवश्यकता को देखते हुए ग्राम पंचायत ने नमो पार्क बनाया है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है।

# नगर निगम ने कई जगहों पर कार्यवाही कर जब्त की अमानक पॉलीथिन

### 4250 रूपये वसूला जुर्माना



**जागरण सतना।** नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद प्रताप सिंह के निर्देश पर स्वच्छता टीम एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की टीम द्वारा कई जगहो पर कार्यवाही कर अमानक पॉलीथीन जप्त की गई है। टीम ने काफी हाउस के पीछे सेमरिया चौक, रीवा रोड, साहनी आटो पार्ट्स एवं कबाडी की दुकान पर कार्यवाही कर जुर्माना ठोका है। जिसमे 5 किलो अमानक पॉलीथिन जप्त की गयी और 5 स्थानों पर स्पॉट फाइन करते हुए कुल 4250 रुपए का जुर्माना किया गया। सभी व्यपारियों को सख्त हिदायतदी गई कि कचरा यहाँ वहां नहीं फेकते हुए सिर्फ कचरा गाड़ी मे डालें और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें। उक्त कार्यवाही मे वार्ड दरोगा हरभजन सिंह , भरत प्रीतम , महेंद्र सिंह,उप स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राम नरेश सिंह एवं समस्त स्वास्थ्य टीम के साथ सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से निखिल जाधव, विशाल और विनय उपस्थित रहे।

### इन पर ठोका जुर्माना

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि मामा समोसा राजस्वामी पानीपूरी , विजय केसरवानी , राहुल केसरवानी, सुखेन्द्र केसरवानी, बब्लू यादव, राजू समोसा, ममनून अख्तर, रामगुप्ता, पर 250-250 रूपये व रिलाइंस मार्ट पर 2 हजार रूपये स्पाट फाइन लगाते हुये 4250 रूपये वसूल किये गये है।

























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com